ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 06 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-291 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अभिनेत्री नुसरत भरूचा की फिल्म 'अकेली' का ... पेज 10 पर



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड
आदिवासी
महोत्सव
2023

- आदिवासी इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठियां
- पैनल चर्चा
- परिधान फैशन शो
- आदिवासी व्यंजन
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- कला, शिल्प एवं प्रदर्शनी
- राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर
- आदिवासी फिल्म महोत्सव
- ड्रोन तथा लेजर शो का भव्य आयोजन

समृद्ध
आदिवासी
जीवन दर्शन
की झलकियां

9 एवं 10 अगस्त 2023

बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 304129 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

NEWS इन ब्रीफ

## मजदूर नेता ने किया उपायुक्त का अभिनंदन

**मेदिनीनगर।** मजदूर नेता सह रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह ने दिनांक 5 अगस्त शनिवार को पलामू के नव पदस्थापित उपायुक्त शशि रंजन से मुलाकात कर पलामू जिले के सर्वांगीण चहुमुखी विकास, एवं शोषित मजदूरों के कानून अधिकार दिलाने,शोषण मुक्ति की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ पुष्पगुच्छ एवं भारतीय संविधान की पुस्तक प्रदान कर अभिनंदन किया इस मौके पर नागेंद्र गुप्ता मोहम्मद यासीन उर्फ गोल्डन, मदन सिंह सहित अन्य साथी गण शामिल थे।

## भाजयुमो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर की हेमंत सरकार की आलोचना

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा विधानसभा के मानसून सत्र में पारित हुए युवा विरोधी,राज्य विरोधी,झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) विधेयक 2023 के समीक्षा करने को लेकर राज्य भर में सदन से लेकर सड़क तक आक्रोश व्याप्त है। जैसा कि हम सबको मालूम है कि राज्य सरकार के द्वारा अपनी त्रुटियों, धांधलियों, विफलताओं और सत्ता पोषित भ्रष्टाचार के खिलाफ उठने वाले आवाज को दबाने के लिए उपयुक्त विधयक को पारित कराया गया है। मौके पर रोहित शर्मा, राहुल पांडेय, ओम प्रकाश समेत कई मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता अलाउद्दीन का निधन

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता अलाउद्दीन का शनिवार को देहांत हो गया। वह 1968 से कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बने हुए थे और उसके बाद से ही हमेशा गरीब गुरबा शोषित दलित पीड़ित के आवाज को बुलंद करते हुए गांव गांव तक जाते थे । उनका निधन की खबर सुनते ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह अखिल भारतीय नौजवान सभा के उपाध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी, रामगढ़ के अंचल सचिव राम जन्म राम, शेरखान, जमालुद्दीन अंसारी निरंजन कुमार सहित कई लोग उनको पार्टी का झंडा देने के बाद मिट्टी पलद किए।

# डीसी से की पलामू को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कराने की मांग

### जलस्त्रोतों का निर्माण व जीर्णोद्धार कराया जाये :आशीष

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** पलामू ज़िले में व्याप्त भीषण पेयजल संकट और सूखाड़ को लेकर युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने ज़िले के नये उपायुक्त शशि रंजन से मिलकर उन्हे मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में पलामू ज़िले के खास कर मदिनीनगर क्षेत्र में व्याप्त पेय जल संकट से निपटने के लिए सेकेंड फेज पाईपलाइन योजना चालू कराने, नियमित पानी सप्लाई देने, ज़िले के सभी जल श्रोतो का जीर्णोधर करने तथा नये जलश्रोतो



का निर्माण करने, भूमिगत संरक्षण हेतु बड़े पैमाने पर पौधारोपणकराने, रेसीडेंशियल और कमर्शियल बिल्डिंगों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को जरूरी करने, कंक्रीट के जगह पेवर ब्लॉक की सड़को का निर्माण कराने, रोड नालियों व मकानों में पनसोखा और सोखता का निर्माण अनिवार्य करने, कोयल नदी में बांध, बाराज और बियर बनाने के साथ ही साथ पलामू को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने जैसे मांग शामिल हैं।

# सड़क पर पानी बहाने को लेकर मारपीट में छह व्यक्ति घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धनगांव में सड़क पर पानी बनाने को लेकर हुए विवाद में छह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में शहाबुद्दीन अंसारी, जलालुद्दीन अंसारी, सैलून बीवी, अबरार अंसारी, सकीना खातून, सोनू निगम का नाम शामिल है सभी घायलों का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह शहाबुद्दीन अंसारी और उसके भाई



जलालुद्दीन अंसारी के बीच सड़क पर पानी बहाने को लेकर गाली गलौज होने लगी। गाली गलौज होते-होते दोनों लोगों के परिवारों के बीच लाठी डंडे से मारपीट होने लगी। जिसमें दोनों ओर से परिवार के छह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी लेस्लीगंज थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही लेस्लीगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले के बारे में स्थानीय लोगों से पूछताछ की। इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया । जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## जहरीला जंतु के काटने से महिला की स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम हिसरा बरवाडीह निवासी रवीश कुमार पासवान की पत्नी रानी देवी को शनिवार की दोपहर जहरीला जंतु ने दाहिने पैर में काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।जहरीला जंतु के काटने के बाद से महिला रानी देवी बेहोश हो गई। घंटों बाद जब उसे होश नहीं आया तो परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी रानी देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसे होश नहीं आ रही है। उसके होश नहीं आने पर अस्पताल के चिकित्सक अपने अस्तर से उसका इलाज कर रहा है।वही परिजनों ने बताया कि रानी देवी अपने घर के आंगन में बैठी हुई थी इसी बीच लोटनी नामक जंतु उसके पैर में काट लिया इसके वजह से वह गंभीर हो गई। उसके होश में नहीं आने की वजह से परिजन काफी चिंतित है।

### जिले में तेजी से पांव पसार रहा आई फ्लू


# अस्पताल अधीक्षक ने की साफ-सफाई की अपील

**हर दिन 10 से 15 छात्र-छात्राएं इसकी चपेट में आ रहे हैं**

**प्रतिदिन औसतन 40 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं अस्पताल**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के आई विभाग में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में आई फ्लू के मरीज पहुंच रहे हैं। शनिवार को भी आई फ्लू के करीब 25 से 30 मरीज आई विभाग में डॉक्टर से अपने आंख का इलाज कराने पहुंचे थे। लोगों का कहना है कि घर में यदि एक भी व्यक्ति को आई फ्लू हो रहा है तो उसके चपेट में पूरा परिवार आ



जा रहे है। बताते चलें कि पलामू जिले में आई फ्लू इंफेक्शन तेजी से अपना पांव पसार रहा है। जिसमें हर दिन 10 से 15 छात्र-छात्राएं इसकी चपेट में आ रहे हैं। यहां तक की बड़े- बुजुर्ग भी आई फ्लू की चपेट में आ रहे हैं। अस्पतालों में प्रतिदिन औसतन 40 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। आई फ्लू के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। एमएमसीएच सहित जिले के सभी अनुमंडलीय अस्पतालों में आंखों के डॉक्टरों की संख्या में बढ़ोतरी की गयी है। इस बाबत एमएमसीएच अधीक्षक डीके सिंह ने कहा कि बरसाती मौसम में लोग वायरल फीवर से पीड़ित हो रहे हैं। जिससे आंखों पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि अगर किसी भी मरीज में आई फ्लू के लक्षण दिखे तो वह तुरंत किसी सरकारी अस्पताल या एमएमसीएस अस्पताल आकर इलाज करवाएं। झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार सभी अस्पतालों में इसकी दवा उपलब्ध है। आई सर्जन के नेतृत्व में टीम बनाकर इलाज करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर आई फ्लू का असर दो से तीन दिनों तक रहता है। इलाज के बाद यह ठीक हो जाता है।

# खरीफ मौसम में खेती के लिए कृषक पाठशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मनातू।** आज मनातू प्रखंड ग्राम पंचायत नौडीहा ग्राम कमार्टीला में खरीफ मौसम मे किसानों के बीच वैकल्पिक खेती के लिए किसान के अंतर्गत ग्राम इस पाठशाला के संचालक लालदेव सिंह के खेत में श्री विधि से पंक्ति वध तरीके से धान लगवाया गया एवं बीज उपचार, पौधे से पौधे एवं लाइन से लाइन की बीच की दूरी, आइएनएम/ आइपीएत की विधिवत जानकारी प्रयोग कर के दी गई। पाठशाला में उपस्थित सभी किसानों को ब्लॉक चैन टेक्नोलॉजी से निबंधित करवाने पीएम किसान लाभुको को, लैंड सीडिंग,आधार सीडिंग केसीसी आवेदन भरने तथा मोटे अनाज, ज्वार, बाजरा, मडुवा एवं अन्य फसलों को लगाने की बात कही गई, साथ ही सूखे की स्थिति में पीएम केएसवाई योजना ड्रिप स्प्रिंकलर से कम पानी में भी वैकल्पिक खेती करने की जानकारी दी गई। इस पाठशाला में मुख्य रूप से पांकी प्रखंड के कुमार प्रदीप तिवारी,प्रकाश रंजन सिंह, छह शिवनारायण उरांव, वेटनरी डॉक्टर योगेंद्र कुमार,गांव के महिला एवं पुरुष किसान भाई लोग उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि के भाई का ब्रेन हेमरेज से निधन

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर के विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय के चचेरे भाई संजीव पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय (35) का निधन शुक्रवार को ब्रेन हेमरेज से हो गया। स्व.संजीव पांडेय पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज दिल्ली में चल रहा था। घटना के बाद से परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है।उनका पार्थिव शरीर रविवार को बिश्रामपुर पहुंचेगा। इधर इनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।शोक व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# पलामू डीसी ने किया हुसैनाबाद कार्यालयों का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को हुसैनाबाद अनुमंडल के अनुमंडल, प्रखंड व अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान पदस्थापना के बाद पहली बार हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय पहुंचे,पलामू उपायुक्त ने क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली। हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने अनुमंडल क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं से अवगत कराया। डीसी ने मतदाता पुनरीक्षण के चल रहे कार्यो की जानकारी ली। इसके बाद अंचल व प्रखंड कार्यालय पहुंचकर डीसी ने बीडीओ व सीओ को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं मतदाता पुनरीक्षण सही ढंग से निष्पादित करते हुए सर्वेक्षण का भी निर्देश दिया। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आम अवाम के सामान्य कार्यो में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके उपरांत उपायुक्त ने सिचाई कॉलोनी परिसर स्थित बूथ संख्या 114 पर बीएलओ के साथ समीक्षा की। इससे जुड़े कई दिशा निर्देश दिये। इसके बाद डीसी ने हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड एक के पुरन्दर विगहा में जाकर डोर टू डोर मतदाताओं से मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बातचीत की।

### डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, कहा

# जिले में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था प्रदान करना प्राथमिकता

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी प्रखंडों में आवासन सुनिश्चित करें**

**चिकित्सकों को छुट्टी पर जाने के पहले अवकाश कराना होगा स्वीकृत**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शनिवार को एनआईसी के सभागार में एमएमसीएच के प्रिंसिपल, सिविल सर्जन समेत स्वास्थ्य विभाग से जुड़े चिकित्सकों संग बैठक कर जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ व्यवस्था प्रदान करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। यह तभी संभव है जब हम सब टीम वर्क की तरह काम करें। उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी प्रखंड हेडक्वार्टर में ही आवासन करना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी चिकित्सक उपायुक्त से अवकाश स्वीकृत होने के पश्चात ही छुट्टी पर जा सकेंगे। इसके अलावे उपायुक्त ने आयुष्मान कवरेज को बढ़ाने की बात कही। उन्होंने आयुष्मान भारत के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर को विशेष कार्ययोजना बनाकर इसे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने सभी अस्पतालों में विशेष साफ-सफाई रखने पर बल दिया। कहा कि अस्पतालों में इलेक्ट्रिकल कनेक्शन मैनेजमेंट को सुदृढ़ किया जाये। जिससे आगलगी जैसी घटना होने की संभावना शून्य रहे। उन्होंने कहा कि भविष्य में छोटे-छोटे हेल्थ कैंप लगाकर लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने सभी योग्य दिव्यांगजनों का दिव्यांगता कार्ड बनवाए जाने पर बल दिया। इस अवसर पर मेदनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के प्रिंसिपल डॉ. कामेंद्र प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कु सिंह, डिस्ट्रिक्ट ट्यूबरक्लोसिस ऑफिसर डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, लेप्रोसी कंसलटेंट डॉ मृत्युंजय मेहता, डीएस डॉ विजय सिंह, डॉ. आरके रंजन, डीपीएम दीपक कुमार समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मनरेगा बीपीओ के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**हुसैनाबाद ।** प्रखंड कार्यालय में शनिवार को मनरेगा कर्मियों ने नावा बाजार प्रखंड के मनरेगा बीपीओ आशीष कुमार के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की । मौके पर हुसैनाबाद मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा ने कहा कि मृतक बीपीओ आशीष कुमार सदैव अपने कार्यों के प्रति गंभीर रहते थे।उनका आकस्मिक निधन मनरेगा कर्मियों के लिए अपूरणीय क्षति है।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम,सहायक अभियंता अमित कुमार,मनरेगा जेई नीरज गुप्ता,शिवनाथ राम,मणिकांत कुमार,अभिषेक पासवान,रोजगार सेवक उमेश कुमार,बिजय राम,अजय कुमार,लेखा सहायक संजीव कुमार समेत कई प्रखंड व मनरेगा कर्मियों का नाम शामिल है।

## राहुल गांधी की सजा पर रोक से कांग्रेसियों में खुशी

**मेदिनीनगर।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के सजा पर रोक लगा दिया है। कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हुए कांग्रेसियों ने खुशी का इजहार किया।कांग्रेसियों ने शहर के छह मुहान के पास पटाखे फोड़े और मिठाई बांटा।कांग्रेसियों ने कहा कि मोदी सरनेम के मामले में गुजरात की अदालत ने दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी।सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि के मामले में निचली अदालत के द्वारा दो साल की सजा के लिए ठोस कारण नहीं बताए जाने पर यह निर्णय लिया है।कांग्रेसियों ने कहा सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से भाजपा का साजिश नाकाम हो गया।मौके पर ईश्वरी सिंह,नसीम खान नफीस खान,मिथलेश सिंह,गणेश रवि,इंदु भगत,जितेंद्र कमलापुरी, राजेश चौरसिया, हर्ष साहनी,रिजवान खान,देवांग शुक्ला,मुकेश सिंह, मणिकांत सिंह, शहंशाह कुरैशी ,रविंद्र कुमार, अभय पांडेय, मुन्ना खान ,सत्येंद्र सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## सऊदी अरब गये युवक की हार्ट अटैक से मौत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में प्रवासी मजदूरों की लगातार हो रही मौत से उनके परिजन सदमें में है। चार माह में पांच प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई हैं। प्रखंड के देवरी कला पंचायत के देवरी कला में परिवार की दयनीय स्थिति सुधारने सात समुंदर पार सऊदी गए युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई हैं। शुक्रवार कि शाम युवक का शव जब घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। मामला देवरी ओपी क्षेत्र के हार्वे नगर कालोनी का है। जानकारी के अनुसार स्वर्गीय मोहम्मद अनवर का 26 वर्षीय पुत्र शमशेर जाफर सऊदी अरब के जुबैल शहर में एक कम्पनी में काम करता था, बीते 21 जुलाई की रात अपने रूम पार्टनरों के साथ खाना खाकर सोने चला गया। देर सुबह तक नहीं उठने पर उसके रूम पार्टनरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सुचना मिलते ही सऊदी पुलिस ने उसे तत्काल एक अस्पताल में लेकर पहुंची, वहां के चिकित्सकों ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। वहां के चिकित्सक ने हार्ट अटैक होने से मौत का कारण बताया। इसकी मौत की सूचना मृतक के भाईयों को दी गई तो उनके पैर तले जमीन खिसक गया। शव आने तक बेटे की मौत की खबर उसकी मां को नहीं दी गईं। मृतक के दोस्त मुंजिर अहमद जो दिल्ली आज तक न्यूज चैनल में काम करते है। उनकी पहल पर मृतक का शव 12 दिनों के अंदर पूरी कागजी प्रक्रिया के बाद बीते चार अगस्त को की सुबह करीब 6 बजे सऊदी अरब से लखनऊ एयर पोर्ट पहुंचा, लखनऊ से एंबुलेंस द्वारा शमशेर जाफर का शव देर शाम देवरी उसके घर पहुंचा। शव पहुंचते ही आस पास के लोगों को हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं परिजनों व उसकी मां की दहाड़ सुनकर पूरा माहौल गमगीन हो गया। मृतक के शव को शुक्रवार की देर रात देवरी स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द - ए- खाक किया गया। उसके जनाजे में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

# राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने से कांग्रेसियों में हर्ष

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मानहानि केस मे सजा पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाने पर कांग्रेसियों में हर्ष व्याप्त है। शनिवार को कांग्रेसियों ने रेहला महावीर चौक पर पटाखा फोड़कर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह फैसला भाजपा के झूठ व तानाशाही के खिलाफ एक बड़ी जीत है। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि विजय चौबे, जिला उपाध्यक्ष सुधीर चौबे, मंडल अध्यक्ष



इरफान खान, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष इरसाद अंसारी, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अहमद अंसारी, प्रखंड कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौबे, उपाध्यक्ष आलोक चौबे, उपाध्यक्ष मणिभूषण पांडेय, सचिव मंटू चौबे, विवेका चौबे, प्रेमनाथ राम, अशोक चौबे, रंजीत चौबे, जमरूदिन अंसारी, सुधा चौबे, पुनीत शुक्ला सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

# एनपीयू कुलपति ने निभाई मेहरबान अधिकारी की भूमिका

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने एक मेहरबान अधिकारी की भूमिका निभाई है। प्रभारी कुलपति ने अंग्रेजी विभाग के एक शिक्षक डॉ नरेंद्र कुमार सिंह के लिए मसीहा बनकर उभरे। डॉ सिंह इस समय पेट के कैंसर का इलाज कराकर लौटे हैं उनकी प्रोन्नति सीनियर ग्रेड में की गई है। यह प्रोन्नति झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन के अनुशंसा पर की गई है। इस प्रोन्नति का लाभ डॉक्टर सिंह को तब तक नहीं मिल सका है। जब तक यह मामला विश्वविद्यालय के सिंडिकेट के बैठक में ना लाया जाए और इस अनुशंसा की स्वीकृति ना मिले । अब यहां एक दिक्कत सामने आई यह दिक्कत बहुत बड़ी थी । प्रभारी कुलपति डॉक्टर शांडिल्य चाह कर भी विशेष सिंडिकेट की बैठक बुलाने में आ सहज थे। एक प्रभारी कुलपति विशेष सिंडिकेट की बैठक केवल और केवल राजभवन के निर्देश के आलोक में बुला सकते हैं। डॉक्टर शांडिल्य ने प्रेस को बताया कि उन्होंने इस सिलसिले में राजभवन को विशेष सिंडिकेट की बैठक बुलाने की अनुमति मांगी । राजभवन में अपने एक पत्र जो 3 अगस्त का है प्रभारी कुलपति को भेजकर उन्हें सूचित किया कि वह इस मानवीय मामले में सिंडिकेट की बैठक बुला सकते हैं। प्रभारी कुलपति ने प्रेस को यह जानकारी दी कि राजभवन का एक बहुत ही हम मानवीय निर्णय है। जिसके फल स्वरूप प्रभारी कुलपति होते हुए इस सिंडिकेट की बैठक को करने के लिए अनुमति राजभवन से प्राप्त कर चुके हैं। प्रभारी कुलपति ने कहा कि वह इसी अगले मंगलवार को सिंडिकेट की बैठक बुलाएंगे जिसमें डॉक्टर एन के सिंह की जेपीएससी से की गई अनुशंसा को स्वीकृति दिला दी जाएगी।

आयोजन

### तैयारी पूरी, लगभग 400 लोगों का हुआ निबंधन

# मेघा नि:शुल्क दिव्यांगता निवारण शिविर आज

**शिविर में दुर्घटनाग्रस्त व जन्मजात दिव्यांगों को नि:शुल्क दिव्यांगजन शल्य चिकित्सार्थ जांच- चयन व लिम्ब माप होगा : महिला मंडल अध्यक्ष**

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** रेहला ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व,महिला मंडल व नारायण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगजनों के सेवार्थ मेघा दिब्यांगता निवारण शिविर का आयोजन छः अगस्त दिन रविवार को आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल परिसर में किया गया है। इसकी जानकारी ग्रासिम संस्थान प्रमुख अशोक गुप्ता व महिला मंडल की अध्यक्षा मंजू गुप्ता ने संयुक्त रूप से दी। बताया कि शिविर में दुर्घटनाग्रस्त व जन्मजात दिव्यांगों को नि:शुल्क दिव्यांगजन शल्य चिकित्सार्थ जांच- चयन एवं लिम्ब माप होगा। शिविर रविवार को



प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक चलेगा। इस शिविर में राजस्थान उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान के अनुभवी चिकित्सकों व प्रोस्थेटिक टीम द्वारा रोगियों की जांच करने के साथ उनका मेजरमेंट लिया जायेगा। लगभग 45 दिन बाद फॉलोअप शिविर लगेगा, जिसमें इन चयनित दिव्यांगों को अत्याधुनिक आर्टिफिशियल हाथ- पैर भेंट किये जाएंगे। श्रीमती गुप्ता ने दिव्यांगों से शिविर का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि दिव्यांग भाई- बहन अपना आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और दिव्यांगता दशार्ते हुए 2 फोटो अपने साथ आवश्यक रूप से लेकर आएं। शिविर स्थल पर इन रोगियों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था भी हैं। उन्होंने कहा हमारा संस्थान वर्षों से मानवीय सेवा के कल्याणार्थ कई कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में अभी तक कुल 400 से अधिक दिव्यांगों का पंजीकरण हो चुका है। यह शिविर उन सभी दिव्यांग भाइयों- बहनों के लिए लग रहा है,जो बिना अंगों के परेशानी में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान के द्वारा प्रदान किया जा रहे नए कृत्रिम अंगों का उपहार विशेष रूप से दिव्यांगों को अपने पैरों पर खड़े होने और उन्हें फिर से सामान्य रूप से जीवन जीने की आशा व नई ऊर्जा देगा।

## विधायक विकास को दे रहे हैं प्राथमिकता : मनीष

**हरिहरगंज।** एनसीपी के हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने अपने पार्टी कार्यकताओं के साथ शनिवार को हरिहरगंज स्थित अपने आवास पर प्रेसवार्ता कर कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह द्वारा हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड में अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर झारखंड राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (संचरण) के प्रबंधक केके वर्मा व निदेशक अविनाश कुमार से मिलकर बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार करने की मांग किया है। वही विधायक के पहल पर वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही के लिए हरिहरगंज अंतर्गत 136 आंगनवाड़ी केंद्रों का चावल वितरण किया गया। सुल्तानी स्थित नहर में सुचारू रूप से पानी किसानों के खेत तक पहुंचाने, विधायक के पहल पर हरिहरगंज नगर पंचायत के पीएम आवास के 204 लाभुकों के खाते में दूसरे किस्त की राशि की भुगतान तेजी से की जा रही है।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 06 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-291 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अभिनेत्री नुसरत भरूचा की फिल्म 'अकेली' का ...
पेज 10 पर



भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

## झारखंड के 20 स्टेशनों का भी होगा पुनर्विकास










### ₹25 हजार करोड़ की लागत से 508 स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास
### झारखंड के 20 स्टेशन ₹886.7 करोड़ की लागत से बनेंगे आधुनिक

- स्टेशन का शहर के सिटी सेंटर के रूप में होगा विकास, जहाँ होंगे रूफ प्लाज़ा, शॉपिंग ज़ोन, फूड कोर्ट, चिल्ड्रन प्ले एरिया जैसी कई सुविधाएँ
- यात्रियों की सहूलियत के लिए होंगे अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, मल्टी-लेवल पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवलेटर, एग्जीक्यूटिव लाउंज, वेटिंग एरिया, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएँ
- कनेक्टिविटी के मल्टी-मॉडल एकीकरण से पुनर्विकसित स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक प्रगति के केंद्र

**झारखंड के पुनर्विकसित होने वाले रेलवे स्टेशन**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बरकाकाना जं. | डालटनगंज | घाटशिला | कतरासगढ़ | लातेहार | नगर उंटारी | राजखरसवां |
| बोकारो स्टील सिटी | गढ़वा रोड जं. | हटिया | कोडरमा जं. | मनोहरपुर | पारसनाथ | साहिबगंज |
| चन्द्रपुरा जं. | गढ़वा टाउन | हजारीबाग रोड | कुमार धुबी | नेताजी सुभाष चंद्र बोस जं. गोमोह | पिस्का | |

परियोजना का शिलान्यास

## नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) 6 अगस्त, 2023, सुबह 11 बजे



**गरिमामयी उपस्थिति**

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**रावसाहेब पाटिल दानवे**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल, कोयला और खान मंत्रालय

**दर्शना जरदोश**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल एवं वस्त्र मंत्रालय

DD NEWS पर कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखें

## चिनिया व रमकंडा प्रखंड में 6 करोड़ की लागत से दो पुलों का होगा निर्माण

# पर्यटन स्थल के रूप में अब तेज गति से विकसित होगा गुरु सिंधु : ठाकुर

### गुरु सिंधु पर्यटन स्थल की कनेक्टिविटी होगी पूरी, रमकंडा प्रखंड के तेतरडीह पुल से आधा दर्जन गांवों की 20 हजार आबादी होगी लाभान्वित

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में चिनिया व रमकंडा प्रखंड में पांच करोड़, 82 लाख, 200 रुपये की लागत से दो नए पुल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले इस पुल के निर्माण की ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आरंभ किया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के चिनियां प्रखंड अंतर्गत गुरु सिंधु राजबांस मुख्यपथ से गुरु सिंधु जलप्रपात होते हुए चपकली रोड में ढेंगुरा नदी पर तीन करोड़, 13 लाख ,11 हजार, 800 रुपये की लागत से 51.33 मीटर तथा रमकंडा प्रखंड में गोबरदाहा मुख्य पथ से कुशवार, तेतरडीह होते हुए होमिया पथ में तेतरडीह नाला पर दो करोड़, 68 लाख, 88 हजार, 400 रुपए की लागत से 34.22 मीटर लंबा पुल का निर्माण कार्य किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि चिनियां के ढेंगुरा में पुल निर्माण से गुरु सिंधु पर्यटन स्थल तक हो रहे सड़क निर्माण की कनेक्टिविटी पूरी हो जाएगी। गुरु सिंधु को बेहतर पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में पहला कदम पूरा हो गया है। अब उसे और बेहतर बनाने की दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही चिनिया जैसे आदिवासी एवं आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र पूरी तरह से बेहतर सड़क से जुड़ जाएगा। वर्षों से पिछड़ा चिनिया क्षेत्र का और बेहतर विकास होगा। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी एवं गुरु सिंधु पर्यटन स्थल के विकास से क्षेत्र की आर्थिकी में भी सुधार होगा। मंत्री ठाकुर ने कहा कि रमकंडा भी जिले का पिछड़ा, आदिवासी एवं आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र है। तेतरडीह नाला पर पुल के निर्माण से रमकंडा एवं रंका प्रखंड के करीब आधा दर्जन गांवों की लगभग 20 हजार की आबादी लाभान्वित होगी। वर्षो से यह क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। बलीगढ़ पंचायत में नौ करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस पुल के निर्माण नहीं होने से उसकी कनेक्टिविटी पूरी नहीं हो पा रही थी। अब इस पुल एवं सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही उनके जीवन स्तर में भी सुधार होगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा का पिछड़ा से पिछड़ा क्षेत्र भी आज तक जहां विकास की रोशनी नहीं पहुंची थी, अब ऐसे पिछड़े क्षेत्र का भी कोना - कोना विकास की रोशनी से जगमगाएगा।

## गुरु सिंधु जलप्रपात पर जाने के लिए बनेगी पुलिया, राजद नेता ने मंत्री जताया आभार



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डोल के चपकली गांव के जंगलों में स्थित पर्यटन स्थल गुरु सिंधु जलप्रपात पर जाने के लिए बीच में पड़ने वाली ढेंगूरा नदी के ऊपर पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। इसे लेकर शनिवार को राजद नेता सह पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद फरीद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रति आभार जताया है। फरीद ने कहा है कि हम लोग 40 वर्षों से पैदल, साइकल व बैलगाड़ी से जलप्रपात पर जाया करते थे। पूर्व के विधायक मंत्री से हमेशा से मांग रही है कि गुरु सिंधु जलप्रपात पर्यटन स्थल पर पहुंचने के लिए पहुंच पथ व रास्ते में पुलिया का निर्माण हो लेकिन पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने यहां के लोगों की बातों को अनसुना किया। लेकिन हमारे गढ़वा रंका विधानसभा के स्थानीय विधायक सह स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री ने वो कर दिखाया जो यहां के लोगों ने सपना देखा था। इस मौके पर झामुमो प्रखंड युवा सचिव बेलाल अंसारी, पंचायत सचिव नौशाद मंसूरी, झामुमो नेता रमेश यादव, राजेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत लोगों ने परिजनों को दी सांत्वना

### मोटर वाहन अधिनियम के तहत परिजनों को मिले मदद : डॉ कुलदेव



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड के सोहबरिया गांव के उदय चौधरी के 20 वर्षीय इकलौता पुत्र नवल चौधरी शुक्रवार को सड़क दुर्घटना के शिकार हो गया। मौत की सूचना मिलते ही सैकड़ों लोगों की भीड़ हो गई। सड़क जाम करने वाले ही थे कि प्रशासन ने अपनी सूझबूझ से ग्रामीणों को समझाया और आश्वस्त किया कि जो भी नियम के तहत प्रावधान होगा मृतक के परिजनों को जरूर मिलेगा।

मृतक अपने सोहबरिया गांव से कुछ निजी कार्य से गढ़वा जा रहा था। तभी पढुआ मोड़ पर मेराल की तरफ से जा रही विशाल बस ने नवल कुमार चौधरी के मोटरसाइकिल को धक्का मार दी और दुर्घटना स्थल पर मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों से मिलने पहुंचे महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को ध्यानाकृष्ट कराते हुए कहा कि यथासंभव सहयोग करने की जरूरत है और नियम संगत पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिया जाना चाहिये। वहीं जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौधरी ने परिजनों को समझाते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा समाज खड़ा है। आर्थिक स्थिति से कमजोर को देखते हुए यथासंभव सहयोग हमलोग करेंगे। सांत्वना व्यक्त करने में वीआईपी के प्रदेश महासचिव सह गढ़वा विधानसभा प्रभारी बचनदेव चौधरी, वीआईपी के गढ़वा जिलाध्यक्ष सरोज चौधरी, वीआईपी जिला सचिव सुनील कुमार चौधरी, मानदेव चौधरी, राजबली चौधरी, मेघनाथ चौधरी, लालजी चौधरी, कमला देवी, बिगनी देवी, मूर्ति देवी, बिफन चौधरी आदि शामिल थे।

## 10 दिन से लापता पत्नी को लेकर युवक परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र के टोला अनहारी दह निवासी दिनेश कोरवा की पत्नी अमरावती देवी (30) 10 दिन पूर्व प्रत्येक दिन की तरह मजदूरी करने के लिए गढ़वा मुख्यालय में गई थी। शाम को पति दिनेश कोरवा मजदूरी कर घर आया तो वह अपनी पत्नी को नहीं पाया। पत्नी के बारे में पड़ोस के लोगों से जानकारी की। आसपास तलाश की। रिश्तेदारों के घर भी जाकर पता किया लेकिन लापता पत्नी का कहीं भी कोई अता पता नहीं चल पाया, जिसे लेकर युवक काफी परेशान है। पत्नी के नहीं मिलने पर चिनिया थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवायी है। पूछे जाने पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि उक्त आवेदन के आलोक में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लापता हुई अमरावती देवी की खोजबीन पुलिस ने शुरू कर दी है। इधर पति दिनेश कोरवा ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह हमसे बोलकर वह मजदूरी करने के लिए गढ़वा गई लेकिन आज तक वापस नहीं आई। हम अपनी पत्नी के लापता होने से काफी परेशान है घर में दो बच्चे भी है जो मां के लिए काफी रोते बिलखते हैं। हम पुलिस से हमारी लापता हुई पत्नी की खोजबीन में मदद करें।

## मेराल में कमांडर से गिरकर युवक की हुयी मौत



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

बस स्टैंड में पोस्ट ऑफिस के सामने एन एच 75 पर गढ़वा से बंशीधर नगर की ओर जा रहा कमांडर से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक मेराल थाना क्षेत्र के लखेया गांव निवासी ब्रह्मदेव पासवान का पुत्र संजय पासवान उम्र करीब 35 है। मृतक के पिता ब्रह्मदेव पासवान के अनुसार संजय शनिवार को सुबह 9:00 बजे घर से गढ़वा दवा लेने के लिए निकला था। गढ़वा से दवा लेने के बाद वह कमांडर जीप से मेराल लौट रहा था इसी दौरान बस स्टैंड से बमुश्किल 50 मीटर पहले वह चलती गाड़ी से गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी नीतीश कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायल संजय को लेकर तत्काल इलाज के लिए मेराल अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने संजय को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव को अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया है। उधर दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद घर परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक संजय पासवान का एक लड़का तथा दो लड़की है जिनके सामने पिता का साया उठने से गंभीर संकट उत्पन्न हो गया। मेराल पुलिस द्वारा कमांडर जीप को जब्त कर लिया गया है।

### बाइक दुर्घटना में एक महिला घायल

**गढ़वा।** शाहपुरर सड़क में बिरहा नाला के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल महिला गढ़वा थाना क्षेत्र के अचला नवाडीह गांव निवासी शिव चंद्रवंशी की पत्नी कौशल्या देवी बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि गढ़वा से इलाज करा कर अपने घर जा रही थी। बिरहा नाला के समीप बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

## संक्षिप्त

### मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा

**महुआडांड़।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के सहायक निर्वाचन पदाधिकारी व सुपरवाइजर के साथ बैठक कर मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 की समीक्षा की। बैठक में एसडीओ ने बताया कि इस बार 75 प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य है, हमें 75 प्रतिशत वोटिंग के लक्ष्य को पुरा करना है और इसे लेकर जोर शोर से तैयारी में जुड़ जाना है। इसके लिए सभी सुपरवाइजर अपने बीएलओ के माध्यम से डोर टू डोर जाकर प्राथमिकता के साथ कार्य करें। साथ ही सभी घरों के दरवाजे में मतदाता स्टीकर चिपकाने का निर्देश दिया। वहीं मतदाता के नामों में संशोधन एवं जोड़ना व हटाना समेत जो भी कार्य है उसे समय रहते पूर्ण करने को कहा। इसके साथ सभी उपस्थित अधिकारी वह बीएलओ पर्यवेक्षक को 80 प्लस वोटर, डोर टू डोर सर्वे, बीएलओ ऐप, पन्ना सत्यापन समेत मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित अन्य प्रकार की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई, और अन्य दिशा-निर्देश भी दिए गए। मौके पर बीडीओ अमरेन डांग, गारू बीडीओ प्रताप टोप्पो, मनिका बीडीओ आदि मौजूद थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक आयोजित

**महुआडांडा।** महुआडांड़ प्रखंड सभागार में एसडीओ नीत निखिल सुरीन की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक किया गया। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण क्षेत्र में 14 बूथों में दवा खिलाया जायेगा। इसके बाद घर घर जाकर आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहिया बहनों व स्वस्थ्य कर्मी द्वारा दवा खिलाया जायेगा। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं एंव गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों छोड़कर सभी को खिलाया जाना है दवा। एसडीओ ने कहा कि सभी अपने अपने स्तर से मस्जिदों, मंदिरों, गिरजाघर से समस्त जनसमुदाय को सुचना देने की अनुरोध कर फाइलेरिया जैसे बीमारी से मुक्ति दिलाने में सहयोग करने की बात कही। बीडीओ अमरेग डांग, प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज सहित मुखिया प्रतिनिधि व स्वस्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### मोहर्रम के चालीसवें को लेकर लेकर हुयी बैठक

**महुआडांड़।** मुहर्रम के चालीसवें मनाने को लेकर बैठक दीपाटोली में जामा मस्जिद के खजांची शाहिद कमाल के घर में शहजाद आलम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चालीसवें के ताल्लुक से मोहम्मद फहीम खान, नूरल अंसारी, शहीद खान, बशारत अली, इकबाल अहमद, अलाउद्दीन अंसारी, सफी अहमद, वाहिद अंसारी फैज अंसारी, खुर्शीद आलम, आरिफ आलम, तनवीर उर्फ रिंकू, शबीब खान लाडले खान, समेत अन्य लोगों के द्वारा अपना-अपना मशवरा दिया गया। सभी का सलाह मशवरा सुनने के बाद जामा मस्जिद के सदर इमरान अली ने कहा कि अगर चालीसवां मनाने का निर्णय लिया गया है तो पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा इसके लिए आज पहली बार बैठक किया गया है। वहीं अगली बैठक आने वाले शुक्रवार को जामा मस्जिद के मदरसे के प्रांगन में रख गया है।

## सड़क पर बह रहा घरों का गंदा पानी, जिम्मेदार उदासीन





**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा**

प्रखंड के सबसे ब्यस्त चौक और शिक्षा का केंद्र बिंदु कहे जाने वाला अपर बाजार शंकर मोड़ के पास से गुजरने वाली सड़क पर घरों का गंदा पानी बहने से यह सड़क पर तालाब जैसा नजारा बना हुआ है। घरों से निकलने वाला गंदा व दूषित पानी यहां के रहने वाले ग्रामीण स्कूली बच्चे और राहगीरों की परेशानी का सबब बनता जा रहा है। वहीं, आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं भी खासे परेशान हैं। इससे बेखबर स्थनीय प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधि मूकदर्शक बने हुए हैं। बस्ती जाने वाले इस मार्ग में नाले का गंदा पानी सड़क पर बहने से स्थिति नारकीय हो गई है। इससे लोगों का पैदल चलना दूभर हो गया है, लेकिन इस नारकीय स्थिति से निजात दिलाने के लिए आज तक कोई सामने नहीं आया है। इससे बस्ती के लोगों में प्रशासन के प्रति खासा रोष है।

ग्रामीण बबलू पासवान, आदित्य गुप्ता, पप्पू गुप्ता, रामाधार सोनी, नवल किशोर गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, रंजन गुप्ता, उदय चौरसिया करीमन साह, मंटू प्रसाद गुप्ता राम जी साह ने बताया कि यह बस्ती में जाने के लिए एक मात्र रास्ता है। इस रास्ते में गंदगी और कचरे का ढेर लगा है। ऐसा तब है जब प्रखंड कार्यालय स्वच्छता का ढिंढोरा पीट रहा है। इस मार्ग पर पैदल चलना मुश्किल है। कई बार तो लोग गिर जाते हैं। आधे-अधूरे नाली निर्माण होने से गाव का पानी रोड पर भरा रहता है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। साथ ही जलजमाव से ग्रामीणों को संक्रामक बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। यह स्थिति पिछले कई वर्ष से बनी हुई है। लोगों का यह भी कहना था कि नाले का गंदा पानी बरसात के दिनों में बहकर उनके घरों में चला जाता है। बस्ती जाने वाली सड़क पर घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर ही बहता है। गाव में प्रवेश करने के मुख्य रास्ते में गंदगी है। स्थानीय जनप्रतिनिधि की पहल से इस नारकीय स्थिति से निजात दिलाई जा सकती है। पर, इस दिशा में आज तक किसी ने पहल नहीं की। ग्रामीणों ने विधायक, मुखिया, सहित कई जनप्रतिनिधियों के साथ ही शासन-प्रशासन से भी इसकी कई बार शिकायत की है, लेकिन इसका हल नहीं निकल रहा है। इनकी लापरवाही और कार्य की उदासीनता का जीता जागता उदाहरण है यह समस्या।

## आदर गांव के युवक की सांप के काटने से मौत

**बरडीहा।** थाना क्षेत्र के आदर गांव निवासी सीताराम ठाकुर के लगभग 15 वर्षीय लक्ष्मण ठाकुर की सांप के काटने से मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक घर से पूरब दिशा की ओर घूमने निकला हुआ था। उसी दौरान उसे सांप ने काट लिया, जिससे वह बेहोश हो गया। उसे आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। रांची ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शनिवार को परिजनों ने बरडीहा पुलिस को इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी संतोष पांडे व एएसआई सुरेंद्र यादव ने पुलिस जवान सहित कागजी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया।

### जीयर स्वामी बोले | किसी प्राणी की सभी इच्छाएं पूरी नहीं हुई

# ‘इच्छाओं की पूर्ति से ज्यादा दमन जरूरी’



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

मनुष्य चाहता है कि हमारी सभी इच्छाएं पूर्ण हो लेकिन आश्चर्य यही है कि संसार के किसी भी प्राणी की सभी इच्छाएं कभी पूरी नहीं हुई है, क्योंकि इच्छाओं का दमन नहीं हो पाता है। एक इच्छा की पूर्ति होने के बाद स्वतः दूसरी इच्छा खड़ी हो जाती है। और यही दुख का कारण है। इसलिए इच्छाओं की पूर्ति से ज्यादा इच्छाओं का दमन जरूरी है। जब तक इच्छाओं का दमन नहीं होगा तब तक हम परमात्मा की ओर अग्रसर नहीं हो सकते।

उक्त बातें पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में जीयर स्वामी महाराज ने कहीं। उन्होंने कहा कि जितना सांसारिक चीजों में माया मोह बढ़ता जाएगा उतना ही हम परमात्मा से दूर होते चले जाएंगे। अतः जीवन में परमात्म प्राप्ति की इच्छा करने वाले लोगों को पहले अपने इच्छाओं का दमन करना चाहिए और इंद्रियों को बस में रखना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की सभी इच्छाएं पूर्ण नहीं हो सकती। आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है लेकिन इच्छाओं को पूरा कभी नहीं किया जा सकता है। अगर अपने अंदर कुछ विशेषता दिख रही है तो समझिये यह शरणागति में बाधक है ईश्वर प्राप्ति में बाधक है। वेदों का सार उपनिषद है उपनिषदों का सार गीता है और गीता का सार भगवान की शरणागति है। जब तक अपने बल का अभिमान रहता है तब तक शरणागति नहीं हो पाती है। शरणागति बहुत सुगम है पर अभिमानी व्यक्ति के लिए बहुत कठिन है। मैं कुछ कर सकता हूं यह अभिमान जब तक रहेगा तब तक शरणागति होना कठिन है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की शरणागति होने पर मनुष्य सदा के लिए निर्भय हो जाता है। भगवान की शरणागति स्वीकार कर लेने पर भक्तों को किसी प्रकार का भय नहीं रह जाता। ईश्वर का ध्यान लगाने पर बड़ा से बड़ा संकट टल जाता है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ दादा-दादी व नाना-नानी सम्मान समारोह




**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी/नाना- नानी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी प्रमोद केसरी, समिति अध्यक्ष जोखू प्रसाद, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, समिति सदस्या शशि कला एवं दादा प्रतिनिधि विजय कुमार व दिलेश्वर सिंह तथा प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कार्यक्रम के उद्देश्य का वर्णन करते हुए कहा कि बच्चों में दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति सम्मान की भाव जगे, इसलिए इस तरह का सम्मान समारोह हर वर्ष आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी दादा दादी नाना-नानी को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट की गई। मंच संचालन आचार्या प्रियंवदा व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने किया।

इस मौके पर दादा लखन प्रसाद कुशवाहा, देवीदयाल कुशवाहा, कौशलेंद्र झा, कृष्ण कुमार पांडे, नंदलाल पांडे, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, सत्येंद्र प्रजापति पिंटू कुमार सिंह, अविनाश कुमार, नीरज कुमार सिंह, विवेक कुमार, दीपक कुमार, सुजीत कुमार दुबे, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, प्रसून कुमार आचार्य आरती श्रीवास्तव, सुप्रिया कुमारी, रेनू पाठक, नीति कुमारी, तन्वी जोशी मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत दिया प्रशिक्षण

**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जल गुणवत्ता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल सहिया, स्वयं सहायता समूह, वार्ड सदस्य, जुड़े महिलाओं को ट्रेनर नागेंद्र मिश्रा ने प्रशिक्षण दिया।

जल में क्लोराइड, क्षारियता, आयरन, फ्लोराइड, नाइट्रेट, फास्फेट, अमोनिया, क्लोरीन के जांच के बारे में प्रेक्टिकल के माध्यम से बताया गया। साथ ही जल हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है इस पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी जल सहिया एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 06 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-291 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अभिनेत्री नुसरत भरूचा की फिल्म 'अकेली' का ... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### चतरा में 96 किलो अफीम डोडा के साथ एक गिरफ्तार

**चतरा।** बशिष्ठनगर थाना पुलिस ने तस्करी के एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके पास से 96.600 किलो अफीम का डोडा चूर्ण और एक कार भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित संजू पंजाब के मोहाली जिले के मुबारकपुर का रहने वाला है। घटना में संलिप्त स्थानीय आरोपित संजय यादव फरार है। आरोपित संजू हरियाणा नंबर की कार से चतरा से अफीम का डोडा चूर्ण खरीदकर पंजाब में महंगे दामों पर बेचने का धंधा करता है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि सरदम गांव की ओर से एक कार से अंतरराज्यीय तस्कर अफीम या डोडा लेकर जाने के फिराक में है। सूचना पर डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में जोरी प्रतापपुर पक्की सड़क पर वाहन चेकिंग लगाकर उक्त वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें 96.600 किग्रा अफीम का डोडा चूर्ण बरामद किया गया। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया।

### झारखंड की महिला पुलिसकर्मियों ने बढ़ाया देश का मान

**रांची।** झारखंड की महिला पुलिसकर्मियों ने कनाडा के विन्नीपेग शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में भारत का मान बढ़ाया है। पावरलिफ्टिंग में झारखंड पुलिस से सेवानिवृत (ऐच्छिक) बेला घोष और सुजाता भगत ने दो गोल्ड समेत तीन मेडल जीते हैं। बेला घोष ने पावरलिफ्टिंग के बेंच प्रेस और पुश पूल स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता जबकि सुजाता भगत ने पुश पूल इवेंट के सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। सुजाता भगत ने बताया कि लेट वीजा के कारण बेंच प्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पायी। इससे पहले झारखंड पुलिस के सिपाही संतोष कुमार बोबेंगा ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में दो गोल्ड मेडल जीता था।

### रांची आ रही इंडिगो फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौटी

**रांची।** दिल्ली से रांची के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट में शनिवार को तकनीकी खराबी आ गयी। विमान में 180 यात्रियों को लेकर शनिवार सुबह दिल्ली से उड़ान भरने के आधे घंटे बाद पायलट को मालूम हुआ कि कुछ तकनीकी खराबी है। पायलट ने तत्काल वापस लौटने का फैसला किया। आखिरकार विमान दिल्ली पहुंचा और उसकी सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करवायी। इसके बाद यात्रियों को दूसरे विमान से रांची भेजा गया। दूसरी फ्लाइट 12:35 बजे रांची पहुंची।

### स्टेशन सज-धज कर तैयार, अधिकारियों ने लिया जायजा

## डालटनगंज कार्य योजना का पीएम आज करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित पलामू संसदीय क्षेत्र के डालटनगंज, गढ़वा रोड (रेहला), गढ़वा एवं नगर उंटारी स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। इसे लेकर डालटनगंज स्टेशन परिसर को विशेष रूप से सजाया सवारा गया है। इस शिलान्यास कार्यक्रम को देखते हुए धनबाद रेलमण्डल के बड़े अधिकारी डालटनगंज में कैम्प कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने शनिवार को डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान रेलवे के अधिकारी पत्रकारों से भी मुखातिब हुए और शिलान्यास से जुड़ी जानकारी दी। बताया कि रविवार को दिन के 11 बजे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत योजना के तहत चयनित स्टेशनों के पुनर्विकास एवं अत्याधुनिक सुविधाओं के विकास की योजना का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। बताया गया कि इस मौके पर पलामू के सांसद एवं स्थानीय विधायक के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। गौरतलब हो कि देश भर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय प्रतिष्ठानों के रूप में विकसित करने का काम तेजी से किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1309 रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जा रहा है,जिसमें पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चार स्टेशनों क्रमशः डालटनगंज 29.2 करोड़, गढ़वा रोड़ (रेहला) 24.5 करोड़, गढ़वा टाउन 25.5 करोड़ एवं नगर उंटारी 26.3 उक्त चारों स्टेशनों के विकास के लिए टोटल 105 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

## पलामू में पॉक्सो एक्ट के 49 मुकदमों में होगा स्पीडी ट्रायल

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में नाबालिगों के साथ हो रहे अपराध को लेकर अब पुलिस गंभीर नहीं है। पलामू में 2017 से लेकर अब तक दर्ज हुए पॉक्सो की धाराओं के मुकदमे में मात्र एक अपराधी को ही सजा हो पाई है। 103 मामलों में अनुसंधान लंबित हैं, जबकि 49 मामलों में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। ऐसे में पुलिस विभाग पॉक्सो के मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करना चाहती है। राज्य पुलिस मुख्यालय ने पॉक्सो की धाराओं में दर्ज मामलों में समीक्षा की है। पलामू, गढ़वा और लातेहार के विभिन्न थानों में दर्ज पॉक्सो एक्ट के मुकदमों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद पलामू के 30, लातेहार में 12 जबकि गढ़वा के 7 पॉक्सो के मुकदमे में अनुसंधान को पूरा पाया गया है। सभी मुकदमों में आरोपियों को सजा दिलवाने के लिए योजना तैयार की जा रही है। इस समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि पुलिस पॉक्सो एक्ट के पीड़ितों की गवाही, साक्ष्य को इकट्ठा करने के साथ-साथ गवाहों को कोर्ट में प्रस्तुति के लिए अभियान चलाएगी. पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि पॉक्सो की धाराओं में दर्ज मामलों को लेकर पुलिस मुख्यालय गंभीर है। पलामू जोन के सभी एसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों को पॉक्सो की धाराओं में दर्ज मामलों में सजा दिलवाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि पॉक्सो की धाराओं में दर्ज एफआईआर गंभीर अपराध की श्रेणी में है। इसके मुकदमों को लेकर हाईकोर्ट के साथ-साथ सरकार भी गंभीर है. पॉक्सो के मामलों में स्पीडी ट्रायल के माध्यम से आरोपियों को सजा दिलाई जाएगी. उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में रिजल्ट की जरूरत है। इसलिए पॉक्सो की धाराओं में दर्ज मुकदमों की क्लोज शेष पृष्ठ 11 पर

### आपराधिक गिरोहों के 230 ठिकानों पर छापेमारी, 17 गिरफ्तार

# अपराधी व उनको शरण देने वालों को नहीं बख्शा जाएगा : आईजी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड पुलिस प्रवक्ता सह आईजी (अभियान) एवी होमकर ने बताया कि झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ झारखंड एटीएस की कार्रवाई में पिछले माह 16 जुलाई से तीन अगस्त के दौरान अमन श्रीवास्तव, अमन साहू, अमन सिंह, प्रिंस खान, कालू लामा, लवकुश शर्मा, मृत भोला पांडेय, विकास तिवारी, अखिलेश सिंह, डबलू सिंह के 230 ठिकानों पर छापेमारी हुई है। इस दौरान एटीएस की टीम ने अलग-अलग गिरोह से जुड़े 17 अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा आपराधिक गिरोह के 130 लोगों का सत्यापन किया गया जबकि 95 संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गयी, 82 लोगों को बॉन्ड भरवाया गया है। आपराधिक गिरोह से जुड़े 338 लोगों की निगरानी के लिए झारखंड के सभी जिलों के एसपी को प्रस्ताव भेजा गया है। एवी होमकर शनिवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। होमकर ने बताया कि डीजीपी के आदेश पर एटीएस की टीम संगठित आपराधिक गिरोह के अपराधियों का डाटाबेस तैयार कर रही है। साथ ही जीरो टॉलरेंस को अपनाते हुए उनके खिलाफ एटीएस की कार्रवाई सख्ती के साथ जारी रहेगी। संगठित अपराध में शामिल किसी भी अपराधी और उनको शरण देने वाले व्यक्तियों को नहीं बख्शा जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में अमन साहू गिरोह के चंदन साव, बॉबी साव, सोनू कुमार, वारिश अंसारी, दिगंबर प्रजापति, राजन कुमार और अमन श्रीवास्तव गिरोह के ऐजाज अंसारी, मिंकु खान को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही कालू लामा गिरोह के रोहित मुंडा, अभिषेक मल्लिक और शुभम विश्वकर्मा और प्रिंस खान गिरोह के अफजल अंसारी, दानिश मल्लिक, तनवीर तस्लीम तथा अमन सिंह गिरोह के बुचन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पांच पिस्तौल, एक रिवाल्वर, 49.83 लाख रुपये नकदी, आठ गोली, दो मैगजीन, एक स्कॉर्पियो, दो बाइक और 14 मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। होमकर ने बताया कि रांची में अपराध नियंत्रण को लेकर भू-माफिया की प्रोफाइल तैयार की गयी है। रांची के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 49 शेष पृष्ठ 11 पर

## आदिवासी महोत्सव में पारंपरिक आभूषणों की लगेगी प्रदर्शनी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव में पारंपरिक आदिवासी आभूषणों और पलाश ब्रांड के उत्पादों के भी स्टॉल लगाए जाएंगे। जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग स्टॉल लगाकर सखी मण्डल की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों (पलाश ब्रांड एवं आदिवा ब्रांड) की प्रदर्शनी एवं बिक्री करेगा। पलाश ब्रांड के तहत राज्यभर की ग्रामीण महिलाएं खाद्य और गैर-खाद्य उत्पादों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से अपनी आजीविका सुनिश्चित करती हैं। आदिवा ब्रांड के तहत पारंपरिक आभूषणों का मूल्यवर्धन कर बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि आदिवासी पारंपरिक कला एवं संस्कृति लोगों तक पहुंच सके। आदिवासी महोत्सव में लोक पारंपरिक आदिवासी आभूषणों को देख और खरीद पाएंगे। पलाश के स्टॉल में 30 से ज्यादा उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जायेगी। जैसे-शुद्ध शहद, कोल्ड-प्रेस्ड सरसों का तेल, काला गेहूं का आटा, हल्दी, मिर्च पाउडर, रागी का आटा, रसायन-मुक्त साबुन, कुकीज, आदि। महोत्सव में आजीविका दीदी कैफे का भी स्टॉल लगाया जाएगा। इसमें लोग झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों जैसे राइस डंबु, मडुवा डंबू, धुस्का घुघनी, मडुआ पकौड़ा, माढ़ जोर, दाल पीठा आदि का लुत्फ उठा सकेंगे।

## झारखंड के सभी विवि राजभवन को हर महीने देंगे खर्च का हिसाब

### महीने की 5 तारीख को देनी होगी जानकारी

**रांची।** राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में वित्तीय अनुशासन बनाने के लिए अब राजभवन ने प्रत्येक माह के खर्च का हिसाब मांगा है। संभवतः यह पहली बार हो रहा है जब विश्वविद्यालय के वित्तीय मामले को लेकर राजभवन ने रिपोर्ट मांगी है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने निर्देश पर उनके प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र भेज दिया है। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय में किये जा रहे खर्च का मासिक प्रतिवेदन राजभवन को प्रत्येक माह की पांच तारीख तक अवश्य उपलब्ध करायें। इसके अलावा सभी विश्वविद्यालय से शिक्षकों की प्रोन्नति वर्षों से लंबित रहने का कारण पूछा गया है। राज्यपाल के प्रधान सचिव ने सभी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से पूछा है कि विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों से एसोसिएट प्रोफेसर, रीडर तथा प्रोफेसर के पदों पर प्रोन्नति के कई मामले वर्षों से लंबित हैं। इसको लेकर सवाल किया गया है कि प्रोन्नति लंबित रहने के स्पष्ट कारण बताए जाएं। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी के अनुसार उन्हें पिछले दिनों में विश्वविद्यालय में कुछ चीजों में अत्यधिक व्यय किये जाने के संबंध में शिकायत पत्र प्राप्त हुई है। इसके बाद शेष पृष्ठ 11 पर

## निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला आठ को

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य भूमि की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की नियमित जमानत याचिका पर शनिवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि छवि रंजन मामले में निर्दोष है। उनपर मनी लॉन्ड्रिंग का केस नहीं बनता है। इसका सरकारी वकील शिव कुमार ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि छवि रंजन फर्जीवाड़ा कर भूमि खरीद-बिक्री मामले के मुख्य सूत्रधार हैं। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में फैसले की तिथि अदालत ने आठ अगस्त निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े केस में ईडी कई लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसमें रांची के पूर्व उपायुक्त आईएएस छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के नाम शामिल हैं।

### पूर्व विधायक अमित महतो ने दाखिल की जमानत याचिका

**रांची।** जेल में बंद पूर्व विधायक अमित महतो ने शनिवार को रांची सिविल कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की। जमानत याचिका उन्होंने अधिवक्ता सुनील महतो के माध्यम से दाखिल की गई है। अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क पर जाम लगाने सहित कई आरोप लगे थे। इस मामले में अमित महतो को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिली थी। इसके बाद 27 जून को अपर न्यायुक्त पीके शर्मा की अदालत में उन्होंने सरेंडर किया था, जहां से कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अमित महतो खतियानी झारखंडी पार्टी के नेता हैं।

**अपराध**

### व्हाट्सएप - टेलीग्राम पर क्रिप्टो करेंसी के नाम पर हो रहा फ्रॉड

# झारखंड पुलिस ने आईसी 4 की मदद से बनायी रणनीति

### 40 अफसर ले रहे हैं ट्रेनिंग

### मनी ट्रेल को पता करना बेहद मुश्किल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** क्रिप्टो करेंसी निवेश को लेकर अगर आवश्यक सावधानियां नहीं बरती गईं तो यह बड़े वित्तीय घाटे का कारक बनेगा। देश में क्रिप्टो करेंसी के जरिए ठगी एक बड़े साइबर खतरे के रुप में सामने आया है। यह पुलिस के लिए भी एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। क्योंकि पुलिस को यह पता ही नहीं



है कि क्रिप्टो करेंसी के जरिए की गई ठगी त्वरित कैसे रोकें , ऐसे समय में झारखंड पुलिस ने इंडियन साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर यानी आईसी4 की मदद से क्रिप्टो करेंसी में शामिल ठगों के नेटवर्क को तोड़ने की रणनीति पर काम करना शुरू किया है।

**आईसी 4 दे रहा झारखण्ड पुलिस को ट्रेनिंग :** क्रिप्टो करेंसी को लेकर हो रही ठगी को लेकर झारखंड पुलिस भी परेशान है। झारखंड में अब तक दो ही मामले थानों में रिपोर्ट हुए हैं ,दो ही मामलों में 2 करोड़ 33 लाख की ठगी कर ली गई , ऐसे में शेष पृष्ठ 11 पर

### चुनिंदा अधिकारी किये जा रहे ट्रेंड

झारखंड के साइबर अपराधी ऐसे ही देश भर के लिए खतरा बने हुए हैं इसी खतरे के बीच अब क्रिप्टोकरंसी के जरिए ठगी भी शुरू हो गई है ठगी भी एक-दो लाख की नहीं बल्कि करोड़ों की की जा रही है। ऐसे में क्रिप्टो करेंसी से जुड़े घपले घोटाले की जांच के लिए झारखंड पुलिस के चुनिंदा अफसरों को ट्रेंड किया जा रहा है। अपनों को ट्रेंड करने के लिए बकायदा दिल्ली से आईसी 4 के एसीपी जितेंद्र सिंह सहित पांच सदस्यीय टीम जिसमें टेक्निकल एक्सपर्ट भी हैं रांची में है। सभी मिलकर साइबर क्राइम ब्रांच के अफसरों के साथ साथ कुछ चुनिंदा अफसरों को भी ट्रेंड कर रहे हैं। आईसी 4 के एसीपी जितेंद्र सिंह के अनुसार बिटक्वाइन के आने बाद लोगों को जल्द से जल्द अमीर बनने का चस्का लगा है। जल्द अमीर बनने के चक्कर में ही लोग शेष पृष्ठ 11 पर

### अयोध्या राम मंदिर के भूमिपूजन की तीसरी वर्षगांठ

## आकार ले रहा मंदिर का भव्य स्वरूप




**अयोध्या।** अयोध्या में राममंदिर भूमि पूजन की तीसरी वर्षगांठ में भव्य मंदिर आकार ले रहा है। भूमि पूजन के तीन वर्ष बीत गए हैं। मंदिर के तरीबन 70 फीसद काम होने का दावा भी किया जा रहा है।

ट्रस्ट की ओर से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर का गर्भगृह बनकर तैयार है, तो प्रथम तल के स्तंभों को भी लगाने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। प्रथम तल पर रामदरबार की स्थापना होगी। वहीं जनवरी 2024 में राममंदिर भक्तों के लिए खुल जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी जनवरी में होगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के शामिल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर लिखा कि राम ब्रह्म चिनमय अबिनासी। सर्ब रहित सब उर पुर बासी। उन्होंने लिखा कि श्री अयोध्या जी में निमार्णाधीन प्रभु श्री राम के भव्य-दिव्य मंदिर के भूमि-पूजन की वर्षगांठ पर सभी प्रदेशवासियों और रामभक्तों को हार्दिक बधाई। यह पावन दिन युगों-युगों तक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक रहेगा। जय श्री राम। उधर, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, संघ व विहिप तैयारियों में जुटा है। वहीं राममंदिर के समानांतर ही रामनगरी भी नए रूप में आकार ले रही है। इन तीन सालों में रामनगरी में भक्तों की संख्या चार गुना बढ़ गयी है इसलिए यहां यात्री सुविधाएं विकसित करने की गति भी तेज हो चली है। मंदिर निर्माण के साथ-साथ श्रद्धालुओं शेष पृष्ठ 11 पर

# पेपर प्लेट मशीन यूनिट से महिलाएं बन सकेंगी आर्थिक स्वावलंबी : बीके झा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित बगडू खनन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नीचे बगडू में आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देते हुए हिंडालको सीएसआर मद से पेपर प्लेट मशीन यूनिट का उद्घाटन हिंडालको के अध्यक्ष बिजेश कुमार झा द्वारा फीता काटकर एवं मुखिया रानी मिंज द्वारा नारियल फोड़कर किया गया।

इस मौके पर झा ने उपस्थित महिला समूह के सदस्यों एवं ग्रामीणों को कहा कि आर्थिक स्वावलंबन के क्षेत्र में बढ़ावा देने हेतु हरसंभव मदद एवं सहयोग दिए जाएंगे। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र की तरक्की में मदद करते हुए आज यह पेपर प्लेट मशीन यूनिट का शुभारंभ किया जा रहा है। इस यूनिट से यहां की महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि आपका समर्पण और हमारा सहयोग से क्षेत्र में आर्थिक स्वावलंबन की गति बढ़ाई जा सकेगी। भविष्य में एक मशीन और प्रदान किए जायेंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम में आदित्य उच्च विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत गाकर आगत अतिथियों का स्वागत किया गया। बगडू की मुखिया रानी मिंज ने हिंडालको प्रबंधन का आभार प्रकट किया। जिनके सहयोग से साधना महिला मंडल द्वारा पेपर प्लेट मशीन यूनिट को स्थापित कर महिलाओं को सहयोग दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर विभाग के अधिकारी भास्कर सिन्हा ने किया। मौके पर मुख्य रूप से सहायक उपाध्यक्ष वासुदेव गंगोपाध्याय, सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास सुधीर चौधरी, सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, प्रबंधक बगडू राजकुमार सिन्हा, मनोज पांडे, भास्कर सिन्हा, सुनील चौधरी, आशीष कुमार, भास्कर दास गुप्ता, वीरेंद्र गोप, रामदेव उरांव, राजू, बुतरू, मंजू देवी, फूल कुमारी, अमित, बिलासपति, बालों मति देवी, मेनका देवी, अनीता देवी, सीता देवी इत्यादि मौजूद रहे।

## चतुर्थ ऋतु रानी प्रतियोगिता में छात्राओं की श्रेणी में रोशनी उरांव बनी ऋतु राजकुमारी

# सीमा केसरी विजेता व जान्हवी गोयल उपविजेता बनी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में शनिवार को श्रावण महोत्सव का आयोजन मातृ भारती व बालिका शिक्षा विभाग के बैनर तले हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उषा सिंह और समस्त अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथि परिचय और स्वागत हिंदी की आचार्या रेणु कुमारी ने किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की बहन प्रेरणा तिग्गा और प्रियंका उरांव ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। चतुर्थ ऋतु रानी प्रतियोगिता का शीर्षक पॉलीथिन हटाओ पर्यावरण बचाओ रखा गया था। इस शीर्षक पर प्रतिभागियों को अधिकतम 3 मिनट में अपनी बात रखनी थी। चतुर्थ ऋतु रानी प्रतियोगिता में सीमा केसरी विजेता और जान्हवी गोयल उपविजेता रही। कार्यक्रम में कुल 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया। नेहा उरांव, रानी प्रिया, रीना साहू, रेणु देवी, ज्योति कुमारी, रीना तिग्गा, प्रिया जयसवाल, संगीता देवी, मनीषा कुमारी, सीता देवी, प्रीति कुमारी गोयल, सुरभि कुमारी, कविता पाण्डेय, संगीता केशरी, सोनी पूजा कुमारी, लता सिंह, अंशु कुमारी आदि प्रतिभागियों का प्रदर्शन भी काफी सराहनीय रहा।

इससे पूर्व महाविद्यालय की बहनों के बीच यह प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें रोशनी उरांव विजेता व अनिमा लकड़ा उपविजेता रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिसई आश्रम गुमला की प्राचार्या उषा सिंह ने कहा कि हमें खुद में प्रण करना चाहिए कि पॉलीथिन का उपयोग कम से कम करे और पर्यावरण बचाने में योगदान दें। समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से समाज में बहुत अच्छा संदेश जाता है और महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं, यह हमारे लिए बहुत ही गौरव का विषय है। निर्णायक मंडली में रेणु अग्रवाल, कनकलता अग्रवाल व सुमन राय उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन रश्मि साहू और धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम में सचिव अजय प्रसाद, समिति की सदस्या शोभा देवी, मधुमिता शर्मा, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता, आरती भगत, स्नेहा शर्मा शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

## निःशुल्क कोर्स के लिये आईएचएम, रांची भेजे गये 24 युवा

# कोई काम बड़ा-छोटा नहीं होता : मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सूबे के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, ने विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) अनाबद्ध निधि से होटल मैनेजमेंट के निःशुल्क कोर्स के लिए आईएचएम, रांची हेतु लोहरदगा जिला के कुल 24 युवक-युवतियों को नगर भवन, लोहरदगा परिसर से रवाना किया गया। इन कोर्सों में डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस, डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग और फ्राफ्टमैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन एंड पेस्ट्री शामिल है। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री, उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। मंत्री ने कहा कि आज रोजगार की कमी है लेकिन स्वरोजगार के अवसर अवश्य उपलब्ध हैं। कोई भी काम बड़ा या छोटा नहीं होता। स्वरोजगार भी जीविकोपार्जन का एक बेहतर माध्यम हो सकता है। बढ़ती हुई जनसंख्या में सभी को नौकरी दे पाना किसी भी सरकार में संभव नहीं है। आज जिला प्रशासन, लोहरदगा की ओर से आईएचएम, रांची में सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स के लिए युवक-युवतियों को भेजा जा रहा है। यह उनके लिए निःसंदेह बहुत बढ़िया अवसर है। बीते वर्ष भी इस योजना के तहत 36 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण के लिए आईएचएम रांची भेजा गया था जो कई बड़े शहरों के बेहतरीन होटलों में अपनी सेवा दे रहे हैं। जिला प्रशासन ने यहां के युवक-युवतियों को एक बेहतर अवसर उपलब्ध कराया है। प्रशिक्षणार्थी इस अवसर का बेहतर लाभ उठाएं और प्रशिक्षण अच्छी तरह पूरा करें।

**युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना उद्देश्य : डीसी**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जेएसएलपीएस और एनआरएलएम प्रोजेक्ट के तहत पूर्व से स्वरोजगार के कई कार्यक्रम चल रहे हैं लकिन इन सब से हटकर कुछ अलग निर्णय लेना जिला प्रशासन के लिए एक चुनौती थी। यहां के युवाओं को होटल मैनेजमेंट के उद्योग से जोड़ने के लिए सर्वप्रथम आईएचएम, रांची और जिला प्रशासन, लोहरदगा के लिए बीच एक एमओयू किया गया जिसमें यहां के युवक-युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए चार कोर्स शामिल किये गये। बीते वर्ष 36 युवक-युवतियों को आईएचएम, रांची में निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाया गया और यह काफी सफल रहा। उन्हें रांची, हैदराबाद, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बोधगया के होटलों मे नौकरी मिल गयी है। आईएचएम, रांची प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है। इन कोर्स के अगर कोई युवक-युवती बाहर से करने जाए तो इसका खर्च एक लाख रुपए से अधिक आएगा। जिला प्रशासन यह कोर्स निःशुल्क करा रही है। इस वर्ष के लिए 41 युवक-युवतियों का चयन निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए किया गया था। आज 24 युवक-युवतियों को भेजा जा रहा है। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा, विधायक प्रतिनिधि जायसवाल समेत, आईएचएम रांची के प्राचार्य भूपेश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## सेन्हा के नाजिर के स्थानांतरण पर हुआ विदाई समारोह



**सेन्हा।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत प्रखंड नाजिर जयराम असुर का स्थानांतरण होने के पश्चात विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कर्मी के द्वारा किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि मेरे सीओ पद पर रहते हुए नाजिर जयराम असुर का स्थानांतरण अपर समाहर्ता कार्यालय लोहरदगा में हुआ है। मौके पर बीपीओ निलेंद्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, जेई संजीत कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, पंचायत सचिव नागमणी उरांव, रिझवान अख्तर, अधीश खाखा सहित प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### चुनावी पाठशाला में बच्चों को किया जागरूक

**भंडरा।** देश के प्रजातंत्र को मजबूत बनाने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चला। चुनावी पाठशाला के अंतर्गत शनिवार को भंडरा कस्तूरवा बालिका आवासीय विद्यालय में चुनावी पाठशाला आयोजित की गई। बीडीओ रंजित कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने बच्चों को बताया कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का सदुपयोग करेगा। उन्होंने बच्चों को बताया कि लोकतंत्र में बिना भय, बिना लालच बिना भेदभाव के अपने मत का सदुपयोग करें ताकि लोकतंत्र की स्थिति मजबूत हो सके इस अवसर पर उन्होंने ईवीएम वीवीपट तथा नोटा के बारे में भी विस्तार सहित बताया और सभी अध्यापकों से भी अनुरोध किया कि वे अपने विद्यालय में चुनावी पाठशाला का गठन कर बच्चों को चुनाव संबंधी अच्छे से अवगत कराएं ताकि समय रहते वे एक श्रेष्ठ नागरिक बन सके। इस अवसर पर सभी बच्चों को शपथ भी दिलाई गई।

### मेरी माटी-मेरा देश अभियान को लेकर बैठक

**भंडरा।** बीडीओ रंजित कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी 9 अगस्त से शुरू होने वाले ह्यमेरी माटी-मेरा देश अभियान को लेकर शनिवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में बैठक हुई। मौके पर बीडीओ ने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान 09 से 15 अगस्त तक चलेगा। इसके तहत प्रखंड के सभी पंचायतों में पांच कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। हर गांव से मिट्टी यात्रा शुरू की जाएगी। गांवों से कलश में मिट्टी ली जाएगी। इसके बाद इस मिट्टी को ब्लॉक स्तर पर लाया जाएगा। फिर जिले के सभी प्रखंडों से मिट्टी लेकर कर्तव्य पथ, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में इसे ले जाया जाएगा। इस अभियान में वसुधा वंदना कार्यक्रम के तहत पंचायतों में अमृत सरोवर के किनारे अमृत वाटिका बनाया जायेगा। इसमें 75 पौधे लगाये जायेंगे। सभी पंचायत में शिलापट्ट लगाया जाएगा। इसमें स्थानीय वीरों का नाम अंकित होंगे। बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत, बीपीओ अभिषेक किशोर, रउफ अंसारी, मुखिया सुमित उरांव, कैली उरांव, परमेश्वर महली, सुमति तिग्गा, सभी जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, जनसेवक मौजूद थे।

### अनियंत्रित होकर पलटी वैन, कोई हताहत नहीं

**भंडरा।** लोहरदगा बेडो मुख्य पथ के मसमानो सड़क पर शनिवार को पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गिर गई। हालांकि इस घटना से कोई हताहत की खबर नहीं है लेकिन पिकअप का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। पिकअप वाहन की पहचान मसमानो गांव निवासी मुकेश साहू का बताया जा रहा है। पुलिस ने वैन को अपने कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है।

### बीडीओ ने क्षेत्र में योजनाओं की समीक्षा की

**कैरो।** शनिवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाई जाने वाली कार्यक्रम मेरी मिट्टी मेरा देश योजना के विषयवस्तु पर प्रखड़ कर्मियों को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये कहा कि वीर सपूतों के सम्मान में आयोजित मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों से कलश में मिट्टी लेकर अपने-अपने पंचायत में संग्रह कर 15 अगस्त को प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराना है ताकि वीर जवानों के सम्मान में झारखंड से 75000 कलश दिल्ली भेजी जा सके। वहीं 9 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी पंचायत में अमृत वाटिका, शिलापट व सिलाफ का निर्माण करना है। अमृत वाटिका में 75 फलदार व इमारती पौधे लगा कर शिलापट में पंचायत के वीर शहीद, स्वतंत्रता सेनानी का नाम लिखवाना है। देश का शांति, अखंडता, गौरव, वीरता की शपथ दिलाना है। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली, सुमन उरांव, अरबिंद उरांव, गुहा उरांव, शुहैल उरांव, राजेश उरांव, राजीव कुमार, किशोर उरांव, रौशन उरांव, पंचम उरांव, राजमणी मिंज, अमन शिखर, अमित महतो, दिनेश कुमार, दुर्गा बच्चन नंदा भगत, मंसूर आलम, प्रवेज अख्तर उपस्थित थे।

### जड़ी बूटी सप्ताह के तहत दी जा रहीं जानकारियां

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर की वंदना सभा में पतंजलि योग समिति के संरक्षक शिव शंकर सिंह द्वारा वंदना सभा में मां सरस्वती भारत माता एवं ओम के समक्ष दीप प्रज्वलित तथा पुष्पा अर्चन किया गया। मौके पर शिव शंकर सिंह ने कहा कि प्रायः सभी वनस्पतियां औषधीय गुणों से युक्त होती हैं। इनकी जानकारी प्राप्त करना तथा इनका उचित प्रयोग हम सबके लिए आवश्यक है। हमारे पास पड़ोस में तुलसी, भूमि आंवला, एलोवेरा सदाबहार, पारिजात, पुदीन हरा, गिलोय, मीठी नीम, नीम आदि ऐसे पौधे हैं जिनका हम प्रयोग करके अनेक रोगों से मुक्त हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि सदाबहार शुगर रोग की एक अचूक दवा है। भूमि आंवला बच्चों के पेट दर्द अपच के समय प्रयोग करने पर उनकी पेट की पीड़ा का निवारण हो सकता है। पुदीन हरा बच्चों के दस्त होने पर उल्टी होने पर उसका सरबत पिलाने से उन्हें लाभ प्राप्त होता है। बुखार सर्दी जुकाम इत्यादि होने पर गिलोय काली मिर्च पारिजात के पत्तों का काढ़ा बनाकर देने से आराम मिलता है। उन्होंने छोटी-छोटी पास पड़ोस में उपलब्ध होने वाले औषधीय पौधों की सूची तैयार करने तथा उनका चित्र बनाकर लाने हेतु कक्षा तृतीय चतुर्थ एवं पंचम के भैया बहनों के अंतर्गत इन गुणों के विकास हेतु एक प्रतिस्पर्धा सोमवार को आयोजित करने का निवेदन किया। प्रधानाचार्य सुरेशचंद्र पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से भैया बहनों के अंतर्गत पौधों के संरक्षण एवं उनके दिव्य गुणों का ज्ञान प्राप्त होता है। हम सभी ऐसे औषधि पौधों को अपने पास पड़ोस में सुरक्षित एवं संरक्षित करें, जिससे स्वस्थ जीवन और स्वस्थ भारत का निर्माण हो सके। इस अवसर पर आचार्य बंधु भगिनी तथा भैया बहन उपस्थित थे।

## कल से कुडू में चलाया जाएगा इंद्रधनुष अभियान

**कुडू।** मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत कुडू में सात अगस्त से सघन टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो ने देते हुए बताया कि अभियान के दौरान टीकाकरण से वंचित रह गए बच्चे और गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि अभियान अगस्त, सिंतबर एवं अक्टूबर माह में छह-छह दिन चलने वाले इस अभियान का पहला चरण सात से 12 अगस्त तक, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर तक व तीसरा और अंतिम चरण 16 से 21 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। इस दौरान के गंभीर बीमारियों से बचाव के टिके लगाए जाएंगे। इसके अलावा गुरुवार और शनिवार को पूर्व की भांति टीकाकरण किया जाएगा।

# पांच सीएचसी के लिए एंबुलेंस को मंत्री ने किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) मद से क्रय किये गये लाईफ सपोर्ट सिस्टम से लैस अत्याधुनिक एंबुलेंस को शनिवार को मंत्री डॉ रामेश्वर उराँव ने पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) सदर प्रखंड, कुडू, किस्को, भंडरा और सेन्हा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये सभी एंबुलेंस चौबीसों घंटें आपातकालीन सेवा के लिए अपने सीएचसी में उपलब्ध रहेंगे। मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि उपायुक्त की सूझबूझ व सोच से ही यह संभव हो पाया है। डॉक्टर होने के नाते वे स्वास्थ्य से जुड़ी सभी चीजों को समझते हैं। इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। बड़े अस्पतालों तक मरीजों को आपात स्थिति में ले जाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाएगा।

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि सड़क दुर्घटनों और कार्डिएक अरेस्ट से संबंधित मरीजों को बड़े सुविधाजनक अस्पताल तक ले जाने के लिए इस एंबुलेंस का इस्तेमाल होगा। एंबुलेंस की सुविधा चौबीसो घंटे उपलब्ध रहेगी। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला परिषद सदस्य पेशरार रूबी देवी, जिप सदस्य भण्डरा राजमनी उराँव, जिप सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिप सदस्य किस्को संदीप कुमार और जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उराँव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सिविल सर्जन राजमोहन खलखो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा समेत अन्य उपस्थित थे।

## 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन, कहा- पांच माह से नहीं मिला वेतन



**लोहरदगा।** 108 एंबुलेंस के तहत सभी इमरजेंसी मेडिकल तकनीशियन और चालक पद पर कार्यरत लोगो ने मंत्री रामेश्वर उरांव से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। मंत्री को बताया कि उन्हें विगत 5 माह से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। इसके कारण हमारे जैसे अन्य वेतन पाने वाले कर्मियों के सामने भुखमरी का संकट खड़ी हो गयी है, जबकि हम लोग 24 घंटे सातों दिन सेवा दे रहे हैं। हम सभी ने अपनी जान की परवाह किए बगैर सभी लोगों को अपनी हर प्रकार की सेवाएं प्रदान की। हमें माह मार्चसे अभी तक का वेतन भुगतान नहीं हुआ है, जबकि और सभी स्वास्थ्य विभाग कर्मी का वेतन भेजा जा चुका है। वेतन के अभाव में हमारे सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। कुछ भी करने पर हमलोगों को नौकरी से निकलने कि बात बोली जाती है। हमारी कंपनी जिवजा हेल्थ केयर लिमिटेड का टेंडर 17 अगस्त 2023 तक ही है। आपसे सादर अनुरोध है कि हमारे वेतन भुगतान समय समय पर किया जाए। इसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन, जिकजा हेल्थ केयर लिमिटेड 108 एंबुलेंस यूनिट झारखंड व थाना प्रभारी लोहरदगा को भेजा गया है।

**सक्सेस स्टोरी**

## फूल बेचकर अब तक लगभग एक लाख रुपये की आय हो चुकी है जयवंती को

# संरक्षित फूलों की खेती ने बदली जयवंती की तकदीर



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जयवंती कुमारी लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड स्थित हेंजला ग्राम निवासी हैं। इन्होंने उद्यान विभाग, लोहरदगा से वर्ष 2021 में संरक्षित फूलों की खेती अंतर्गत 40 डिसमिल जमीन पर जरबेरा फूलों की खेती के लिए यह योजना ली। फूल बेचकर अब तक लगभग एक लाख रुपये की आय जयवंती को हो चुकी है। एक वर्ष में यह मुनाफा एक से डेढ़ा लाख रुपये प्रतिवर्ष होने की उम्मीद है। शुरुआत में उद्यान विभाग की ओर से जरबेरा के पांच हजार पौधे जयवंती को दिये गये और सभी फूलों को इन्होंने अपनी 40 डिसमिल पर लगाया। तकनीकी सहयोग कृषि विज्ञान केंद्र, किस्को से मिला। शुरूआत में कुछ पौधे मरे लेकिन अब जो बचे उनमें स्वस्थ फूल लगे हुए हैं। एक पौधे से प्रत्येक चार माह में फूल की तोड़ाई की जा रही है। कृषि विभाग से सूक्ष्म टपक सिंचाई का भी इन्हें मिला हुआ है जिससे काफी कम पानी की खपत खेती में होती है।

### जुलाई-अगस्त का समय पौधरोपण का अनुकूल

जरबेरा फूलों के पौधों का रोपण जुलाई-अगस्त में किया जाना चाहिए। इस समय पौधे तेजी से बढ़ते हैं और कुछ माह में उनमें फूल आने लगते हैं। जिला उद्यान कार्यालय से पौधे निःशुल्क दिये जाते हैं। इस बार भी पौधों में फूल लगे हुए हैं। उम्मीद है कि बिक्री से अच्छी आमदनी होगी।

### जयवंती की गेंदा फूल की खेती करने की योजना

जयवंती ने बताया कि उनकी इच्छा है कि जरबेरा की तरह ही गेंदा का फूल लगाया जाय और आमदनी प्राप्त की जाय। फूलों की खेती में अच्छा मुनाफा और रख-रखाव भी कम करना पड़ता है।

### चार एकड़ जमीन में कर रही हैं सब्जी की खेती

जयवंती ने अपनी चार एकड़ जमीन पर फूलगोभी की सब्जी लगायी है। इसमें लगभग एक लाख रुपये की लागत आयी है जिससे पांच गुना लाभ होने की उम्मीद है। उनके पास 30 बकरियां हैं जिनके बच्चे बेचकर उन्हें प्रत्येक वर्ष एक लाख रुपये की आय जाती है। वं अन्य किसानों को भी सलाह देती हैं कि सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें।

# सरकार ने लैपटॉप और टैबलेट के इंपोर्ट पर लगाये बैन को टाला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट और ऑल इन वन पर्सनल कंप्यूटर के आयात पर लगाई गई पाबंदी को टाल दिया है। इसे तत्काल प्रभाव से लागू नहीं किया जाएगा। सरकार ने इंडस्ट्री की समस्याओं को देखते हुए यह फैसला किया है। इससे उद्योग को पर्याप्त समय मिल जाएगा। सरकार ने इस बैन को अब एक नवंबर 2023 से लागू किया जाएगा। कंपनियों को लाइसेंस के बिना इंपोर्ट कंसाइनमेंट को 31 अक्टूबर, 2023 तक क्लियर करना होगा। डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरन ट्रेड ने नोटिफिकेशन जारी करके इसकी



जानकारी दी है। डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरन ट्रेड ने कहा कि 1 नवंबर से प्रतिबंधित इंपोर्ट के लिए वैध लाइसेंस की जरूरत होगी। डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरन ट्रेड ने घोषणा की कि ल्रठ 8471 के तहत कुछ लैपटॉप और कंप्यूटर के आयात को प्रतिबंधित करने का उसका निर्णय 1 नवंबर, 2023 से लागू होगा। सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट और ऑल इन वन पर्सनल कंप्यूटर के आयात पर लगाई गई पाबंदी को ऐसे ही नहीं टाला है। दरअसल कोरोना महामारी के दौरान जब लैपटॉप और कंप्यूटर की डिमांड बढ़ गई थी, उस समय इनकी ब्लैक मार्केटिंग शुरू हो गई थी। इन सबसे दाम बढ़ गए थे। इस बार भी त्योहारों का समय नजदीक है। त्योहार आने वाले हैं। ऐसे में इन सब सामानों की मांग बढ़ेगी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सरकार को डर है कि त्योहारों में बैन की वजह से कहीं फिर से लैपटॉप, टैबलेट आदि के दाम फिर से न बढ़ने लगे। इनकी ब्लैक मार्केटिंग का शुरू हो जाए। इन्हीं सब को देखते हुए सरकार ने बैन को अभी टाल दिया है, जिससे त्योहारों के दौरान एकदम से अफरा-तफरी न मचे।

# कच्चे तेल की कीमतों में आया उछाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रूड ऑयल की कीमतों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। आज अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.29 फीसदी बढ़कर 86.24 डॉलर प्रति बैरल के लेवल पर कारोबार कर रहा है। वहीं डबल्यूटीआई क्रूड के दाम में 1.56 फीसदी की उछाल के बाद 82.82 डॉलर प्रति बैरल के रेट देखे जा रहे हैं। इस बीच तेल कंपनियों ने भी पेट्रोल-डीजल के नए रेट जारी कर दिए हैं। हालांकि आज यानी शनिवार को भी पेट्रोल-डीजल के रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों ने 5 अगस्त 2023 को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रखी हैं। आखिरी बार पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव मई 2022 में हुआ था। आज शनिवार को देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। इसके अलावा चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल का भाव 94.24 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में शनिवार को पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। नोएडा में शनिवार को पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे हफ्ते गिरा

**मुंबई।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे हफ्ते गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 3.16 अरब डॉलर घटकर 603.87 अरब डॉलर रह गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 607.03 अरब डॉलर रह गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक घटनाओं के कारण पैदा हुए दबाव के बीच रुपये को संभालने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने से इसमें गिरावट आई।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

आवश्यक सूचना

चोरी गई वाहन

(मोटर साईकिल Hero Motocorp Splendor+)

गढ़वा थाना काण्ड सं0–172/2023, दिनांक–29.04.2023, धारा–379 भा0द0वि0, में चोरी गयी मोटर साईकिल Hero Motocorp Splendor+, Registration No-JH03W 9493, Engine No-HA10AGJ4M14880 एवं Chassis No-MBLHAR078J4M07589 को अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर किया गया है। जिसकी बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0 –9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.304077 Police(23-24):D

# सोने के भाव में रेकॉर्ड गिरावट, चांदी भी हो गई सस्ती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सोने के दाम में गिरावट देखी जा रही है। बीते शुक्रवार को भी सोने की कीमतों में गिरावट देखी गई। चांदी भी 0.33 फीसदी तक फिसल गई है। रेटिंग एजेंसी फिच के अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग को एएए से कम करके एए प्लस करने के बाद इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड के भाव में नरमी आई है। फिच ने इस सप्ताह मंगलवार को अमेरिका की रेटिंग को कम किया और बुधवार को सोने का भाव गिर गया। अगर आप सोना खरीदने की सोच रहे हैं तो इसके लेटेस्ट रेट जरूर चेक कर लें। सोने के दाम में गिरावट देखी जा रही है। बीते शुक्रवार को भी सोने की कीमतों में गिरावट देखी गई। चांदी भी 0.33 फीसदी तक फिसल गई है। रेटिंग एजेंसी फिच के अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग को एएए से कम करके एए प्लस करने के बाद इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड के भाव में नरमी आई है। फिच ने इस सप्ताह मंगलवार को अमेरिका की रेटिंग को कम किया और बुधवार को सोने का भाव गिर गया। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार की शाम को



5 अक्टूबर 2023 को डिलीवरी वाला सोना गिरावट के साथ 59522 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था। वहीं 5 दिसंबर 2023 को डिलीवरी वाला सोना 59900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में शुक्रवार की शाम को गिरावट देखी गई है। एमसीएक्स पर शुक्रवार की शाम को 5 सितंबर 2023 को डिलीवरी वाली चांदी का भाव गिरावट के साथ 72488 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुआ था। वहीं 5 दिसंबर 2023 को डिलीवरी वाली चांदी का भाव 74037 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। सोने की वैश्विक कीमतों में तेजी देखने को मिली है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.37 फीसदी या 7.30 डॉलर की तेजी के साथ 1,976 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा था।

## 87.7% बढ़ा बैंक ऑफ बड़ौदा का नेट मुनाफा

**नई दिल्ली।** पब्लिक सेक्टर की कर्जदाता बैंक ऑफ बड़ौदा का आज वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही का रिजल्ट जारी हो गया है। बैंक के शुद्ध ब्याज आय के साथ-साथ गैर-ब्याज आय में मजबूत वृद्धि के कारण जून 2023 को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 87.7 प्रतिशत का नेट मुनाफा दर्ज किया। बैंक का नेट प्रॉफिट बढ़कर 4,070 करोड़ रुपए हो गया है। क्रमिक रूप से, मार्च 2023 को समाप्त तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के कर्जदाता का लाभ 4,775 करोड़ रुपए था। शुक्रवार (04 अगस्त, 2023) को इरए पर इसका स्टॉक 0.93 फीसदी गिरकर 191.45 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ था। बैंक ने एक बयान में कहा कि उसकी शुद्ध ब्याज आय (ठक्क) सालाना आधार पर 24.4 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में 10,997 करोड़ रुपए हो गई। जो एक साल पहले इसी तिमाही में 8,838 करोड़ रुपए थी। क्रमिक रूप से, क्यूआईएफवाई 23 में 11,525 करोड़ रुपए से गिर गया। शुद्ध ब्याज मार्जिन क्यूआईएफवाई 23 में 3.02 प्रतिशत से बढ़कर क्यूआईएफवाई 24 में 3.27 प्रतिशत हो गया।

## अमेरिका और ईरान के बीच तनाव गहराया

# अमेरिका ने तैनात किए हजारों सैनिक और फाइटर जेट

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव गहराता जा रहा है। बाइडन प्रशासन ने हजारों की तादाद में सैनिक, एफ-35 फाइटर जेट और किलर मिसाइलों से लैस युद्धपोत को फारस की खाड़ी में तैनात किया है। अमेरिका के इस फैसले से यह साफ हो गया है कि अमेरिकी युद्ध का दौर भले ही खत्म हो गया हो लेकिन ईरान के साथ उसका विवाद तेजी से बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच विवाद की बड़ी वजह ईरान का परमाणु कार्यक्रम है जिसका कोई हल निकलता नहीं दिख रहा है। यही नहीं अमेरिका अब ईरान को रोकने के लिए व्यवसायिक जहाजों पर भी हथियारबंद सैनिकों को तैनात करने पर विचार कर रहा है। अमेरिका और इजरायल को संदेह है कि ईरान परमाणु बम बनाने की कोशिश कर रहा है। ईरान अक्सर अमेरिका के खाड़ी के मित्र देशों के



व्यवसायिक जहाजों को जब्त कर ले रहा है। इससे अमेरिका और उसके दोस्त देश परेशान हैं। अब अमेरिका ने इस संकट से निपटने के लिए हजारों की तादाद में सैनिक और युद्धपोत यूएसएसएस बतान को खाड़ी में भेजा है। इसके अलावा अमेरिका ने अपने सबसे घातक स्टील्थ फाइटर जेट एफ-35 और अन्य लड़ाकू विमान भी भेजे हैं। अमेरिका ने यह फैसला तब किया है जब वह चीन और रूस पर अपना फोकस बढ़ाना चाहता है। अमेरिकी सेना अब ईरान को रोकने के लिए होर्मूज की खाड़ी में नागरिक जहाजों पर सैनिकों को तैनात करने पर विचार कर रही है। ईरान परमाणु डील पर अपनी बात को मनवाने के लिए इन नागरिक जहाजों को जब्त कर रहा है। इन अमेरिकी सैनिकों की तैनाती से या तो ईरान हिम्मत नहीं कर पाएगा या फिर अमेरिका के साथ उसका तनाव और बढ़ने जा रहा है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना**

(लापता युवती रीशा कुमारी उर्फ जाया कुमारी, उम्र–15 वर्ष लगभग)



मेराल थाना काण्ड सं0–121/23, दिनांक–17.07.2023, धारा–366(ए) भा0द0वि0 में लापता युवती रीशा कुमारी उर्फ जाया कुमारी, उम्र–15 वर्ष, पिता–मोहन विश्वकर्मा, सा0–सोहबरिया, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड की रहने वाली है। जिसे दिनांक–08.07.2023 को दोपहर समय करीब 13:00 बजे घर से किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला–फुसलाकर भगा लिये जाने की बात बतायी गयी है, जो अभी तक वापस घर नहीं आयी है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता युवती रीशा कुमारी उर्फ जाया कुमारी, उम्र–15 वर्ष, पिता–मोहन विश्वकर्मा के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया:–**
नाम–रीशा कुमारी उर्फ जाया कुमारी,
उम्र–15 वर्ष,
पिता–मोहन विश्वकर्मा,
माता–कुन्ती देवी,
रंग–गोरा, लम्बाई–05 फीट लगभग।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 304080 (Police) 23-24 (D)

## विदेश

## भारत ने श्रीलंका को दी 450 मिलियन से अधिक धनराशि की मदद

**कोलंबो।** भारत अपनी 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के तहत कर्ज में डूबे श्रीलंका की मदद के लिए हमेशा आगे आया है और ताजा उदाहरण में भारतीय उच्चायुक्त ने श्रीलंका विशिष्ट डिजिटल पहचान (एसएल-यूडीआई) परियोजना के लिए 450 मिलियन का चेक सौंपा है।। श्रीलंका के कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने ट्विटर पर कहा, उच्चायुक्त ने आज एसएलयूआईडीआई परियोजना के लिए गरिमामयी उपस्थिति में राज्य मंत्री 450 मिलियन रुपए का चेक सौंपा, जो भारत सरकार द्वारा अनुदान सहायता के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। एसएल-यूडीआई परियोजना श्रीलंका के डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और विभिन्न क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं रखती है। श्रीलंका के

## रूस पर क्यों बिफर पड़ा चीन, जमकर सुनाई खरीखोटी

# कानून के उल्लंघन का मामला बताया

**एजेंसी। बीजिंग**

पूरी दुनिया जानती है कि चीन किसी का भी सगा नहीं है। चीन मौका मिलने पर दोस्त हो या दुश्मन किसी को भी बख्शता नहीं है। अब चीन ने एक छोटी सी बात पर अपने सबसे करीबी और शक्तिशाली दोस्त रूस की आलोचना कर इसे साबित भी कर दिया है। मॉस्को में चीनी दूतावास ने चीन के नागरिकों को रूस में प्रवेश से इनकार करने पर रूसी अधिकारियों की आलोचना की है। चीनी दूतावास ने इसे रूसी अधिकारियों का अपने नागरिकों के प्रति क्रूर व्यवहार बताया है। दूतावास ने लोकप्रिय चीनी सोशल-मीडिया आउटलेट



वीचैट पर शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा कि इस घटना में रूस की क्रूर और अत्यधिक कानून-प्रवर्तन गतिविधियों ने चीनी नागरिकों के वैध अधिकारों और हितों का गंभीर उल्लंघन किया है। चीनी दूतावास ने कहा कि उसके पांच नागरिकों से एक चौकी पर चार घंटे तक बार-बार पूछताछ की गई। इन चीनी नागरिकों ने 29 जुलाई को रूस-कजाकिस्तान सीमा पार करने का प्रयास किया था। कानून के अनुसार, उनके पर्यटक वीजा को रद्द कर दिया गया, उनके प्रवेश से इनकार कर दिया गया। दूतावास ने कहा कि इस घटना में शामिल चीनी नागरिकों से मिले वीडियो की समीक्षा करने के बाद उसे रूसी विदेश मंत्रालय, फेडरल सिक्योरिटी ब्यूरो और फेडरल बॉर्डर गार्ड सर्विस के साथ शेयर किया है। चीनी दूतावास ने अपने बयान में यह भी कहा कि यह घटना चीन-रूस मित्रता की बड़ी तस्वीर और दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण लोगों के बीच आदान-प्रदान की बढ़ती प्रवृत्ति के खिलाफ है।

**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू**

नया समाहरणालय "C" ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101

Email- deo.palamu@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के पत्रांक 961 दिनांक 19.05.2023, पत्रांक 943 दिनांक 15.05.2023, पत्रांक 1184 दिनांक 04.07.2023 एवं पत्रांक 1195 दिनांक 07.07.2023 के द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के विभिन्न विषयों में यथा संस्कृत, वणिज्य, हिन्दी, गृह विज्ञान एवं उर्दू के पद पर नियुक्ति हेतु पलामू जिला के लिए कुल 12 (बारह) अनुशंसित अभ्यर्थियों का कॉउसिलिंग किया जाना है। कॉउसिलिंग कार्य **स्थल–रा0कृत गिरिवर +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू** में **दिनांक 11.08.2023 को अपराह्न 12:30 बजे से 05:00 बजे** तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक (बी0एड0 डिग्री की वैधता के संबंध में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता संबंधी प्रमाणक) एवं अन्य मूल प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ–साथ दो प्रति में फोलडर फाईल के साथ निर्धारित तिथि को ससमय कॉउसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

(अनिल कुमार चौधरी)
जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

PR 304089Jharkhand Education Project Council(23-24)#D

## आक्रोश: अनुच्छेद 370 की चौथी बरसी पर पाक ने उगला जहर

# कश्मीरी सुरक्षा के लिए बताया बड़ा खतरा

**एजेंसी। इस्लमाबाद**

पाकिस्तान में शनिवार को यौम-ए-इस्तेहसाल मनाया जा रहा है। दरअसल, पाकिस्तान हर साल जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने की बरसी को इसी तरह से मातम के साथ मनाता है। इस मौके पर पाकिस्तानी सेना ने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला है। पाकिस्तानी सेना ने आरोप लगाया है कि जम्मू कश्मीर में भारत की कार्रवाइयों से क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हुआ है। हालांकि, पाकिस्तानी सेना ने यह नहीं बताया कि वह अपनी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद को कैसे बढ़ावा दे रहा है। कश्मीर में जारी पाकिस्तानी आतंकवाद में हजारों निर्दोष नागरिकों की मौत हो चुकी है। इसी आतंकवाद के कारण पाकिस्तान को पूरी दुनिया में हिकारत की नजरों से देखा जा रहा है। इसके बावजूद पाकिस्तानी हुक्मरानों को समझ नहीं आ रहा कि आतंकवाद




को पालने-पोसने से उसे कोई फायदा नहीं होने वाला। पाकिस्तानी सेना के प्रॉपगैंडा विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि , मोदी के नेतृत्व वाले प्रशासन की लगातार बयानबाजी और शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों के कारण जम्मू और कश्मीर में मानवीय और सुरक्षा संकट बढ़ा है और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए लगातार खतरा पैदा कर रहा है। आईएसपीआर के अनुसार, "संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के अनुसार आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए उनके उचित संघर्ष में कश्मीर के बहादुर लोगों के साथ चेयरमैन ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीजेसीएसएससी), सेवा प्रमुखों और पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने एकजुटता दिखाई है। आईएसपीआर ने भारत पर कश्मीर में सैन्य लॉकडाउन लगाने का आरोप लगाया। उसने कहा कि भारत कश्मीर की जनसांख्यिकी को बदलने के लिए अवैध उपाय कर रहा है। मजे की बात यह है कि पाकिस्तान ने भारत पर मानवाधिकारों से उल्लंघन का आरोप लगाया। यह वही पाकिस्तान है, जो मानवाधिकारों के हनन को लेकर पूरी दुनिया में बदनाम है। पाकिस्तान में तो विपक्षी नेता या नेता प्रतिपक्ष के भी मानवाधिकारों का सम्मान नहीं किया जाता है।

## सऊदी में बैठक क्या खत्म कर पाएगी यूक्रेन का महायुद्ध

**रियाद।** भारत यूक्रेन की शांति योजना पर शनिवार से तटीय शहर जेद्दा में होने वाले दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेगा। सऊदी अरब की ओर से इस सम्मेलन के लिए चुनिंदा देशों को आमंत्रित किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को बताया कि बैठक में भारत की भागीदारी उसकी लंबे समय से चली आ रही स्थिति के अनुरूप होगी कि 'बातचीत और कूटनीति ही यूक्रेन संकट को हल करने का रास्ता' है। सम्मेलन में आमंत्रित देशों में कई यूरोपीय देशों के अलावा अमेरिका, चीन और भारत शामिल हैं। बागची ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'हां, जेद्दा में यूक्रेन पर सऊदी अरब की ओर से आयोजित एक बैठक में भारत को आमंत्रित किया गया है।' उन्होंने कहा, 'भारत इस कार्यक्रम में भाग लेगा और हमारी भागीदारी हमारी लंबे समय से चली आ रही स्थिति के अनुरूप है कि बातचीत और कूटनीति ही आगे बढ़ने का रास्ता है।

समाहरणालय,गढ़वा

(पंचायत शाखा)

आम सूचना

निदेशक, पंचायती राज विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक – 1665 दिनांक – 17.07.2023 के आलोक में सूचित करना है कि विज्ञापन संख्या – 01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) इन्टरमिडिएट स्तर कम्प्यूटर ज्ञान एवं कम्प्यूटर में हिन्दी टंकण अहर्त्ता धारक पद हेतु संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के मेधा सूची के आधार पर झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के पत्रांक – 916 दिनांक – 09.05.2023 द्वारा आपको पंचायत सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। जिसके उपरान्त आपको गढ़वा जिला आवंटित किया गया है। दिनांक – 22.05.2023 को जिला पंचायत राज कार्यालय, गढ़वा में शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जाँच कराने संबंधी आम सूचना निर्गत की गई थी। परन्तु उक्त निर्धारित तिथि को शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों के जाँच हेतु निम्नांकित अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए, जिन्हें एक अवसर प्रदान करते हुए डाक (स्पीड पोस्ट) के माध्यम से उनके स्थायी/पत्राचार पते पर नोटिस भेजा गया है, परंतु अब तक कुल 07 अभ्यर्थी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के जाँच में उपस्थित नहीं हुए, जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| क्रम सं0 | चयनित पंचायत सचिव का नाम,पिता का नाम, पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | ज्योति बबिता तिर्की<br>पिता – श्री मारकुस तिर्की, ग्राम – सतरंजी, पोस्ट – हुलहुन्डु, थाना – हटिया, जिला – राँची, पिन – 835221 | शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के जाँच में अनुपस्थित। |
| 2 | पुर्णिमा टोप्पो<br>पिता – श्री सुखराम भगत, ग्राम – हुरहुरिया, पोस्ट – साकरपुर गम्हरिया, थाना+जिला – गुमला, पिन – 835233 | शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के जाँच में अनुपस्थित। |
| 3 | सुप्रिया सुमन<br>पिता – श्री उपेन्द्र प्रसाद, ग्राम – तेलो, पोस्ट – तेलो, थाना– चन्द्रपुरा, जिला – बोकारो, पिन – 828403 | शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के जाँच में अनुपस्थित। |
| 4 | सुनिता कुमारी<br>पिता – श्री गोपी प्रसाद बर्णवाल, ग्राम – बंडासिंगहा, पोस्ट – बेलकापी, थाना– बरकठा, जिला – हजारीबाग, पिन – 825323 | शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के जाँच में अनुपस्थित। |
| 5 | राहुल कुमार<br>पिता – श्री विनोद कुमार, ग्राम – अरसली उत्तरी, पोस्ट – अरसली, थाना– भवनाथपुर, जिला – गढ़वा, पिन – 822112 | शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के जाँच में अनुपस्थित। |
| 6 | विकास सोरेन,<br>पिता – श्री बिगन मांझी, ग्राम – शिबुटाड़, पोस्ट – तुपकाडीह, थाना– बालीडीह, जिला – बोकारो, पिन – 827010 | शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के जाँच में अनुपस्थित। |
| 7 | अनुप कुमार कश्यप,<br>पिता – श्री दुर्गा प्रसाद कश्यप, ग्राम – रॉकी मुहल्ला, पोस्ट+थाना+जिला – गढ़वा, पिन – 822114 | शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के जाँच में अनुपस्थित। |

अतः उपरोक्त वर्णित अभ्यर्थियों को एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निदेशित किया जाता है, कि दिनांक – 14.08.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला पंचायत राज कार्यालय, गढ़वा में उपस्थित होकर अपने शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जाँच कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा आपकी नियुक्ति रदद् करने हेतु पंचायती राज विभाग, झारखण्ड, राँची को प्रतिवेदन उपलब्ध करा दिया जायेगा।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी,गढ़वा।

PR 304084 Police(23-24)D

## एक नजर इधर भी


# इस बार राजस्थान का चुनाव मोदी के नाम पर लड़ेगी भाजपा

***पिछले*** विधानसभा चुनाव में तो वसुंधरा राजे के खिलाफ जनता का आक्रोश इतना अधिक हो गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित चुनावी जनसभाओं में जनसमूह 'मोदी तुझसे बैर नहीं वसुंधरा तेरी खैर नहीं' के नारे लगाता था। राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने में चार महीने से भी कम का समय रह गया है। सभी राजनीतिक दल अपनी चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं। प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस व भाजपा ने भी अपना सांगठनिक ढांचा मजबूत बना लिया है। मंडल, ब्लॉक, जिला से लेकर प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हो चुका है। कांग्रेस पार्टी चुनाव में जाने को पूरी तरह तैयार नजर आ रही है। ऐसे में भाजपा भी जोरों से चुनावी तैयारियां कर रही है। भाजपा के बड़े नेता चाहते हैं कि राजस्थान में हर बार राज बदलने की परंपरा को इस बार भी कायम रखा जाए। उसी परंपरा के तहत प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाई जाए। इस बार के चुनाव में भाजपा पहले से हटकर कुछ नया करने जा रही है। भाजपा द्वारा राजस्थान विधानसभा के अब तक लड़े गये सभी चुनावों में पार्टी एक नेता का नाम घोषित कर उनके चेहरे पर चुनाव लड़ती रही थी। पहले भैरोंसिंह शेखावत राजस्थान में भाजपा के चेहरे हुआ करते थे। उनके बाद 2003 से लेकर 2018 तक के चुनाव में वसुंधरा राजे को नेता घोषित कर पार्टी चुनाव लड़ती रही थी। मगर इस बार के चुनाव में ऐसा नहीं होगा। इस बार भाजपा आलाकमान ने पूरा चुनाव एक नये अंदाज में लड़ने का फैसला किया है। भाजपा इस बार राजस्थान के किसी भी नेता को पार्टी का चेहरा घोषित कर चुनाव नहीं लड़ेगी। पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। इसका खुलासा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे के दौरान सीकर मीटिंग में पूरी तरह हो चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा हाल ही में घोषित की गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वसुंधरा राजे को फिर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह इस बात का संकेत है कि उनको राजस्थान की राजनीति से हटाकर राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय किया जायेगा। हालांकि वसुंधरा राजे पिछले लंबे समय से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनी हुई हैं। मगर उनके पास दिल्ली में पार्टी की कोई भी जिम्मेदारी नहीं है। पिछले दिनों जरूर उनको झारखंड की चार लोकसभा सीटों कोडरमा, दुमका, गिरिडीह और गोड्डा भेजकर पार्टी के पक्ष में प्रचार करवाया गया था। उसके अलावा उन्होंने आज तक राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं निभाई है। वसुंधरा राजे स्वयं राजस्थान नहीं छोड़ना चाहती हैं। उनके समर्थक भी चाहते हैं कि राजे प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहें। ताकि अगले विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनने का मौका मिल सके। मगर भाजपा आलाकमान किसी भी स्थिति में ऐसा नहीं होने देना चाहता है। इसीलिए पार्टी ने फैसला किया है कि अगला विधानसभा चुनाव बिना नेता के ही लड़ेंगे। भाजपा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाकर भ्रष्टाचार के मुद्दे को हवा देना चाहती है। राजस्थान में पेपर लीक प्रकरण, राजस्थान लोक सेवा आयोग प्रकरण, शिक्षक भर्ती घोटाला व भ्रष्टाचार के अन्य मुद्दों को हवा देकर भ्रष्टाचार को मुख्य मुद्दा बनाना चाहती है। ऐसे में यदि भाजपा वसुंधरा राजे को चेहरा बनाकर चुनाव लड़ती है तो कांग्रेस के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुद्दा कमजोर हो जायेगा। वसुंधरा राजे के आगे आते ही कांग्रेस भाजपा का हथियार उन्हीं के खिलाफ प्रयोग में ला सकती है। इसी डर से भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे को आगे नहीं कर रहा है। वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री रहते उनकी सरकार के भ्रष्टाचार के बहुत से मामले उजागर हुए थे। कांग्रेस नेता सचिन पायलट तो अभी भी वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच की मांग करते आ रहे हैं। वसुंधरा राजे पर मुख्यमंत्री रहते एक चौकड़ी से घिरे रहने के आरोप भाजपा के ही नेता लगाते रहे थे।

■ **रमेश सर्राफ धमोरा**

# जाति भेद के कारण राष्ट्रीय एकता का संकट

इन दिनों



हृदयनारायण दीक्षित

***परिवार*** समाज की छोटी इकाई है। परिवार के सभी सदस्य आत्मीय होते हैं। हिन्दू चिंतन में पूरा विश्व एक परिवार है। इस धारणा में परिवार से बड़ी इकाई समाज है। भारतीय दर्शन उदात्त है। इसके बावजूद परिवार से बड़ी इकाई जाति है। जातिभेद भी हैं। वैसे जातियां श्रम विभाजन का परिणाम हैं लेकिन जन्मना होने के कारण वे मजबूत हैं। जातियां सम्मान अपमान का आधार भी बनीं। वे राष्ट्रीय एकता में बाधक है। अनेक समाज सुधारकों ने जातियों की निन्दा की, जाति तोड़क अभियान चलाये। राजनीति के एक धड़े में जातियों को अतिरिक्त महत्व मिला। जाति आधारित राजनीति भी चलती है। जाति अप्राकृतिक वर्ग है। इसे विदा करना और जातिविहीन समरस समाज का निर्माण राष्ट्रीय कर्तव्य है। जाति का उद्भव समाजशास्त्रियों की चुनौती रहा है। डॉ. बीआर आम्बेडकर ने कोलम्बिया विश्वविद्याल में 9 मई, 1916 को नृविज्ञान विषयक एक गोष्ठी में जाति की उत्पत्ति और संरचना पर एक शोध प्रस्तुत किया था। डॉ. आम्बेडकर कहते हैं, ''भारत में जाति प्रथा व उसके उद्गम के सम्बंध में प्रश्न पैदा होना स्वाभाविक है। किसी ने इसकी उपेक्षा की है तो अन्य ने इसके साथ छलना की।'' (वही शोधपत्रः डॉ. आम्बेडकर लेख एवं भाषण, खण्ड 1, सूचना विभाग उत्तर प्रदेश, पृष्ठ 19) जाति हिन्दू समाज की एकता का बाधक तत्व है। भारत का धर्म दर्शन एकात्म मानववादी है। लेकिन समाज में जाति भेद हैं। जातिभेद आधारित समाज व्यवस्था के कारण राष्ट्रीय एकता का संकट है। हम भारतवासी किसी न किसी जाति में जन्मते हैं। किसी जाति का होना हमारी विवशता है। जाति का निर्वचन बड़ी चुनौती है। डॉ. केतकर (हिस्ट्री ऑफ कास्ट इन इंडिया 1909) लिखते हैं, ''जाति एक सामाजिक समूह होती है जिसके लक्षण होते हैं - (1) इसकी सदस्यता समाज के व्यक्तियों की संतति और इस प्रकार जन्मे लोगों तक ही सीमित रहती है, और (2) इसके सदस्यों पर कठोर सामाजिक नियमों के अधीन समाज से बाहर विवाह करने पर सख्त पाबन्दी रहती है।'' डॉ. आम्बेडकर की परिभाषा में, ''जाति ऐसी इकाई होती है जो स्वयं को बाड़े में बंद कर लेती है इसीलिए वह अपने सदस्यों के खान पान सहित सामाजिक मेल मिलाप को अपने दायरे तक सीमित कर देती है। फलतः बाहरी लोगों के साथ खान पान सम्बंधों का न होना निश्चयकारी प्रतिबंधों के कारण नहीं वरन जाति व्यवस्था का स्वाभाविक परिणाम होता है।'' (वही, पृष्ठ 9) डॉ. आम्बेडकर के अनुसार एक ही वर्ण वर्ग में विवाह करने की प्रथा की शुरूआत तत्कालीन वर्ण व्यवस्था में सर्वाधिक सम्मान प्राप्त पुरोहित वर्ग द्वारा हुई। वे सवाल करते हैं, ''जाति उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह कौन सा वर्ग था, जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया?'' (वही पृष्ठ 20) डॉ. आम्बेडकर कहते हैं, "मैं इसका अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूं। हिन्दू समाज में कुछ प्रथाएं प्रचलित थीं। ये

**भारतीय दर्शन उदात्त है। इसके बावजूद परिवार से बड़ी इकाई जाति है। जातिभेद भी हैं। वैसे जातियां श्रम विभाजन का परिणाम हैं लेकिन जन्मना होने के कारण वे मजबूत हैं। जातियां सम्मान अपमान का आधार भी बनीं। वे राष्ट्रीय एकता में बाधक है। अनेक समाज सुधारकों ने जातियों की निन्दा की, जाति तोड़क अभियान चलाये।**

प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंध के साथ ये प्रथाएं केवल एक जाति में पाई जाती हैंः वह जाति है ब्राह्मणों की। इसे पुरानी वर्ण व्यवस्था में उच्च स्थान प्राप्त था। इन्हें गैर ब्राह्मण वर्गों ने ब्राह्मणों से ग्रहण किया था। अतः उनका पालन न तो कड़ाई से होता है और न ही उतनी पूर्णता से। इन प्रथाओं का गैर ब्राह्मण वर्गों में प्रचलन ब्राह्मणों से आया है। ब्राह्मण वर्ग ने अपनी स्वयं की घेराबंदी एक जाति के रूप में क्यों कर ली थी? यह एक भिन्न प्रश्न है। सभी प्राचीन सभ्यताओं में पुरोहित वर्ग द्वारा सामाजिक उच्चता का अधिग्रहण यह सिद्ध करने के लिए पर्याप्त है कि उन्होंने इस 'अस्वाभाविक संस्था' को 'अस्वाभाविक ढंग' से कायम रखा।' (वही पृष्ठ 20) जाति के जन्म के लिए मनु को जिम्मेदार बताने का चलन है। लेकिन डॉ. आम्बेडकर मनु को जाति वर्ण का जन्मदाता नहीं मानते। वे कहते हैं, ''मैं यह बतलाना चाहता हूं कि जाति धर्म का नियम मनु द्वारा प्रदत्त नहीं है और न ही वह ऐसा कर ही सकते थे।'' (वही पृष्ठ 21) वे ब्राह्मण को भी जाति व्यवस्था का जन्मदाता भी नहीं मानते। वे कहते हैं, ''ब्राह्मण अनेक गलतियां करने के दोषी रहे हों और मैं कह सकता हूं कि वे ऐसे थे लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की उनमें क्षमता नहीं थी। उन्होंने अपनी तर्कपटुता से भले ही इस प्रक्रिया को सहायता प्रदान की हो, लेकिन अपनी योजना को सीमित क्षेत्र से आगे नहीं बढ़ा सकते थे। समाज को अपने स्वरूप के अनुरूप ढालना कितना कठिन कार्य होता है। ऐसा कार्य करने में किसी को आनंद प्राप्त हो सकता है और वह इसे प्रशस्ति कार्य कह सकता है लेकिन वह इसे बहुत आगे तक नहीं ले जा सकता। ''डॉ. आम्बेडकर के अनुसार समाज में आस्था है कि हिन्दू समाज प्रारम्भ से जाति व्यवस्था के अधीन रहा जिसे शास्त्रों ने सुचित्त होकर रचा। आस्था है कि इसकी रचना शास्त्रों ने की है। अतः यह लाभकारी होने के अतिरिक्त और कुछ हो ही नहीं सकती है। शास्त्र गलत नहीं हो सकते।'' उन्होंने कहा कि, ''यह वैज्ञानिक आधार के सामने टिक नहीं सकता।'' (वही पृष्ठ 22) जाति विकास के पहले वर्ग बने। हिन्दुओं ने इन्हें वर्ण कहा। वर्ण भौतिक यथार्थ नहीं बने। डॉ. आम्बेडकर भी वर्गों से ही जाति का उद्भव मानते हैं। वे लिखते हैं, ''अन्य समाजों की भांति हिन्दू समाज भी वर्गों द्वारा गठित हुआ था। प्रारम्भ के सुविदित वर्ग थे - (1.) ब्राह्मण या पुरोहित वर्ग, (2.) क्षत्रिय या सैनिक वर्ग, (3.) वैश्य या व्यवसायी वर्ग और (4.) शूद्र या शिल्पकार अथवा सेवक वर्ग। यह मूलतः वर्ग व्यवस्था थी। इसमें योग्यता प्राप्त कर लेने पर व्यक्ति अपना वर्ग बदल सकते थे, फलतः वर्गों के कार्मिकों में परिवर्तन हो जाया करता था।

# टीकाकरण व जागरुकता से जीवन रेखा में उल्लेखनीय सुधार

***यदि*** कोरोना प्रकोप छोड़ दिया जाय तो अब इसमें कोई दोराय नहीं कि दुनिया के देशों में जीवनरेखा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के समग्र प्रयासों का परिणाम है कि अपने समय की जानलेवा बीमारियां टीबी, मलेरिया, टाइफाइड, पोलियो, पीलिया, डायरिया आदि पर काफी हद तक कंट्रोल कर लिया गया हैं। दुनिया के देशों में बाल मृत्युदर लगभग आधी रह गई है तो प्रसव के दौरान मातृ मृत्यु दर भी करीब एक तिहाई रह गई है। संस्थागत प्रसव ने हालातों में तेजी से सुधार किया है। दुनिया के अधिकांश देशों में संक्रामक रोगों का असर भी कम हुआ है तो डेंगू, स्वाइन फ्लू व इसी तरह की कुछ जानलेवा बीमारियां सामने आने लगी है। पिछले कुछ दशकों से हमारे देश ही नहीं दुनिया के लगभग अधिकांश देशों में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसके लिए वैक्सीनेशन अभियान और सरकारों द्वारा अनवरत रूप से चलाए जाने वाले अवेयरनेस और नियंत्रण अभियानों से हालातों में तेजी से सुधार हुआ है। लोगों की जीवन प्रत्याषा में बढ़ोतरी हुई है। कोरोना के अपवाद को अलग कर दिया जाए तो जहां 2000 में औसत आयु 67 साल होती थी वह 2019 तक बढ़कर 73 साल हो गई है। यानी की 19 सालों में छह साल अधिक जीने लगे हैं आमनागरिक। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धी है सरकारों और स्वास्थ्य सेवाओं की। यदि हमारे देश की ही बात करें तो जच्चा-बच्चा सुरक्षा अभियान के तहत महिला के प्रेगनेंट होने के साथ से ही नियमित जांच, दवा और टीकों का अभियान चलने के साथ ही प्रसव के बाद बच्चों की सुरक्षा और भविष्य में बीमारी ना हो इसके लिए नवजात बच्चों को मासिक, त्रैमासिक, छमाही, वार्षिक के साथ ही पाचं सात साल की उम्र होने तक जिस तरह से अलग अलग बीमारियों से सुरक्षा के लिए टीके लगाये जा रहे हैं और सरकारी डिस्पेंसरियों में वार विशेष को टीका लगाने की व्यवस्था होने से लोगों में अवेयरनेस आई है और इसका सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगा है। टीकाकरण और समय समय पर एनिमिया, दस्त निरोधक, कृमि नाशक दवाएं अभियान चलाकर उपलब्ध कराने से सेहत के क्षेत्र में लगातार सुधार आया है। यह वास्तव में चिकित्सा जगत

**पिछले कुछ दशकों से हमारे देश ही नहीं दुनिया के लगभग अधिकांश देशों में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसके लिए वैक्सीनेशन अभियान और सरकारों द्वारा अनवरत रूप से चलाए जाने वाले जागरुकता और नियंत्रण अभियानों से हालातों में तेजी से सुधार हुआ है।**

की बड़ी उपलब्धि मानी जानी चाहिए और इसके लिए सरकारों व स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्हीं के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। एक तरफ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से जीवन रेखा बढ़ी है तो तस्वीर का धुधला पहलू यह भी सामने आना लगा है कि जो चीजें हमें प्रकृति से आसानी से मिल जाती है जिन तक सहज पहुंच है उन्हीं की डेफिसिएंसी ज्यादा होने लगी है। यह सब हमारे रहन-सहन, खान-पान और दौड़ती भागती जिंदगी का परिणाम है। आज लोगों में विटामिन डी या सी की कमी आम होती जा रही है। जबकि हम जानते हैं कि चंद मिनटों यानी कि पांच सात मिनट प्रतिदिन धूप सेवन ये विटामिन डी की डेफिसिएंसी को दूर किया जा सकता है पर हालात यह हो गये कि हम केमिकल से तैयार दवा लेने को तैयार है पर पांच मिनट धूप सेवन के लिए हमारे पास समय की कमी है। हांलाकि मेट्रो सिटीज में गगनचुंबी अट्टालिकाओं के कारण सूर्य भगवान से साक्षात्कार करना लगभग मुश्किल भरा हो जाता है। इसी तरह से काम धंधे की भागदौड़ में धूप सेवन जैसी प्रकृति से सीधे साक्षात्कार का अवसर लाभ नहीं ले पाते हैं। और तो और रंग काला हो जायेगा इसी के चलते धूप से परहेज किया जाने लगा है। इसी तरह से बच्चों का मिट्टी में खेलने तो अब सपना रह गया है। परंपरागत खेल जो शारीरिक व मानसिक व्याधियों से बचाने में सहायक होते थे आज कहीं नेपथ्य में चले गए हैं। आज पैसा खर्च कर जिम में जाकर पसीना बहाने को तैयार है पर प्राकृतिक रूप से मिलने वाले उपहार धूप, हवा पानी से दूर होते जा रहे हैं। एक कारण बढ़ता प्रदूषण भी है। इस सबसे अधिक चिंतनीय यह होता जा रहा है कि आज की पीढ़ी तेजी से डिप्रेशन की शिकार होती जा रही है। प्रतिस्पर्धा का यह दौर डिप्रेशन के रूप में सामने आ रहा है और सेहत के मोर्चे पर इसके दुष्परिणाम तेजी से सामने आने लगे है। खैर जिस तरह से कोरोना प्रकोप के बाद लोगों में और अधिक अवेयरनेस आई है और जिस तरह से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और विस्तार हुआ है इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। सतत विकास लक्ष्य संबंधी हालिया रिपोर्ट तो यही तस्वीर सामने रख रही है।

■ **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## है न विचित्र बात !

# आचार की मजबूरी व विचार की लाचारी

***आजकल*** निजी पारिवारिक जीवन और सार्वजनिक सामाजिक जीवन के तेजी से बदलते परिवेश में जिस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है वे भयावह हैं और निःसंदेह मनुष्य होने के मूल भाव को ही तिरस्कृत तथा अपमानित करने वाले जैसे लग रहे हैं। पिछले दिनों प्यार करना, लिव इन में रहना और फिर उसी प्रियजन की बर्बर हत्या की घटनाएं देश के कई कोनों से आईं। ऐसे ही पत्नी द्वारा प्रेमी की सहायता से पति की जान लेने जैसी भयानक वारदात की खबरें भी आती रही हैं। दुष्कर्म में व्यक्ति और समूह के स्तर पर लिप्त होने की भी घटनाएँ बढ़ रही हैं। ये सभी अंधे-अधूरे स्वार्थ के लिए रिश्तों की गहराती टूटन और आपसी भरोसे को कलंकित करने वाली घटनाएँ हैं। चिंता की बात यह है इस तरह की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वे बार-बार और जगह-जगह हो रही हैं। इन सबके बीच आज हमारा सामाजिक ताना-बाना असहज होता जा रहा है और उसमें गाँठें पड़ रही हैं। कुछ ऐसी ही स्थिति देश के सार्वजनिक जीवन में भी घटित होती दिख रही है। देश के अनेक क्षेत्रों में ऐसी घटनाएँ हो रही हैं जो दिल दहला देने वाली हैं। ज्यादा दिन नहीं हुए पश्चिम बंगाल से विभिन्न मौकों पर आहटें आ रही थीं कि किस तरह तात्कालिक राजनैतिक हित की खातिर द्वेष की आग में लोग झुलस रहे थे। ऐसे ही जंगलराज की ओर वापसी की खबरें बिहार से भी आ रही थीं। छत्तीसगढ़ में भी इस तरह की घटनाएँ हो रही थीं। प्रकट राजनैतिक हित के आगे सामाजिक सद्भाव, आपसी समझदारी और भरोसा बनाये रखने की जरूरत को भरसक नजर अन्दाज किया जाता रहा है। पूर्वोत्तर भारत के कला-संस्कृति से सम्पन्न 'मणिपुर' में हुई ताजी हिंसा और दुराचार की अमानवीय घटनाओं की जो जानकारी सामने आ रही है वह समाज और सरकार दोनों में गहरे पैठी जड़ता, अविश्वास और घोर निष्क्रियता को उजागर कर रही है। इस घटना की जितनी भी निंदा और भर्त्सना की जाय वह कम होगी । इन जटिल परिस्थितियों के बीच मणिपुर की कानून व्यवस्था चरमरा गई और आम जनों में भय और दहशत की स्थिति व्याप्त होती गई। गौरतलब है कि मैतेयी और कुकी दोनों समुदायों की अस्मिता (या पहचान) और उससे जुड़े हितों को न समझना और उपेक्षा करना खतरनाक साबित हुआ। नये ज्ञान-विज्ञान, उद्योग, बाजार और तकनीक से लैस करती आधुनिकता की सबसे बड़ी सौगात अकेली अपनी अस्मिता का आविष्कार करना है। इसके असर में मनुष्य अब अधिकाधिक अस्मिताजीवी होता जा रहा है और एक जैसी अस्मिताएँ यदि आपस में जोड़ती हैं तो दूसरे समुदायों या 'गैर' से तोड़ती भी हैं। हम अपने समुदाय को श्रेष्ठ और दूसरे को खराब साबित करने में जुट जाते हैं। इस दौड़ के अगले पड़ाव में दोनों अस्मिताओं वाले लोग एक दूसरे के दुश्मन होने लगते हैं। वे उन बड़ी (और शायद पुरानी पड़ती) अस्मिताओं जैसे- मनुष्य होना या भारतीय होना को भूलने लगते हैं। बड़ी अस्मिताओं के साथ जुड़ना और अपने को पहचानना साझेदारी पर टिकी होती हैं और उनमें परस्पर निर्भरता और पूरकता का रिश्ता होता है। ऐसे में सहयोग तथा संवाद का जरिया बन जाता है पर अलग और खास होती अस्मिताएँ तकरार का कारण बनती हैं। मणिपुर की स्थिति निश्चय ही जटिल है और उसके कई कारण हैं। अस्मिताओं और उनसे जुड़ी आकांक्षाओं और प्रेरणाओं के साथ बगल के देश म्यांमार के साथ अंतरराष्ट्रीय आवागमन की व्यवस्था के (कु) प्रबंधन और नशीले पदार्थों की तस्करी की पृष्ठभूमि भी एक कारण है जो इस स्थिति को पैदा करने में सहायक हुई है। समय रहते इन सभी पक्षों पर ध्यान न देने की नीति की परिणति अच्छी नहीं हुई और जो कुछ घटित हुआ वह सबको शर्मसार करने वाला हो रहा है।

■ **गिरीश्वर मिश्र**

# विदेशी छात्रों को आकर्षित करने से पहले भारतीय छात्रों का हल निकालें

***आइआइटी***, एनआइटी और आइआइएसईआर, आइआइएम, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जेएनयू, बीएचयू जैसे विश्वविद्यालयों में भले ही फीस कुछ कम है, लेकिन यहां तक पहुंचने की प्रक्रिया बहुत जटिल एवं प्रतिस्पधार्पूर्ण है। आजकल की शासन व्यवस्थाएं लोक कल्याणकारी एवं संवेदनशील न होकर आर्थिक एवं राजनीतिक प्रेरित होती जा रही हैं। शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी मूलभूल जरूरतों के लिये भी सरकारों का नजरिया अर्थ-प्रदान होता रहा है। स्वास्थ्य और शिक्षा के निजीकरण की हमें भारी कीमत चुकानी पड़ी है। विडम्बना देखिये कि देश के बच्चों को समुचित शिक्षा उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं और विदेशी बच्चों को उन्नत शिक्षा देने के लिये व्यापक प्रयत्न किये जा रहे हैं। विदेशी छात्रों के लिए सरकार ने एक नये पोर्टल 'स्टडी इन इंडिया' को लॉन्च किया है। इसके जरिये अंतरराष्ट्रीय छात्र-छात्राओं को देश के शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस पोर्टल की शुरूआत करते हुए इसे देश को शिक्षा के क्षेत्र में ब्रांड इंडिया की एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति स्थापित करने का माध्यम बताया है। निश्चित ही यह भारत की समृद्धि एवं विश्व प्रतिष्ठा की दृष्टि से एक अनूठा उपक्रम हो सकता है, लेकिन प्रश्न भारतीय छात्रों का है, उनकी शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का है। महंगी होती शिक्षा आम जनजीवन से दूर होती जा रही है, ऐसे में भारतीय छात्रों की सुध कौन लेगा? 'स्टडी इन इंडिया' राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 द्वारा निर्देशित है। यह भारत को पसंदीदा शिक्षा गंतव्य बनाने के साथ-साथ समृद्ध भविष्य को आकार देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लेकिन उच्च शिक्षा के वंचित भारतीय छात्रों के लिये यह किस तरह हितकारी एवं उपयोगी है? 'स्टडी इन इंडिया' वेबसाइट पर ग्रेजुएशन (यूजी), पोस्टग्रेजुएशन (पीजी), डॉक्टरेट लेवल के कार्यक्रमों के साथ-साथ योग, आयुर्वेद, शास्त्रीय कला सहित अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों की जानकारी देगा। इसमें शैक्षणिक सुविधाओं, रिसर्च हेल्प से संबंधित जानकारी के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। लेकिन यह सब विदेशी छात्रों के लिये होगा। देश में शिक्षा के स्तर के सुधार की दिशा में किये जा रहे प्रयासों के बीच इस हकीकत से भी मुंह नहीं मोड़ा जा सकता कि दुनिया के शीर्ष सौ उच्च शिक्षण संस्थानों में भारत से एक भी नाम नहीं है। आज भी सक्षम परिवारों की उच्च शिक्षा के लिए पहली पसंद विदेश के शिक्षण संस्थान बने हुए हैं। फिर किस तरह हम विदेशी छात्रों को आकर्षित करेंगे, अगर आकर्षित कर भी लिया तो क्या वह भारतीय छात्रों के साथ नाइंसाफी नहीं होगा? संसाधनों की कमी और बेहतर शिक्षकों के अभाव से जूझ रही भारत की उच्च शिक्षा 'स्टडी इन इंडिया' से क्या हासिल कर लेगी, एक बड़ा सवाल है। छात्रों की आत्महत्याएं बनती जा रही कोटा की दुखद हकीकत, निजी शिक्षण संस्थानों पर लगाम वाले विधेयक को ठंडे बस्ते में क्यों डाल दिया गया? शिक्षा और चिकित्सा को व्यवसाय बना देने एवं निजी हाथों में सौंप देने से ही दोनों महंगी हुई है, आम आदमी तक उसकी पहुंच जटिल होती गयी है। इस बात पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने चिन्ता जताते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही हर व्यक्ति की मूलभूत जरूरत है पर दोनों ही महंगी और दुर्लभ हो रही हैं। इसकी वजह जनसंख्या के मुताबिक उपलब्धता की कमी और व्यावसायिकता है।' जब हम देश के लोगों को ही समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं तो विदेशों के लिये दरवाजें खोलना एवं उन पर सरकार की बड़ी शक्ति का खर्च होना कैसे औचित्यपूर्ण हो सकता है? एक ऐसे देश में जहां वंचित समूह पहले से ही अपनी भावी पीढ़ी को शिक्षित बनाने के लिए कठिन परीक्षाओं के दौर से गुजर रहा हो, निजी स्कूलों व अस्पतालों की संवेदनहीनता एवं अर्थ लोलुपता से सामाजिक असंतोष एवं विद्रोह के स्वर उभरते रहे हैं। ऐसे हालातों में विदेशी छात्रों को उन्नत शिक्षा देने के अभियान में जुटना सरकार की मंशा पर एक सवालिया निशान है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम 2020 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखते थे। 14 अगस्त 2004 को भारत की आजादी के 57वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने भाषण में शिक्षा पर जोर देते हुए कहा था कि 'भारत अगले 16 वर्षों में विकसित राष्ट्र बनने की प्रक्रिया में है और शिक्षा के बिना यह संभव नहीं है। समृद्धि और विकास के लिए शिक्षा सबसे जरूरी तत्व है। शैक्षिक सुविधाओं तक हर व्यक्ति की पहुंच अत्यंत आवश्यक है। गांवों और गरीब परिवार के लिए शिक्षा आसानी से उपलब्ध नहीं है। भारत को अपने सकल घरेलू उत्पाद का छह-सात प्रतिशत तक शिक्षा पर खर्च करना चाहिए।' सरकारें शिक्षा पर खर्च तो कर रही है, लेकिन उसका लाभ गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों को कितना मिलता है, यह मंथन का विषय है। शिक्षा पर लंबे-लंबे भाषण देने वाले राजनेता, शिक्षाविद, अधिकारी और मंत्री भी देश की इन स्थितियों से परिचित हैं। बसों में मूंगफली बेचते हुए, स्टेशनों पर भीख मांगते हुए, चौराहों पर भुट्टा भूजते हुए, फैक्ट्रियों में बिसलरी की बोतलों में पानी भरते हुए, सड़क के किनारे टाट पर सब्जी बेचते या चाट का ढेला लगाते हुए इन बच्चों को कौन नहीं देखता है। ऐसा इन्हें क्यों करना पड़ता है? यह जानने की कोशिश कितने लोग करते हैं? नीति-नियंता लोग अपने निजी ड्राइवर, नौकर या कामवाली बाई की पारिवारिक स्थिति के बारे भी विचार कर लेते तो भी इस तरह की स्थितियों के बारे में बहुत कुछ आसानी से समझ लेते। कहीं-कहीं ये भी देखने को मिलता है कि जिन बच्चों की खिलौनों से खेलने की उम्र होती है वही बच्चे मेला, हाट-बाजार में खिलौना बेचते हुए मिलते हैं। किताबों से तो उनका दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं होता। फिर विकास के सुनहरे सपने उन्हें कैसे दिखाई दे सकता है? इन स्थितियों में कैसे नया भारत-सशक्त भारत आकार ले सकेगा? क्या 'स्टडी इन इंडिया' जैसी दूरगामी योजनाएं इन बच्चों के मुंह पर यह करारा तमाचा नहीं है? आइआइटी, एनआइटी और आइआइएसईआर, आइआइएम, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जेएनयू, बीएचयू जैसे विश्वविद्यालयों में भले ही फीस कुछ कम है, लेकिन यहां तक पहुंचने की प्रक्रिया बहुत जटिल एवं प्रतिस्पधार्पूर्ण है।

**आजकल की शासन व्यवस्थाएं लोक कल्याणकारी एवं संवेदनशील न होकर आर्थिक एवं राजनीतिक प्रेरित होती जा रही हैं। शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी मूलभूल जरूरतों के लिये भी सरकारों का नजरिया अर्थ-प्रदान होता रहा है। स्वास्थ्य और शिक्षा के निजीकरण की हमें भारी कीमत चुकानी पड़ी है।**

■ **ललित गर्ग**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## चंदवा को सूखा घोषित कर राहत कार्य शुरू करे सरकार : प्रमोद

# सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर निकाली रैली




**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कराने, जंगली हाथियों से ग्रामीणों को निजात दिलाने, हाल सर्वे में सुधार समेत अन्य मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के द्वारा रेलवे क्रॉसिंग से लेकर प्रखंड कार्यालय तक विशाल रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। प्रखंड कार्यालय के समीप पहुंच कर रैली सभा में तब्दील हो गई।

रैली का नेतृत्व किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार साहु, भाकपा अंचल सचिव अनिल कुमार, मो अलाउद्दीन संयुक्त रूप से कर रहे थे। रैली में शामिल किसान हाथों में झंडा लिये प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करो, हाल सर्वे में सुधार करो, जन वितरण प्रणाली में सुधार करो आदि नारे लगा रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए प्रमोद साहु ने कहा कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष औसत से कम वर्षा हुई है, जिसकी वजह से धन रोपनी का कार्य प्रभावित हुआ है। राज्य सरकार अविलंब चंदवा प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य शुरू करे। उन्होंने आगे कहा कि चंदवा प्रखंड का पूर्वी क्षेत्र जंगली हाथियों के आतंक से त्रस्त है। हाथियों ने अब तक कई निर्दोषों की जान भी ले चुके हैं और खेतीबारी को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। सभा को अनिल कुमार, मो अलाउद्दीन, इंदुभूषण रजक, सुरेश वासपती, राजकुमारी देवी, बाबूलाल गंझु, रामप्यारी देवी आदि ने भी संबोधित किया। रैली के माध्यम से किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम पांच सूत्री मांग पत्र प्रखंड कार्यालय को सौंपा गया है, जिसमें चंदवा प्रखंड को सुखाड़-अकाल क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य अविलंब शुरू करने, चंदवा पूर्वी क्षेत्र के हाथी प्रभावित गांव को जंगली हाथियो के आतंक से निजात दिलाने, प्रखंड में जन वितरण प्रणाली में सुधार करने, हाल सर्वे में हुई गड़बड़ी को दूर करने व प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में अविलंब पहुंच पथ का निर्माण करने की मांगें शामिल हैं।

## एनटीपीसी को मिला उत्तरी धाधू पूर्व कोल ब्लॉक

**बालूमाथ।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने कोल ब्लॉक लेने में सफलता हासिल की है। हाल ही में संपन्न कोयला ब्लॉक नीलामी में उत्तरी धाधू (पूर्व) कोयला ब्लॉक के लिए एनटीपीसी ने सर्वाधिक बोली लगाकर अपने नाम कर ली है। इसका खनन क्षेत्र बालूमाथ के धाधू में स्थित है। एनएमएल का कमर्शियल माइनिंग के लिए यह पहला कोल ब्लॉक होगा। एनएमएल के कोल ब्लॉक प्राप्त करने से पूर्व यह 2008-09 में दूसरी कंपनी को आवंटित हुई थी। कोयला घोटाला में नाम आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अधिकतर आवंटित कोल ब्लॉक को निरस्त कर दिया था। लंबी प्रक्रिया के बाद एनएमएल ने झारखंड में उत्तरी धाधू (पूर्व) कोयला ब्लॉक से कोयला निकालने का अधिकार सुरक्षित किया है। इस ब्लॉक में 439 मिलियन टन कोयले का भंडार है, जिसकी अधिकतम क्षमता 4 मिलियन टन कोयला उत्खनन प्रति वर्ष की है। ब्लॉक की सफल बोली लगाकर एनएमएल प्रगति पथ पर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

## छह माह तक के शिशु के लिए स्तनपान संपूर्ण आहार, व्यापक प्रचार-प्रसार करें

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** डीआरडीए के सभागार में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विश्व स्तनपान सप्ताह अंतर्गत जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा विश्व स्तनपान सप्ताह 1 अगस्त से 7 अगस्त तक चलाया जा रहा है। इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें और सभी माताओं को स्तनपान की महत्ता की जानकारी देकर जागरूक करें। छह माह तक के नवजात शिशु के लिए स्तनपान सम्पूर्ण आहार है। यह शिशु में रोग प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाता है। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनी कुमारी ने बताया कि पूर्ण स्तनपान के चार नियम पहला जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान, दूसरा छह माह तक सिर्फ और सिर्फ स्तनपान कराना (पानी भी नहीं), तीसरा छह माह के बाद स्तनपान के साथ ऊपरी आहार शुरू करना व चौथा कम से कम बच्चों को दो साल तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान कराना आवश्यक है। साथ ही निर्देशित किया कि चारो नियमों का व्यापक प्रचार प्रसार करें। इस मौके पर उप विकास आयुक्त द्वारा बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सहिया आदि उपस्थित थे।



### बीएड कॉलेज में मनाया गया स्तनपान सप्ताह

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप पंचायत स्थित अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में शनिवार को विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में लघु नाटक के माध्यम से स्तनपान के फायदे और नुकसान की जानकारी दी गई। मौके पर नर्सिंग एंड फामेर्सी के शिक्षिक, शिखा, निशा कुमारी, सपना कुमारी, वीणा कुमारी, गीता कुमारी, अनिमा, हमाद, किरण कुमारी, सुनील कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।



## कांग्रेसियों ने मनाया राहुल की सजा पर रोक का जश्न

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** मोदी सरनेम आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद रहे, राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह प्रखंड के कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल है। कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। वहीं इस दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू ने कहा यह सत्य की जीत हुई है। 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो नसीम अंसारी ने कहा कि भारत के लोकतंत्र और भारत की न्याय पद्धति पर हम कांग्रेसियों का भी पूरा भरोसा था। कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम ने कहा कि राहुल गांधी के सवालों से केंद्र सरकार डरी हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के पूछे गए सवालों का जवाब अभी तक केंद्र सरकार के पास नहीं है। इस दौरान मौके पर शिवानंद तिवारी, सुरेश मिश्रा, दुखन सिंह, प्रेम सिंह, समसुल अंसारी, रविंद्र राम,नाजमी अंसारी समेत कई कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**चंदवा।** मोदी सरनेम केस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने के फैसले का कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्वागत किया है। स्वागत करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी रामयश पाठक, मुकेश सिंह, हरि नंदन दुबे, मोफील खान, संजय दुबे, लखन जायसवाल, सेवादल जिला अध्यक्ष बाबर खान, निर्मल भारती, राम शर्मा, सरवर अंसारी, अरुण भारती, दामोदर उपाध्याय, बालजी उरांव, कैलाश बैठा, सागर प्रजापति, संतोष कुमार आदि शामिल हैं।

### आभार व्यक्त किया

**बारियातु।** राहुल गांधी की सजा पर गई रोक लगाने के लिये कांग्रेसियों ने शनिवार को कांग्रेस कार्यालय से सुप्रीम कोर्ट का अभार व्यक्त किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार, सुरेश उरांव, राजीव भगत, जगदीश उरांव, रामलाल, सुनील कुमार मो इम्तियाज, अहमद, राजेश संजय आदि शामिल रहे।

## झाविस ने फूंका रेल प्रशासन का पुतला

### टोरी जंक्शन पर यात्री सुविधाओं की मांग को लेकर किया प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत टोरी जंक्शन परिसर में शनिवार को झारखंड विकास समिति के द्वारा पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन व पुतला दहन किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष रवि कुमार डे ने कहा कि टोरी रेलवे स्टेशन सिर्फ राजस्व वसूली का अड्डा बन कर रह गया है। स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। पिछले कई वर्षों से फुट ओवरब्रिज समेत अन्य मांग को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद रेल प्रशासन अपने कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने स्टेशन के पूर्वी छोर पर रेलवे फाटक के पास बने अंडरपास को अभिलंब चालू करने, पूर्वी छोर पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण व पक्षिमी छोर पर स्थित फुट ब्रिज का विस्तार करने, टोरी जंक्शन में एंबुलेंस की व्यवस्था तथा रेलवे अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था बहाल किया करने समेत चंदवा शहर की ओर टिकट काउंटर खोलने की मांग की है। कार्यक्रम के उपरांत समिति के द्वारा रेल प्रशासन का पुतला दहन किया गया।

कार्यक्रम के अंत में झारखंड विकास समिति के बैनर तले उपस्थित लोगों ने टोरी जंक्शन के टीआई संजय कुमार व टोरी आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार को ग्यारह सुत्री ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मजदूर संघ के सतेंद्र प्रसाद यादव, चंदवा पक्षिमी पंसस नीलम देवी, महेंद्र उरांव दिनेश कुमार, संदीप टोप्पो,सूरज नाथ,रामवृक्ष प्रजापति, राम किशोर राम, संदीप कुमार, कैलाश कुमार सिंह, नौशाद खलीफा, अंकेश कुमार, बनवारी साहू, विश्वजीत श्रीवास्तव समेत कई लोग शामिल थे।

### लातेहार रेलवे स्टेशन का होगा पूर्ण विकास, आज पीएम करेंगे शिलान्यास

**लातेहार।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल 1309 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास (री-डेवलपमेंट) किया जायेगा। इस योजना के तहत लातेहार रेलवे स्टेशन का भी 24.5 करोड़ की लागत से पुनर्विकास का कार्य किया जायेगा। इसकी जानकारी सीनियर डीएफएम राहुल कुमार राय ने पत्रकार वार्ता कर दी जानकारी। राय ने बताया कि रविवार 6 अगस्त को पूर्वाह्न नौ बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास योजना का ऑनलाइन शिलान्यास किया जायेगा। लातेहार रेलवे स्टेशन में इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कहा कि इस दौरान कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। मौके पर अभय कुमार यातायात निरीक्षक, सुनील सागीत्रा एडीईएल लातेहार, स्टेशन प्रबन्धक बलवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

## पंक्चर बनाते वक्त टायर फटने से मिस्त्री की मौत

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय के साहू पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की रात पंक्चर बनाने व टायर में हवा भरने के दौरान टायर फटने से मिस्त्री की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार टायर मिस्त्री बालूमाथ स्थित साहू पेट्रोल पंप के समीप किराये के मकान में रहकर टायर रिपेयरिंग एवं पंक्चर बनाने का काम करता था। घटना के तुरंत बाद गंभीर हालत में स्थानीय लोगों ने टायर मिस्त्री को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बिहार के गया जिले के इमामगंज सलैया निवासी खलील खान, पिता इकबाल खान के रूप में की गयी है। टायर मिस्त्री की मौत की सूचना प्राप्त होते ही घर वालों में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने परिवार का अकेला कमाओ सदस्य था।

## सहारा निवेशकों का नहीं हो रहा भुगतान




### लोगों का आरोप : स्थानीय शाखा प्रबंधक व एजेंट नही कर रहे सहयोग, जमा राशि पाने के लिए हम भटक रहे हैं दर दर और वो कर रहे हैं देशाटन

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड** सहारा में निवेशकों को अभी तक रिफंड मिलना प्रारंभ नही हो पाया है, जिससे अपनी जिंदगी भर के गाढ़ी कमाई जमा करने वाले निवेशकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में सहारा में अपनी जिंदगी भर के गाढ़ी कमाई जमा करने वाले लोगों का कहना है कि सहारा के स्थानीय शाखा प्रबंधक विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, एजेंट जब्बार अंसारी, रामजी प्रसाद, दया किशोर, सुमन, हीरालाल, हजरत अंसारी, रविन्द्र ठाकुर आदि एजेंटों के कहने पर उन्होने अपनी जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई को लगा दिया। वहीं जमा किए हुए कई वर्ष गुजर गये हम पैसे के अभाव में दर दर ठोकर खा रहे हैं। वहीं शाखा प्रबंधक एवं एजेंट करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर मौज कर रहे हैं। हमें उनके द्वारा कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है। शाखा प्रबंधक एवं एजेंट कार्यालय में बहुत ही कम बैठते हैं। कार्यालय भी ससमय नहीं खुलता है। केंद्र सरकार के सूचना अनुसार निवेशकों को पहली किस्त जारी कर दी गयी है, लेकिन महुआडांड के एक भी निवेशकों को भुगतान नहीं हुआ है। वहीं इस संबंध में सहारा के स्थानीय शाखा प्रबंधक बिरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि अभी पेमेंट शुरू नहीं हुआ है। जब शुरू होगा तो निवशकों को दिलाया जायेगा।

## डीसी से आरओबी निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग



**चंदवा।** कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष बाबर खान जिले के नव नियुक्त डीसी हिमांशु मोहन से मिलकर उन्हें शुभकामनायं देते हुए प्रखंड के बहुप्रतीक्षित टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी (ओवरब्रिज) निर्माण की ओर ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने कहा कि इस सड़क मार्ग पर लाखों छोटे बड़े वाहनों का परिचालन होता है। इसके साथ ही इस रूट पर पैसेंजर ट्रेनों समेत गुड्स ट्रेनों का भी परिचालन बड़े पैमाने पर होता है, जिसकी वजह से अधिकतर समय रेलवे क्रॉसिंग बंद रहता है। जाम से हर कोई परेशान है। डीसी ने जल्द ही कोई रास्ता निकालने का आश्वासन दिया है।

## फसल चराने को लेकर हुयी मारपीट में चार गिरफ्तार

**प्रतापपुर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के मरका गांव निवासी मनवा देवी पति स्वर्गीय मनु यादव तथा नागेश्वरी देवी पति रामजी यादव के परिवार के बीच खेत में लगे फसल चराने को लेकर मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने अलग-अलग धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कांड का अनुसंधान किया। इसके बाद थाना प्रभारी लव कुमार नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापामारी कर कांड संख्या 111/23 के नामजद कैलू यादव, पिता रामजी यादव और रामकेशवर यादव पिता स्वर्गीय बद्री यादव व कांड संख्या 112/23 के नामजद मिथिलेश यादव पिता बैजनाथ यादव व संजय यादव पिता स्वर्गीय चमन यादव को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया।

## मनमानी : उत्क्रमित मवि इचाक के शिक्षक कर रहे हैं मौज

# समय से पहले बंद हो जाता है विद्यालय




**अजित यादव। कुंदा(चतरा)** सरकार एक तरफ जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों तक पहुंच सके इसके लिए करोड़ों खर्च कर रही है, वहीं दूसरी तरफ चतरा जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवादा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय इचाक के शिक्षक मौज की सैलरी उठाने में व्यस्त है।

आपको जानकर हैरानी होगी की इचाक विद्यालय में वर्तमान में तीन शिक्षक पदस्थापित हैं, उसके बावजूद निर्धारित समय से पहले विद्यालय बंद कर दिया जाता है। यहां तक की बिना विभागीय निर्देश के ही हल्की बारिश होने पर विद्यालय ही बंद कर दिया जाता है। विद्यालय बंद रहने के संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक एक या दो घंटे विद्यालय खोलने के बाद बच्चों की छुट्टी कर बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने के लिए विद्यालय के आस-पास बने रहते हैं। अब ऐसे में सवाल उठता है कि सरकार शिक्षकों को सिर्फ विद्यालय पहुंचने के लिए सैलरी देती है या बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए। यहां तक की विद्यालय में पढ़ने वाली आठवीं की छात्रा अपने प्रधानाध्यापक का नाम तक नहीं जानती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चों को क्या शिक्षा दी जा रही होगी।

इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक थामस टोपो से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि बारिश की वजह से समय से पहले विद्यालय बंद कर दिया गया। वहीं बीईओ कानन कुमार पात्रा ने बताया कि पूर्व में भी उक्त विद्यालय के शिक्षक द्वारा अनियमितता बरते जाने की सूचना प्राप्त हुई है, शिक्षक को सुधार हेतु निर्देश दिया गया था। उसके बावजूद विद्यालय में यदि जरूरी सुधार नहीं किया गया है तो करवाई हेतु प्रस्ताव जिला शिक्षा अधीक्षक को भेज दिया जाएगा।

## आईसीटी लैब से बैटरी की चोरी के आरोप में दो धरे

**बालूमाथ।** पुलिस ने आईसीटी लैब में हुई चोरी का उद्भेदन किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लातेहार कारा भेज दिया है। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि बीते 3 अगस्त को रात्रि में उत्क्रमित उच्च विद्यालय गणेशपुर आटीसी लैब से बैटरी चोरी का बालूमाथ थाना में कांड दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में आईसीटी लैब से चोरी के 6 बैटरी को बरामद किया गया है तथा दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसमें कमलेश यादव (19) पिता त्रिवेणी यादव ग्राम गणेशपुर टोला का कारीमाटी बालूमाथ, दूसरा जितेंद्र उरांव (18) पिता भुनेश्वर उरांव ग्राम गणेशपुर टोला कारीमाटी थाना बालूमाथ शामिल हैं।

## संक्षिप्त

### रेडक्रॉस के चुनाव से चार ने नाम वापस लिया

**लातेहार।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला इकाई लातेहार के जिला प्रबंध समिति के चुनाव में चार आवेदकों ने अपना नाम वापस ले लिया है। इसमें प्रमोद प्रसाद सिंह, सुशील कुमार अग्रवाल, पंकज कुमार सिंह व पवन गुप्ता शामिल हैं। ज्ञात हो कि कुल 36 प्रत्याशियो ने अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष नामांकन का पर्चा दाखिल किया थ,. लेकिन अब सरयु प्रसाद सिंह, डॉ हरि प्रसाद, राजमणी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रेम कुमार भगत, संतोष सिंह, जय कुमार सिंह, असीम कुमार बाग, शशि भूषण पांडेय, ज्वाला प्रसाद, राजेश चंद्र पांडेय, विनित कुमार मधुकर, योगेश्वर प्रसाद, उमाकांत प्रसाद, दिलिप कुमार, राजदेव प्रसाद, विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, नवीन कुमार सिन्हा, रविंद्र प्रसाद, विशाल भास्कर, मोहर सिंह यादव, विशाल चंद्र साहू, अमलेश कुमार सिंह, उदय भानु प्रताप, जावेद अख्तर, नवीन कुमार गुप्ता, ध्रमेंद्र कुमार जायसवाल, संतोष रंजन, मनोज कुमार गुप्ता, विकासकांत पाठक, शैलेश कुमार व रूपेश कुमार चुनाव मैदान में रह गये हैं। अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार ने बताया कि आम सभा एवं चुनाव 11 अगस्त को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर भवन में होगा, जबकि उसी दिन मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जायेगी।

### महान लक्ष्य का निर्धारण जरूरी : डॉ. सिस्टर

**महुआडांड़।** संत जेवियर महाविद्यालय में शनिवार को स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की थीम थी 'गोल सेटिंग'। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संत जेवियर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, पटना से मुख्य अतिथि के रूप में अंग्रेजी के प्रोफेसर एवं आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. सिस्टर ग्रेस और आइक्यूएसी. मेंबर मिस्टर पीयूष वर्मा उपस्थित थे। डॉ. सिस्टर ग्रेस ने कॉलेज के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। मिस्टर पीयूष वर्मा ने अपने जीवन के अनुभवों, विभिन्न कहानियों एवं कई उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया। अंत में डॉ. फादर समीर टोप्पो ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर प्राचार्य सिस्टर कैसलीन जूलियट, डॉ. समीर टोप्पो, डॉ. राजीव तिर्की, डॉ. प्यारी कुजुर आदि समेत अन्य गणमान्य प्रोफेसर उपस्थिति थे।

### स्कूल में मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता आयोजित

**लातेहार।** रेलवे स्टेशन स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम में सभी बहने उत्साह पूर्वक भाग लिया। शिशु वर्ग में प्रथम स्थान कुमारी रितिका, द्वितीय स्थान सोनाक्षी साहू एवं तृतीय स्थान नंदनी कुमारी प्राप्त की। बाल वर्ग में प्रथम स्थान आर्य नंदिनी द्वितीय स्थान शीतल साहू एवं तृतीय स्थान फिजा प्रवीण को प्राप्त हुआ। किशोर वर्ग में प्रथम स्थानअर्चना कुमारी द्वितीय स्थानअंशिका कुमारी? एवं तृतीय स्थान्रिया गुप्ता ने हासिल किया।

### सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार गंभीर

**इटखोरी(चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-चौपारण मुख्य मार्ग स्थित इटखोरी टूरिस्ट होटल के समीप एक मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। घायल व्यक्ति की पहचान धूप नारायण सिंह के पुत्र राकेश सिंह के रूप में की गई।

### बिजली तार की चपेट में आने से गाय की मौत

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत हलमता पंचायत के साल्वे गांव में शनिवार सुबह बिजली प्रवाहित तार के चपेट में एक गाय आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस संबंध में पीड़ित किसान नंदू यादव ने इटखोरी थाना में आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि 11000 बोल्ट का तार और एल्टी टकराने के बाद एल्टी लाइन में बिजली प्रवाहित हो रहा था, जिसके कारण गाय पोल से तकरीबन 6-7 फीट की दूरी पर बंधे होने के बाबजूद जमीन भीगा होने के कारण करंट प्रवाहित हो गया जिससे गाय की मौत हो गई।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गाय की मौत

**इटखोरी(चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पितीज कलाली चौक स्थित गुड्डू गुप्ता के घर के समीप बीते देर रात अज्ञात हाईवा वाहन के चपेट में आने से एक अज्ञात गाय की घटनास्थल पर मौत हो गयी। शनिवार सुबह 10 बजे तक मृतक गाय रोड पर पड़ी रही। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मृतक गाय को सड़क से हटवाने या मिट्टी देने की पहल नहीं की। वहीं इसकी सूचना डॉ. विक्रम साव व पिंटू विश्वकर्मा को हुई तो दोनों ने चंदा इकट्ठा कर जेसीबी मशीन के सहयोग से पास के जंगल में लेजाकर मृतक गाय को दफनाया। इस कार्य में निर्मल दांगी, गुड्डू गुप्ता, मोहन साव आदि ने सहयोग किया।

### कस्तूरबा स्कूल में हुयी अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के उपस्थित में किया गया। बैठक में अभिभावकों से बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील करते हुए डीईओ ने कहा छात्राओं के लिए सारी सुविधाएं बहाल की जा रही हैं। अलग-अलग बेड की व्यवस्था करने के साथ भोजन के लिए डायनिंग टेबल की व्यवस्था होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### राष्ट्रपति ने प्रगति मैदान में पुस्तकालय महोत्सव 2023 का किया उद्घाटन

# सूचना-संचार प्रौद्योगिकी से पुस्तकालयों का स्वरूप बदल रहा है : द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रयोग से पुस्तकालयों का स्वरूप बदल रहा है। वे और अधिक सुलभ होते जा रहे हैं। राष्ट्रपति शनिवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में पुस्तकालय महोत्सव 2023 का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रही थीं। दो दिवसीय महोत्सव, संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह भारत में पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण पर चर्चा के लिए



दुनिया भर के प्रतिष्ठित पुस्तकालयों पर प्रकाश डालेगा। पुस्तकालय महोत्सव को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि पुस्तकों और पुस्तकालयों के महत्व पर जितनी भी चर्चा की जाए वह कम है। पाण्डुलिपियों के संरक्षण तथा पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और डिज़िटाइजेशन के प्रयास बहुत महत्वपूर्ण हैं। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग से पुस्तकालयों का स्वरूप बदल रहा है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालयों का विकास, समाज और संस्कृति के विकास से जुड़ा होता है। यह सभ्यताओं और संस्कृतियों की उन्नति का पैमाना भी होता है। पुस्तकालय से जुड़े निर्माण और ध्वंस, दोनों तरह के उदाहरण हमारे देश के प्राचीन शिक्षा केंद्र नालंदा में देखे गए हैं। राष्ट्रपति ने पुस्तकालयों को ड्राइंग रूम और समुदाय का अध्ययन के रूप में लोकप्रिय बनाए जाने की जरूरत पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि पुस्तकालय, सामाजिक सम्मिलन का केंद्र भी बनें और स्वाध्याय तथा चिंतन का भी। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे स्वाधीनता संग्राम के महानायकों ने तमाम संघर्षों और संकटों के बावजूद पुस्तकों के पठन-पाठन और लेखन पर जोर दिया था। रस्किन जॉन की एक छोटी सी पुस्तक ने महात्मा गांधी की जीवनधारा को बदल दिया।

# विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को लेकर भाजपा कर रही विचार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 3 अगस्त को बिहार एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' को 'घमंडिया' बोलते हुए जमकर निशाना साधा था। पीएम मोदी ने कहा था कि उन्हें लगातार इस तरह के सुझाव मिल रहे हैं कि विपक्ष के गठबंधन का नाम इंडिया नहीं घमंडिया होना चाहिए। इससे एक दिन पहले 2 अगस्त को दक्षिण भारत के तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह एवं लक्षद्वीप के एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन पर



तीखा निशाना साधते हुए विपक्षी दलों के गठबंधन को 'यूपीए प्लस' कह कर संबोधित किया था। दरअसल, भाजपा ने जुलाई महीने के आखिरी दिनों में एक रणनीति के तौर पर यह फैसला किया था कि पार्टी विपक्षी दलों के गठबंधन को 'इंडिया' नहीं बल्कि 'यूपीए' के नाम से ही संबोधित करेगी। ताकि यूपीए नाम का बार-बार जिक्र कर देश के आम जनमानस को यूपीए सरकार के भ्रष्टाचार और घोटाले की लगातार याद दिलाई जाए। हालांकि अब पार्टी सूत्रों की तरफ से यह बताया जा रहा है कि पार्टी इंडिया गठबंधन के लिए घमंडिया नाम का इस्तेमाल करने और इस नाम को लेकर बाकायदा एक अभियान चलाने पर भी गंभीरता से विचार कर रही है। यह अभी विचार-विमर्श के दौर पर ही है और इस शब्द को लेकर देशव्यापी अभियान चलाने को लेकर अभी अंतिम फैसला किया जाना बाकी है। लेकिन, आने वाले दिनों में पार्टी नेता ज्यादा से ज्यादा इस शब्द का इस्तेमाल विपक्षी गठबंधन के लिए करते जरूर नजर आएंगे।

# मोदी सरकार ने प्राथमिकता पर रखा है ओडिशा का विकास : अमित शाह

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने ओडिशा के विकास को प्राथमिकता पर रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में कहा था कि जब तक देश के पूर्वी हिस्से का विकास नहीं होता, तब तक देश का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता है। शाह ने शनिवार को भुवनेश्वर में 761 करोड़ रुपये की लागत से कामाख्यानगर-दुबुरी खंड के चार लेन के चौड़ीकरण का लोकार्पण और 34 करोड़ रुपये की लागत से मोटेर से बनेर तक लाडुगांव से होकर जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का



शिलान्यास करते हुए कहा कि आज यहां कामाख्यानगर-दुबुरी खंड के चार लेन के चौड़ीकरण का काम राष्ट्र को समर्पित हुआ है। 51 किलोमीटर लंबे खंड पर हुए इस कार्य पर 761 करोड़ रुपये की लागत आई है। यह राजमार्ग ओडिशा के खनिज समृद्ध अंगुल और ढेनकनाल जिलों को राज्य के बाकी हिस्सों और नेशनल हाइवे के माध्यम से देश के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण होगा। गृह मंत्री शाह ने कहा कि ओडिशा में विकास हो सके, इसके लिए केन्द्र सरकार ने राज्य का बजट बढ़ाने का काम किया है। पिछली सरकार ने ओडिशा के विकास पर ध्यान नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि केन्द्र में जो पहले की सरकार थी उसने राज्य के विकास के लिए 1,14,000 करोड़ रुपये दिए जबकि मोदी सरकार ने 4,57,000 करोड़ रुपये देने का काम किया है। इसके अलावा कुल आवंटन को 3 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 18 लाख करोड़ करने का काम किया।

## महबूबा मुफ्ती और पीडीपी के अन्य नेता नजरबंद

**श्रीनगर।** अनुच्छेद 370 निरस्त होने की वर्षगांठ पर कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने पूर्व महबूबा मुफ्ती व पीडीपी के अन्य नेताओं को नजरबंद कर दिया है। पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने की वर्षगांठ के विरोध में शांतिपूर्ण कार्यक्रम को लेकर अनुमति मांगी थी लेकिन जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की अनुमति न देते हुए एहतियातन पीडीपी नेताओं को नजरबंद कर दिया है। अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने को शनिवार को पूरे चार साल बीत गए हैं। पीडीपी ने 5 अगस्त को पीडीपी मुख्यालय श्रीनगर के सामने शेर-ए-कश्मीर पार्क में एक शांतिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट श्रीनगर से उचित अनुमति मांगी थी।

### ज्ञानवापी में दूसरे दिन के सर्वे में हिन्दू पक्ष का तहखाने से मूर्तियों के अवशेष मिलने का दावा

# सर्वे में मुस्लिम पक्ष कर रहा पूरा सहयोग

**आरएनएम। वाराणसी**

ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे में दूसरे दिन मां श्रृंगार गौरी मुकदमे की वादिनी चार महिलाओं के अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि नंदी के सामने जो व्यास जी का तहखाना है, वहां से मूर्तियों के अवशेष मिले हैं। हिंदू पक्ष की पैरोकार सीता साहू ने कहा है कि 'एक मूर्ति मिली है। माप लिया गया है। घास साफ करके मूर्ति निकाली गई है। एएसआई की टीम अपना काम कर रही है। हिंदू पक्ष की वादिनी राखी सिंह के अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी ने बताया कि आज मुस्लिम पक्ष पूरा सहयोग कर रहा है। मस्जिद का ताला खुलने के बाद पूरे परिसर का एएसआई की टीम बारीकी से निरीक्षण कर रही है। फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी का काम आज ज्ञानवापी के अंदर किया जा रहा है। एक-एक बात रिकॉर्ड में दर्ज की जा रही है। नंदी जी के सामने के तहखाने



में गंदगी थी। एएसआई के कहने पर उसकी सफाई कराई जा रही है। एक मशीन के माध्यम से ज्ञानवापी परिसर की थ्री-डी इमेजिंग की जा रही है। ज्ञानवापी के अंदर-बाहर, ऊपर-नीचे हर जगह एएसआई के विशेषज्ञ दोनों पक्षों की मौजूदगी में आ-जा रहे हैं। दोनों पक्षों के सहयोग से सर्वे सही तरीके से आगे बढ़ रहा है। सर्वे के दौरान हिंदू मुस्लिम पक्ष से 16 लोगों को मौजूद रहने की इजाजत दी गई है। इन सभी के पास जिलाधिकारी वाराणसी का पत्र पहुंचा था। ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के लिए एएसआई की 61 सदस्यीय टीम के 53 सदस्य मौजूद रहे। एएसआई की टीम सीढ़ी लेकर भी ज्ञानवापी में गई। मस्जिद का ताला खोला गया लेकिन तहखाना अभी भी बंद है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि आज से मैं भी इस सर्वे में भाग लूंगा। एएसआई की टीम सर्वे के दौरान कई बातों का पता लगाएगी। ढांचे के नीचे क्या है और उम्र का भी पता लगाएगी। क्या ये औरंगजेब के समय का है या पहले का। इन सब बातों का खुलासा होगा।मस्जिद के केयरटेकर एजाज अहमद ने मस्जिद का ताला खोला, जिससे एसआई की टीम ने मस्जिद के अंदर प्रवेश किया। वजू खाने को छोड़कर मस्जिद के अंदर भी सर्वे हुआ।

## शिवसेना विपक्ष की प्रस्तावित बैठक की करेगी मेजबानी

**एजेंसी। मुंबई**


शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी यहां विपक्षी गठबंधन इंडिया की 31 अगस्त और एक सितंबर को प्रस्तावित तीसरी बैठक की मेजबानी करेगी। इस सिलसिले में शनिवार को यहां महा विकास आघाडी (एमवीए) की बैठक के बाद राउत ने संवाददाताओं से कहा कि शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकर यहां बैठक में शामिल हो रहे पांच मुख्यमंत्रियों समेत विपक्षी नेताओं को 31 अगस्त को भोज देंगे। उन्होंने बताया कि मुंबई के उपनगरीय क्षेत्र स्थित ग्रांड हयात होटल में 31 अगस्त की शाम को बैठक होगी, जबकि अगले दिन सुबह 10 बजे से ही बैठक शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन होगा। राउत ने कहा कि एमवीए नेता बैठक में हिस्सा लेने के लिए मुंबई पहुंच रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विभिन्न विपक्षी नेताओं की सुरक्षा और अन्य सहयोग के वास्ते राज्य सरकार से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा, आज बैठक में शामिल हुए एमवीए नेताओं ने यह सुनिश्चित करने का निश्चय किया कि पटना और बेंगलुरु की तरह ही यहां इंडिया की बैठक सफल रहे। हमने इस दो-दिवसीय बैठक की तैयारियों के लिए हरेक नेता को उनकी जिम्मेदारी सौंपी है।

### कंजंक्टिवाइटिस का प्रसार

# चिकित्सकों ने स्टेरॉयड आई ड्रॉप के अतार्किक उपयोग के प्रति चेताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में कंजंक्टिवाइटिस और आई फ्लू के मामलों में वृद्धि के बीच चिकित्सकों ने स्टेरॉयड आई ड्रॉप के अतार्किक उपयोग के खिलाफ चेताया है और कहा है कि इससे अस्थायी राहत मिल सकती है लेकिन लंबे समय में यह अधिक नुकसान पहुंचा सकता है। दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल के एक वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. जे.एस. भल्ला ने कहा कि बीमारी का शीघ्र पता लगाना और



उचित उपचार बीमारी के समाधान की कुंजी है और यह अनुपचारित कंजंक्टिवाइटिस के संभावित हानिकारक प्रभावों या संचरण को कम करने में मददगार साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान संक्रामक रोग कंजंक्टिवाइटिस एक निश्चित समय में खुद ठीक होने वाली बीमारी है और सभी मामलों में एंटीबायोटिक उपचार की आवश्यकता नहीं होती है। डॉ. भल्ला ने बताया कि नेत्र संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए हाथ और चेहरे की स्वच्छता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हालांकि, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि उपचार दिशानिर्देश स्टेरॉयड आई ड्रॉप के उपयोग में सावधानी बरतने का सुझाव देते हैं क्योंकि इससे संभावित रूप से संक्रमण लंबा खींच सकता हैं।




## 'शिव शक्ति' के जरिए नई पीढ़ी को सही संदेश देना चाहता हूं: सिद्धार्थ

**शो** 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' के क्रिएटर और प्रोड्यूसर सिद्धार्थ कुमार तिवारी का कहना है कि वह चाहते हैं कि कहानी नई पीढ़ी को सही संदेश दे, और उन्हें हमारी जड़ों को समझने में मदद करे। शो में भगवान शिव और देवी सती की पहली प्रेम कहानी का शानदार चित्रण किया गया है। जबकि प्रेम की पौराणिक कहानी ने दर्शकों को प्रेरित किया है और उनके विश्वास की पुष्टि की है, यह उनके लिए सती दहन के मार्मिक क्षण को देखने का समय है। सती दहान के सार को पकड़ना इसकी तीव्र भावनाओं के कारण शो के निमार्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। हालांकि, उनका समर्पण और कलात्मकता प्रेम और बलिदान की उस गाथा को जीवंत करने का वादा करती है जिसने इतिहास की दिशा बदल दी। आगामी कहानी में सती के पिता दक्ष एक महायज्ञ के दौरान शिव और सती को छोड़कर सभी महान देवताओं को आमंत्रित करते हैं।



## नुसरत भरूचा की फिल्म 'अकेली' का ट्रेलर रिलीज

**बॉलीवुड** अभिनेत्री नुसरत भरूचा की आने वाली फिल्म अकेली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रणय मेश्राम के निर्देशन में बनी फिल्म 'अकेली' इराक के सिविल वॉर में फंसी एक भारतीय लड़की की कहानी पर आधारित है। यह लड़की इराक में 2014 में चल रहे सिविल वॉर में फंस जाती है और वहां से निकलर अपनी जान बचाने की हर संभव कोशिश करती है। फिल्म में नुसरत के साथ लीड रोल में इजराइली अभिनेता त्साही हलेवी और आमिर बोट्रॉस नजर आयेंगे। ट्रेलर की शुरूआत में इराक में हाथों में बंदूक लिए नकाबपोश लोग दिखते हैं। इसके बाद नुसरत की बैकस्टोरी दिखाई गई है कि कैसे वो इराक पहुंचती हैं। नुसरत पंजाब के एक छोटे से शहर की रहने वाली लड़की है जिसे इराक के मोसुल में जॉब मिलती है।



## 'चंद्रमुखी 2' से कंगना रनौत का नया लुक जारी, दिखा शाही अंदाज

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अपकमिंग फिल्म 'चंद्रमुखी 2' से अपने नए लुक को शेयर किया, जिसमें उन्होंने गोल्डन टच के साथ ग्रीन कलर की साड़ी पहनी हुई है। नए लुक पोस्टर में कंगना अपने प्रभावशाली और आत्मविश्वासी लुक के साथ भव्यता की आभा देते हुए भारी आभूषणों से भी सजी हुई हैं। यह 2005 की फिल्म 'चंद्रमुखी' का सीक्वल है और इसका निर्देशन भी पी. वासु करेंगे। लाइका प्रोडक्शंस




ने अपने एक्स अकाउंट पर, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, कहा, खूबसूरती और पोज, जो शिद्दत से हमारा ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। पेश है 'चंद्रमुखी-2' से चंद्रमुखी के रूप में कंगना रनौत का आकर्षक, प्रभावशाली और भव्यता से भरा पहला लुक। फिल्म गणेश चतुर्थी पर तमिल, हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जा रहा है। 'चंद्रमुखी 2' में, कंगना राजा के दरबार में शाही नर्तकी का किरदार निभाएंगी, जो अपनी सुंदरता और नृत्य कौशल के लिए जानी जाती है।

### विकास — ब्रॉडबैंड से जुड़ेंगे देश के 6.4 लाख गांव

# मंत्रिमंडल ने किए 1.39 लाख करोड़ रुपये मंजूर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतनेट परियोजना के अंतर्गत 6.4 लाख गांवों को ब्रॉडबैंक संपर्क से जोड़ने के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल भारतनेट परियोजना के अंतर्गत 1.94 लाख गांवों को जोड़ा जा चुका है और शेष गांवों को ढाई साल में जोड़ने की संभावना है। एक सूत्र ने कहा, मंत्रिमंडल ने शुक्रवार शाम को हुई बैठक में देश के सभी गांवों में ऑप्टिकल फाइबर आधारित कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए 1,39,579 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। अंतिम छोर तक संपर्क बीएसएनएल की शाखा भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) ग्राम स्तरीय उद्यम (वीएलई) के साथ मिलकर उपलब्ध कराएगी। सूत्रों ने बताया,



स्थानीय उद्यमियों की मदद से फाइबर को घर-घर पहुंचाने के मॉडल को एक प्रायोगिक परियोजना के सफल समापन के बाद अंतिम रूप दिया गया। इस परियोजना के तहत घरों को जोड़ने के लिए आवश्यक उपकरण और अतिरिक्त फाइबर बीबीएनएल द्वारा प्रदान किए जाते हैं, और स्थानीय उद्यमियों को नेटवर्क के रखरखाव का काम सौंपा गया है। एक सूत्र ने कहा, लगभग 60,000 गांवों के लिए चलाई गई प्रायोगिक परियोजना में लगभग 3,800 उद्यमी शामिल थे, जिन्होंने 3.51 लाख ब्रॉडबैंड कनेक्शन उपलब्ध कराए। प्रति घर औसत डेटा खपत प्रति माह 175 गीगाबाइट दर्ज की गई है। यह परियोजना बीबीएनएल और वीएलई के बीच 50 प्रतिशत राजस्व-साझाकरण के आधार पर शुरू की जा रही है, और मासिक ब्रॉडबैंड योजना की कीमत 399 रुपये से शुरू होती है। सूत्रों के अनुसार, देशभर में ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) की 37 लाख रूट किलोमीटर (आरकेएम) फैली हुई है, जिसमें से बीबीएनएल ने 7.7 आरकेएम बिछाई है।

### आजसू ने जलाया झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक की प्रति

# इस विधेयक से युवाओं का नहीं होगा भला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 की प्रति जलाकर युवाओं के विरोधी बनने वाले काले कानून का का विरोध किया। आजसू के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने इस विधेयक को युवाओं लिए काला कानून बनाते हुए कहा कि सरकार खुद इस विधेयक को नकल करके बनाई है और इसके जरिए नकल रोकने का दम भर रही है। इस विधेयक में मुख्य रूप से 03 बिंदुओं पर आजसू को आपत्ति है। इस तीनों बिंदुओं के आधार पर सरकार ने युवाओं के आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। इस विधेयक में किसी भी व्यक्ति को शिकायत करने या अनियमितता की सूचना देने के अधिकार से वंचित रखने की तैयारी की गई है। यह हमारे



संवैधानिक अधिकारों का हनन है। अगर कोई व्यक्ति किसी भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत करता है या विरोध करता है तो सरकार ऐसा मान कर कि उक्त व्यक्ति के द्वारा परीक्षा से संबंधी भ्रामक प्रचार किया जा रहा है के कारण दंडित करने का प्रावधान नीतिपूर्ण नही है। आजसू के विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक शुक्ला ने कहा कि हमारी पार्टी के विधायकों ने उक्त विधेयक में आवश्यक संशोधन की आवाज सदन में भी उठाई थी। सरकार अगर सकारात्मक विचार रखती तो हमारे जनप्रतिनिधियों के संशोधन के प्रस्ताव पर विचार करते हुए गहनता से विचार करती, मगर सरकार ने ऐसा ना कर अपने तानाशाही रवैए को उजागर किया है। झारखंड का युवा इस तानाशाह सरकार के काले कानून को कतही बर्दास्त नही करेगी। आजसू के दीपक ने कहा कि परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक या परीक्षा से जुड़े अधिकारी या कर्मचारी को यह विधेयक यह अधिकार देता है कि वो किसी भी परिक्षार्थी के करियर को पल भर में बर्बाद कर सकता है। सरकार भी जांच के बजाय ऐसा छोटे से छोटे नोंक झोंक या अन्य सामान्य रूप से परीक्षा केंद्र में हो रही परेशानियों या विरोध के आवाज को भी अपराध के श्रेणी में रख रही है जो निंदनीय है। आजसू के राहुल तिवारी ने कहा कि अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) इस काले विधेयक का तब तक विरोध करेगी जबतक की इसपर संशोधन ना किया जाए। आजसू के युवा इस विधेयक के दुष्प्रभावों को लेकर युवाओं के बीच जनजागरण चायेंगे ओर इस आंदोलन को वृहद रूप से नेतृत्व देने का काम करेंगे।

## आरपीएफ ने शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने में रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब में रॉयल स्टैग कंपनी का 750 एमएल का पांच, मैक डबल्स 375 एमएल का 14,इंपीरियल ब्लू 375 एम एल का एक,रॉयल चैलेंजर्स 750 एमएल का एक,स्ट्रॉन्ग किक बीयर 12 पीस बरामद किया गया। मामले में धुरी महतो को गिरफ्तार किया है। वह बिहार के नालंदा का रहने वाला है। वह ट्रेन संख्या ट्रेन नंबर 18624 में सवार था। एसआई सचिन कुमार ने शनिवार को बताया कि शराब को जब्त किया गया और एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग रांची को जब्त शराब और गिरफ्तार आरोपित को सौंप दिया गया।

### नागरमल मोदी सेवा सदन में स्तनपान सप्ताह का हुआ आयोजन

# 'बच्चों के लिए स्तनपान जरूरी'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नागरमल मोदी सेवा सदन में दिनांक 01 से 07 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसके तहत ओपीडी एवं अस्पताल में आने वाले महिलाओं में स्तनपान को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया। डॉ. सुनीता कात्यायन ने इस अभियान महिलाओं को बच्चों के प्रति बताया कि स्तनपान बच्चों के लिए कितना जरूरी है, इस पर मां को काफी ध्यान देने की जरूरत है। नागरमल गोदी सेवा सदन में विश्व स्तनपान दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को सदन के धौना तल्ला स्थित सभाकक्ष में इस वर्ष की विश्व स्तनपान दिवस की विषय वस्तु-स्तनपान के महत्व से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक सफलता पूर्वक सदन की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता कात्यायन सदन की डायटिशियन स्वेता जायसवाल द्वारा सम्पन्न कराया गया तथा इस कार्यक्रम में प्रतिभागी माता-पिता एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्तनपान से संबंधित जानकारी हासिल की। कार्यक्रम में लगभग 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सदन की उपाध्यक्ष रेखा जैन एवं सहायक सचिव विजय शंकर साहू के साथ -साथ सदन की नर्सिंग सुपरीटेंडेंट सरबजीत कौर, डीएचए नीतू शर्मा के साथ अन्य कर्मचारी भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। यह जानकारी सदन के सदस्य आलोक तुलस्यान, पेटमेन अवलोकन एवं संदर्धन द्वारा दिया गया।

## चुनाव में सीएम का जनता लेगी हिसाब : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों को शनिवार को ट्विटर के जरिये एक संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव नजदीक आ रहा है। इसलिए संभव है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कहर बरपाएं। भाजपा नेताओं-कार्यकताओं, समर्थकों और सहयोगियों के खिलाफ षड्यंत्र रचे जा सकते हैं। उनका सरकारी दमन हो सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारियों की मदद एवं मंत्रणा से रोज षड्यंत्र एवं साजिश रचने की जानकारी मिल रही है। बाबूलाल ने कहा कि सत्ता के टूल की तरह इस्तेमाल हो रहे ऐसे षड्यंत्रकारियों के मंसूबे पर हमारी पैनी नजर है। सरकारी लठैत गिरोह की तरह काम कर रहे कुछ लोगों की ऐसी किसी भी साजिशपूर्ण कार्रवाई एवं गैर-कानूनी कदम उठाने वालों को हम आम जनता की मदद से बेनकाब करेंगे और कानून से उन्हें सजा दिलायेंगे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर की बैठक

# अधिकारियों को दिये निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आज दिनांक 05 अगस्त 2023 को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक यातायात सह ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, रांची एच.बी. जमां, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), अपर समाहर्ता रांची, जिला नजारत उपसमाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य



प्रमंडल, रांची सहित अन्य संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी और सफल संचलान को लेकर विचार-विमर्श करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी पर विचार विमर्श करते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 को आगन्तुकों के लिए मैदान के दायीं और बायीं ओर वाटरप्रूफ पण्डाल/गैलरी/कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण एवं बैरिकेटिंग, स्टेज एवं साउंड बॉक्स के लिए टॉवर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निदेश दिये। जिला नजारत उपसमाहर्त्ता को मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, आयोजन स्थल के मुख्य मंच एवं आमंत्रित अतिथिगणों के बैठने की व्यवस्था आदि से संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची को विद्युत व्यवस्था एवं साउण्ड प्रूफ जेनरेटर की व्यवस्था को लेकर अंतिम रुप से तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया। कार्यक्रम स्थल में पेयजल आपूर्ति, वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था, परेड पूर्वाभ्यास में भाग लेने वाले कैडेटों के लिए मोरहाबादी मैदान में अस्थायी शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पेय जल एवं स्वच्छता विभाग वितरण प्रमण्डल गोंदा को उपायुक्त ने दिया।

## झारखंड की महिला पुलिसकर्मियों ने बढ़ाया देश का मान

**रांची।** झारखंड की महिला पुलिसकर्मियों ने कनाडा के विन्नीपेग शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में भारत का मान बढ़ाया है। पावरलिफ्टिंग में झारखंड पुलिस से सेवानिवृत (ऐच्छिक) बेला घोष और सुजाता भगत ने दो गोल्ड समेत तीन मेडल जीते हैं। बेला घोष ने पावरलिफ्टिंग के बेंच प्रेस और पुश पूल स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता जबकि सुजाता भगत ने पुश पूल इवेंट के सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। सुजाता भगत ने बताया कि लेट वीजा के कारण बेंच प्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पायी। इससे पहले झारखंड पुलिस के सिपाही संतोष कुमार बोबेंगा ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में दो गोल्ड मेडल जीता था।

## जिलाआबकारी टीम ने की छापामारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अवैध शराब अड्डों के खिलाफ जिला आबकारी टीम की कार्रवाई जारी है। आज लगातार दूसरे दिन उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए टीम ने कई लीटर शराब जब्त करते हुए इसमें संलिप्त लोगों को गिरफ्तार भी किया।

**02 लोग गिरफ्तार, 140 लीटर अवैध शराब और 3.9 लीटर बीयर जब्त :** जिला आबकारी टीम ने शनिवार को जगन्नाथपुर, धुर्वा, भुसूर, लोवाडीह के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की। कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि 140 लीटर अवैध शराब और 3.9 लीटर बीयर जब्त किया



गया। आपको बतायें कि कल रांची एयरपोर्ट के पीछे चंदाघासी ग्राम में अवैध तरीके से चल रहे अड्डे को ध्वस्त करते हुए जिला आबकारी टीम ने 800 किलोग्राम जावा महुआ और 140 लीटर चुलाई शराब जब्त किया था। साथ ही उत्पाद अधिनियम के तहत संचालक पर एफआईआर दर्ज की गयी है। यह रैकेट अवैध तरीके से महुआ हड़िया निर्माण कर गरीब आदिवासी महिलाओं से बिक्री कराता था।

# झारखंड राज्य स्टेट अवाड्र्स समारोह 11 अगस्त को आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य स्टेट अवाड्र्स के बारे में जानकारी देते हुए इस समारोह के चयन समिति के चेयरमैन शेखर बोस ने बताया कि अवाड्र्स के लिए सभी तैयारियां पुर्ण हो चुकी है और विभिन्न चरणों में हुई बैठकों चयन पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि ये अवार्ड इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त खेल जिनको झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है के सभी वर्गों के इंटरनेशनल / नेशनल चैंपियनशिप सत्र 2022-23 और नेशनल गेम्स गुजरात में पदक विजेता खिलाड़ियों को दिए जाएंगे। इसके अलावे झारखंड अवाड्र्स के विभिन्न वर्गों के अवार्ड



(लाइफटाइम अवार्ड को छोड़कर) सत्र 2022-23 के प्रदर्शन के आधार पर दिए जाएंगे।

चार वर्गों में खिलाड़ी होंगे सन्मानित-11 अगस्त को अपराह्न 1 बजे से आरके आनंद बॉल्स ग्रीन में आयोजित किये जा रहे इस समारोह में खिलाड़ी निम्न वर्गों में सम्मानित किए जाएंगेः

स्टेट अवाड्र्स : विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ये स्टेट अवाड्र्स दिए जाएंगे।

इंटरनेशनल मेडलिस्टः सत्र 2022-23 के पदक विजेता खिलाड़ी इस कैटेगरी में सम्मानित होंगे।

नेशनल गेम्स मेडलिस्टः गुजरात नेशनल गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ी इस वर्ग में सम्मानित होंगे।

नेशनल मेडलिस्टः इस कैटेगरी में 2022-23 सत्र के पदक विजेता खिलाड़ी सम्मानित होंगे। इसकी जानकारी देते हुए अवार्ड सेरेमनी के चेयरमैन शेखर बोस ने बताया कि इन विभिन्न वर्गों के सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों की सूची सम्बन्धित संघो को जारी की जा रही है।

# जदयू झारखंड में बेहतर करने के आसार : चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिहार सरकार के मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी ने कहा कि झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने राज्यभर का दौरा किया। इस बार जदयू झारखंड में बेहतर कर सकती है। इस दौरे के क्रम में जिलाध्यक्ष और प्रवक्ता का नाम तय किया गया। इसकी घोषणा छह अगस्त रविवार को होगी। चौधरी शनिवार को राजकीय अतिथिशाला में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन झारखंड के पांचों प्रमंडल का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि नवंबर माह में बिहार के मुख्यमंत्री और पार्टी के नेता नीतीश कुमार का रांची में कार्यक्रम रखा जायेगा। चौधरी ने कहा कि बिहार के 40 और झारखंड के 14 लोकसभा सीटों सहित 54 पर महागठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की दावेदारी जीत की है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय स्थानीय नीति को लेकर संगठन की जो राय बनेगी, उसको चुनावी घोषणा पत्र में रखा जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधान पार्षद और झारखंड जदयू के सह प्रभारी विजय कुमार सिंह, बेलहर विधायक मनोज यादव, प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो, पार्टी के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, प्रवक्ता सागर कुमार, डॉ विनय भरत समेत अन्य नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पृष्ठ एक का शेष

**पलामू में पॉक्सो एक्ट के...**

मॉनिटरिंग की जा रही है। पलामू जोन में दुष्कर्म और यौन शोषण के कई मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। कई मामलों में आरोपी पीड़ितों के करीबी हैं, जबकि कई मामलों में आरोपी उनके मित्र हैं. पॉक्सो से जुड़ी हुई धाराओं में अब तक पुलिस 90 प्रतिशत आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

**अपराधी व उनको शरण देने...**

भू-माफिया की संख्या है। इनमें 24 का प्रोफाइल तैयार किया गया है। इसके अलावा 12 आपराधिक गैंग के 119 शातिर अपराधियों में 64 का प्रोफाइल तैयार किया गया है। शेष की सत्यापन की जा रही है। उन्होंने बताया कि रांची जिले में आर्म्स एक्ट के 268 आरोपितों का सत्यापन किया गया है जबकि सीसीए के तहत तीन, जिला बदर के लिए तीन, थाना हाजिरी के लिए 14, सर्विलांस प्रोसिडिंग के लिए 17 लोगों के प्रस्ताव भेजे गये है। साथ ही एंटी क्राइम चेकिंग प्रत्येक दिन में तीन बार स्थान और समय बदलकर चलाया जा रहा है। वार्ता के दौरान डीआईजी रांची अनुप बिरथरे और एसटीएस के एसपी सुरेन्द्र कुमार झा मौजूद थे।

**झारखंड के सीाी विवि राजभवन...**

उसकी समीक्षा की गयी, जिसमें इसकी पुष्टि भी हुई है। इसलिए अब विश्वविद्यालय ने हर माह क्या खर्च किया है, इसकी विस्तृत जानकारी देनी पड़ेगी। प्रधान सचिव ने इसके लिए प्रत्येक माह की पांच तारीख निश्चित की है। अबसे हर महीने का जो भी खर्च रहा है उसकी पूरी जानकारी अगले महीने की पांच तारीख को देनी पड़ेगी।

**झारखंड पुलिस ने आईसी 4 की...**

झारखंड सीआईडी की टीम ने बिना देरी किए इंडियन साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर यानी आईसी4 की मदद से अपने पुलिस अफसरों को ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है, ताकि क्रिप्टोकरंसी के जरिए संभावित ठगी के खतरों से निपटा जा सके। झारखंड सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि हमारे यहां दो ही मामले आए हैं लेकिन दोनों ही बेहद गंभीर हैं। ऐसे में पुलिसकर्मियों को इस प्रस्तुति से निपटने में निपुण होना होगा। सीआईडी डीजी के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड पुलिस ने तुरंत केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन काम करने वाले आईसी4 से मदद मांगी और उन्होंने तुरंत एक टीम भेज कर झारखंड पुलिस के अफसर को ट्रेंड करना शुरू कर दिया है। झारखंड साइबर क्राइम ब्रांच के एसपी, डीएसपी ,सहित करीब 40 अफसर क्रिप्टो करेंसी के जरिए किस तरह से ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है ,इसकी जांच कैसे की जाएगी और अगर बड़ी ठगी के मामले सामने आ जाते हैं तो उसमें किन-किन एजेंसियों से मदद लेनी है इसकी ट्रेनिंग ले रहे हैं।

**इंडियन एक्सचेंज के जरिए निवेश ही सुरक्षित :** जितेंद्र सिंह के अनुसार किसी भी तरह का साइबर केस क्यों ना हो सब के पीछे केवल लालच ही होता है क्रिप्टो करेंसी में भी यही स्थिति है लेकिन क्रिप्टो करेंसी के जरिए ठगी के पैसे गलत हाथों में जा रहे हैं जो बेहद चिंता का विषय है। क्रिप्टो करेंसी में हो रही ठगी से बचने का एकमात्र उपाय है लालच छोड़ना और निवेश के लिए इंडियन एक्सचेंज का प्रयोग करना। इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है जिससे क्रिप्टो करेंसी में चल रही ठगी से बच सकते हैं।

**जांच भी बेहद मुश्किल :** क्रिप्टो करेंसी के जरिए चल रही ठगी का धंधा देशभर में फैल चुका है। इसके लिए अब कई एजेंसियों को मिलकर साथ काम करना पड़ रहा है ताकि इस पर ब्रेक किया लगाया जा सके। इसके मनी ट्रेल को पता करना भी बेहद मुश्किल भरा काम है।

**आईसी 4 के अफसर दे...**

ठगे जा रहे हैं। जिटल करेंसी के रूप में क्रिप्टो इस्तेमाल आम लोगों के द्वारा बिना सोचे समझे किया जा रहा है। जिसके बाद डिजिटल करेंसी के जरिए जल्द से जल्द अमीर बनने की चाहत रखने वालों को साइबर अपराधियों ने टारगेट करना शुरू कर दिया। एसीपी जितेंद्र सिंह के अनुसार स्थिति भयावह हो चुकी है हमारे पड़ोस के कई ऐसे देश हैं जो सिर्फ और सिर्फ डिजिटल करेंसी के जरिए लोगों को अमीर बनने का लालच देकर करोड़ों रुपए ठगी कर रहे हैं।

**आकार ले रहा मंदिर का भव्य...**

के दर्शन पूजन की व्यवस्था में मंदिर के चारों तरफ परकोटे का निर्माण कार्य भी बेहद तेज गति से चल रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा अपने सोशल मीडिया पेज पर अपलोड की गई तस्वीरों में फर्स्ट फ्लोर की छत का निर्माण कार्य और परकोटे के निर्माण कार्य की प्रगति को दशार्या गया। बता दें कि अभी तक ग्राउंड फ्लोर पर भगवान रामलला के गर्भ गृह से लेकर परिक्रमा पथ और मंडप का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके बाद अब मंदिर के प्रथम तल पर निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। ग्राउंड फ्लोर पर फिनिशिंग का काम करने के साथ ही दरवाजे लगाने का काम भी तेज गति से चल रहा है। इसके लिए दक्षिण भारत से आए विशेष काष्ठ कलाकार और महाराष्ट्र के चंद्रपुर से आई लकड़ियों के जरिए दरवाजे बनाए जा रहे हैं।राम मंदिर के गर्भगृह में श्वेत संगमरमर के खंभे व नक्काशीदार दीवार बनाई गई है। ग्राउंड फ्लोर पर ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस तल के ढांचे के निर्माण के बाद अब उसके खंभों पर देवताओं की मूर्तियों को उकेरने के साथ फर्श और बिजली की सजावट का काम होना है। इसके साथ ही मंदिर के पहले तल का निर्माण भी बहुत तेजी के साथ चल रहा है। इस तल पर राम दरबार की स्थापना होनी है। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार अगले साल यानी जनवरी 2024 में मंदिर के गर्भ गृह में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। अगले साल श्रद्धालुओं को विश्व के सबसे दिव्य और भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन हो सकेंगे। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की नई तस्वीरें सामने आई हैं। पहले फ्लोर के निर्माण कार्य की है।

मंदिर के बाहर 8 एकड़ में परकोटा बनाया जा रहा है। जिसका आयताकार 800 गुने 800 मीटर का बताया जा रहा है। गर्भगृह के बाहर मंडप की नक्काशी की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया, साल 2024 में मकर संक्रांति के बाद शुभ मुहूर्त पर प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद भक्त भगवान का दर्शन कर सकेंगे। पहली चैत्र राम नवमी पर सूर्य की किरण भगवान के ललाट पर पड़ेगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है।

राम लला के सामने 300 से 400 लोग आकर एक साथ दर्शन कर सकते है। ये मंदिर पूरी तरह से खास है। 500 सालों की प्रतीक्षा के बाद मंदिर का निर्माण हो रहा है।'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने बताया, ' ग्राउंड फ्लोर में पांच मंडप है। मंडप राम मंदिर के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा। मुख्य मंडप से हमेशा भगवान की पताका फहराएगी।

**आस्था**

### श्री श्याम मंदिर में 73वें भंडारे का किया गया आयोजन

# प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने भागवान का लिया आशीर्वाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में यजमानश्री सुशील कटारुका आशा कटारुका सुमित माधुरी कटारूका तनिष्क गुड्डु कटारुका ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डु गोपाल शालिग्राम शिव परिवार हनुमानजी व गुरुजनों को भंडारे का भोग अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। कटारुका परिवार में पंखा डोला कर भोग स्वीकार करने का निवेदन किया। भोग लगे प्रसाद को कटारुका परिवार ने वृहद भंडारे में मिश्रित कर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारा प्रसाद खिला कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

73वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद में भेजिटेबल पुलाव केसरिया जलेबी आलू चना कद्दू की मिश्रित सब्जी गुलाब का शरबत का प्रसाद मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में बनाया गया



था। भंडारे के वितरण का समय होते-होते मंदिर सहित हरमू रोड खाटू नरेश की जयघोष से गूंजने लगा। श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गई। श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच सुशील आशा कटारुका सुमित माधुरी कटारूका सुरेश सरावगी ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया। लगभग 3400 से ज्यादा लोगों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया' श्रवण ढांढनिया, सुशील कटारुका, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनौली, अनुज मोदी, अमित सरावगी, आशीष डालमिया, राजीव रंजन मित्तल, सुमित कटारुका, राजेश चौधरी, अन्नपूर्णा सरावगी, रमा सरावगी, कमल विष्णोइ, कौशल चौधरी, संतोष पोद्दार, पवन केडिया अमित महतो झूलन मुंडा तरुण शर्मा सुकरा उरांव उपेंद्र पांडे मनीष वर्मा नकुल मुंडा अभिषेक गुप्ता संजय शर्मा अमित महतो कविता मित्तल जिज्ञासा नारसरिया स्नेहा पोद्दार अभिषेक सरावगी रतन शर्मा सहित 90 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

### शिवमहापुराण का व्याख्यान का पांचवां सोपान प्रारम्भ

# शिव की भक्ति से सभी कष्टों का निवारण होता : स्वामी जी महाराज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर के सुसज्जित प्रांगण में श्री श्याम मण्डल द्वारा आयोजित महाशिवपुराण यज्ञ के पंचम दिवस शिव भक्तों का उत्साह एवम उमंग चरम पर था। अपराह्न 4 बजे स्वामी परिपूर्णानन्द जी के व्यास पीठ पर विराजमान होने के पश्चात परम्परागत पूजन-वंदन होने के पश्चात स्वामी जी के श्रीमुख से शिवमहापुराण का व्याख्यान का पांचवां सोपान प्रारम्भ किया। स्वामी जी के कहा की शिव अविनाशी है-पूर्ण साकार एवम निराकार-सम्पूर्ण सृष्टि के रचिता हैं। शिव की अनुग्रह लीला का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने कहा की वर्षा की बूंद कमल के फूल पर गिरते ही अनुपम छ्टा बिखेरती है, सिप के मुख में गिरते ही मोती बन जाती है और सर्प के सिर पर गिरते ही विष बन जाती



है, इसी प्रकार शिवमहापुराण कथा अत्यंत पावन है जिसको प्रेमपूर्वक सुनने वाले हर प्राणी का लोक-परलोक सुधर जाता है और वो शिवलोक को प्राप्त करता है-स्वामी जी आगे व्यख्तान में कहा शिव सगुण अगुण और आदि हैं शिव पूजन से रोग, दुख, दरिद्रता, पाप, इत्यादि सभी तरह के भौतिक कष्टों का निवारण होता है और चित आनन्द, उत्साह एवम प्रसन्नता से खिल उठता है। शिव महिमन श्रोत सभी श्रोतों में अति उत्तम श्रोत है-हर प्राणी को सैदेव इसका गायन करना चाहिए।

# ज्योति याराजी ने नये राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता कांस्य



**एजेंसी। चेंगदू**

भारत की ज्योति याराजी ने शुक्रवार को यहां एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 12.78 सेकेंड का समय लेकर एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता। आठ महिला खिलाड़ियों के फाइनल में, ज्योति ने 2022 नेशनल ओपन चैंपियनशिप में बनाए गए 12.82 सेकेंड के अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को 0.04 सेकेंड से बेहतर कर लिया। मौजूदा एशियाई चैंपियन ने इससे पहले हीट और सेमीफाइनल में क्रमशः 13.12 और 13.05 सेकेंड का समय लिया था। स्लोवाकिया के विक्टोरिया फोर्स्टर ने 12.72 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन के वू यान्नी ने 12.76 सेकेंड के साथ रजत पदक जीता। 23 वर्षीय ज्योति इस आयोजन के लिए निर्धारित पेरिस 2024 ओलंपिक क्वालीफाइंग मानक 12.77 सेकेंड से बराबरी करने से बस थोड़ी ही दूर थी। इस बीच, राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता तेजस्विन शंकर पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में पदक जीतने में असफल रहे। दूसरी ओर, अमलान बोगोर्हेन ने पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारतीय धावक ने सीजन का सर्वश्रेष्ठ 20.55 का समय निकाला, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल 0.03 सेकेंड कम था, वह दक्षिण अफ्रीका के इसाडोर त्सेबो मात्सोसो (20.36) और जापान के युदाई निशि (20.46) से पीछे रहे। इससे पहले दिन में, भारत की तमिलरासन सत्या 3.60 क्लीयरेंस के साथ महिला पोल वॉल्ट में सातवें स्थान पर रहीं।

## पीएम ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय महिला तीरंदाजी टीम को दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला तीरंदाजी टीम को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, भारत के लिए यह गर्व का क्षण है क्योंकि हमारी असाधारण कंपाउंड महिला टीम ने बर्लिन में आयोजित विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। हमारे चैंपियंस को बधाई! उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण यह उत्कृष्ट परिणाम आया है। बता दें कि ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शुक्रवार को जर्मनी के बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में मैक्सिकन टीम डैफने क्विंटेरो, एना सोफिया हर्नांडेज जियोन और एंड्रिया बेसेरा को 235-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह किसी भी वर्ग में तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण था।

## खड़गे ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप जीतने पर भारतीय महिला तीरंदाजी टीम को दी बधाई



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रचने के लिए भारतीय महिला तीरंदाजी टीम को शनिवार को बधाई दी और कहा कि भारत को उनकी उपलब्धि पर गर्व है। एक ट्वीट में, खड़गे, जो राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं, ने कहा, हमारी महिला टीम ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में इतिहास रचा। वी. ज्योति सुरेखा, अदिति स्वामी और परनीत कौर की दुर्जेय तिकड़ी को बहुत-बहुत बधाई जिन्होंने खिताब जीता। भारत के लिए पहला स्वर्ण, भारत को आपकी उपलब्धि पर गर्व है और हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। उनकी यह प्रतिक्रिया ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की भारतीय महिला कंपाउंड टीम द्वारा शुक्रवार को जर्मनी के बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक जीतने के एक दिन बाद आई है। यह किसी भी वर्ग में तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण था। भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में मैक्सिकन टीम डैफने क्विंटेरो, एना सोफिया हर्नांडेज जियोन और एंड्रिया बेसेरा को 235-229 से हराया।

# प्रमोद, सुकांत 4 देशों के पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में



**एजेंसी। नई दिल्ली**

शीर्ष शटलर प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने 4 देशों के पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूनामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। प्रमोद भगत ने सभी श्रेणियों में जबकि सुकांत कदम ने दो श्रेणियों में सेमीफाइनल में जगह बनाई है। पद्मश्री विजेता ने क्वार्टर फाइनल में भारत के नेहल गुप्ता को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। 44 मिनट का मैच काफी कड़ा रहा और स्कोर 21-18, 21-18 रहा। अब सेमीफाइनल में प्रमोद का मुकाबला भारत के कुमार नितेश से होगा। विश्व पुरुष युगल में प्रमोद और सुकांत की नंबर 1 जोड़ी ने अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है, अब उनका मुकाबला भारत के कुमार नितेश और तरूण से होगा। मिश्रित युगल में, प्रमोद और मनीषा रामदास ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के लुकास मजूर और फॉस्टीन नोएल को सीधे गेमों में हराया। फ्रांसीसी जोड़ी ने कभी भी भारतीय जोड़ी को चुनौती नहीं दी और अंतिम स्कोरलाइन 21-17, 21-14 रही। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला भारत की मानसी जोशी और रूथिक रघुपति से होगा। दूसरी ओर, सुकांत कदम ने क्वार्टर फाइनल में भारत के तरूण को कड़े मुकाबले में हराया। उनका मैच 3 गेमों तक चला और दोनों खिलाड़ियों ने अपना सब कुछ झोंक दिया, लेकिन सुकांत उस समय धैर्य बनाए रखने में कामयाब रहे जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता था।

पहला गेम सुकांत ने 23-21 के स्कोर के साथ जीता, दूसरे गेम में तरूण ने जोरदार वापसी करते हुए इसे 21-14 से जीत लिया, अंतिम गेम में सुकान्त के पास तरूण के सभी सवालों के जवाब थे और उन्होंने अंतिम गेम 21-14 से जीत लिया।

## NEWS इन ब्रीफ

### स्विट्जरलैंड पर 5-1 की जीत के साथ स्पेन पहली बार क्वार्टर फाइनल में



**ऑकलैंड।** एताना बोनमाटी के शानदार प्रदर्शन से स्पेन ने शनिवार को यहां स्विट्जरलैंड को 5-1 से हराकर अपने इतिहास में पहली बार फीफा महिला विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में बोनमाटी का शुरूआती ओपनर लिया कोडिना के आत्मघाती गोल के कारण रद्द हो गया, लेकिन अल्बा रेडोंडो ने स्पेन की बढ़त बहाल कर दी और बोनमाटी ने फिर से गोल करके स्कोर 3-1 कर दिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कोडिना ने ब्रेक से पहले अपनी टीम के लिए चौथा गोल करके अपनी गलती की भरपाई की और जेनिफर हर्मोसो ने 43,217 प्रशंसकों के सामने दूसरे हाफ में स्कोर 5-1 कर दिया,

### अर्जेंटीना के मिडफील्डर सोलारी एटलस में शामिल



**मेक्सिको सिटी।** एटलस ने मुफ्त ट्रांसफर पर अर्जेंटीना के मिडफील्डर अगस्टो सोलारी के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है। मेक्सिको के शीर्ष क्लब ने यह जानकारी दी है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सोलारी, जो पिछले महीने स्पेन के सेल्टा विगो से अलग हो गए थे, एक अनुबंध पर सहमत हुए जो कथित तौर पर जुलाई 2025 तक चलेगा। 31 वर्षीय एटलस के लिए छठे ग्रीष्मकालीन अनुबंध के रूप में हस्ताक्षर कर रहे हैं, जिसमें एडवर्ड एगुइरे, रिवाल्डो लोजानो, माटेओ गार्सिया, जोर्डी कैसिडो और जुआन मैनुअल जपाटा शामिल हैं।

### शेडोंग ने चीनी सुपर लीग में मीझोउ को 6-1 से रौंदा



**जिनान।** शेडोंग ताइशान ने चीनी सुपर लीग (सीएसएल) में घरेलू मैदान पर छह गोल करके मीझोउ हक्का को 6-1 से रौंद दिया, जबकि चेंगदू रोंगचेंग को किंगदाओ हैनियू ने 3-2 से हरा दिया। आखिरी दौर में बीजिंग गुओन पर जीत हासिल करने के बाद शेडोंग का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 16वें मिनट में मोइजेस के शॉट को राडे डुगालिक ने रोक दिया, फिर उन्होंने गेंद मारौने फेलैनी को दी, जिन्होंने अंततः गतिरोध तोड़ दिया।

## भारत द्विपक्षीय मीडिया अधिकार बोली के तहत होंगे अंतरराष्ट्रीय मैच

# भारत घरेलू मैदान पर 88 मैच खेलेगा 39 मैच ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के खिलाफ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत द्विपक्षीय मीडिया अधिकार बोली के तहत आने वाले लगभग आधे अंतरराष्ट्रीय मैच, जिनकी निविदा 2 अगस्त को जारी की गई थी, सितंबर 2023 से मार्च 2027 तक के चक्र में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाएंगे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, आगामी प्रसारण चक्र के तहत आने वाले मैचों में भारत को घरेलू मैदान पर 88 मैच खेलने हैं, जिनमें से 39 मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ होंगे। भारतीय मीडिया अधिकार प्रसारण चक्र, जिसमें घरेलू कैलेंडर भी शामिल है, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ मैचों के साथ शुरू होता है - इस साल सितंबर में तीन वनडे और नवंबर में पांच टी20। तीन वनडे मैच 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले 2023 पुरुष वनडे विश्व कप से पहले हैं, जबकि पांच टी20 मैच 19 नवंबर को मेगा इवेंट के समापन के बाद होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया जनवरी-मार्च 2027 में पांच टेस्ट मैचों के लिए भारत आएगा, साथ ही उसी साल नवंबर-दिसंबर में तीन वनडे और पांच टी20 मैच भी खेलेगा। दूसरी ओर, इंग्लैंड 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच खेलने आएगा, जिसके आयोजन स्थल हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला हैं। वे 2025 के जनवरी और फरवरी में आठ सफेद गेंद मैचों - तीन एकदिवसीय और पांच टी 20 में भाग लेने के लिए 12 महीने बाद भारत लौटते हैं। प्रसारण चक्र 2028 के जनवरी से मार्च में इंग्लैंड द्वारा भारत में पांच टेस्ट खेलने के साथ समाप्त होता है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ मैचों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एक सकारात्मक पहलू है, और पूरे चक्र में उनका वितरण अच्छी तरह से प्रबंधित किया गया है। हालांकि, आठ ऑस्ट्रेलिया मैचों के समय के साथ चुनौती उत्पन्न होती है, जो कि विश्व कप से ठीक पहले या तुरंत बाद में होंगे। रिपोर्ट में बोली प्रक्रिया में शामिल एक ब्रॉडकास्टर के हवाले से कहा गया है, इन मैचों से कमाई करना चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है।



# घरेलू मीडिया अधिकारों से क्या एक अरब डॉलर पार करेगा बीसीसीआई?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड मार्च 2028 तक पांच साल के चक्र में भारत के 88 घरेलू मैचों के टीवी और डिजिटल अधिकार अलग अलग बेचकर एक अरब डॉलर (करीब 8200 करोड़ रुपए) का आंकड़ा पार कर सकता है। नये चक्र में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21 घरेलू मैच (पांच टेस्ट, छह वनडे और 10 टी20) और इंग्लैंड के खिलाफ 18 मैच (10 टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20) हैं। भारत को कुल 25 टेस्ट, 27 वनडे और 36 टी20 खेलने हैं। पिछले पांच साल के चक्र में (2018 से 2023) बीसीसीआई ने 94 करोड़ 40 लाख डॉलर (करीब 6138 करोड़ रुपए) स्टार इंडिया से हासिल किये जिसमें प्रति मैच 60 करोड़ रुपए (डिजिटल और टीवी) शामिल हैं। इस बार बीसीसीआई डिजिटल और टीवी अधिकारों के लिये अलग अलग बोलियां मंगवायेगा। आईपीएल के दौरान मीडिया अधिकारों से उसे 48390 करोड़ रुपए की कमाई हुई जिसमें डिजिटल अधिकार रिलायंस ने और टीवी अधिकार स्टार टीवी ने खरीदे थे। नीलामी की प्रक्रिया आईपीएल की तरह ही ई नीलामी के जरिये पूरी होगी। इस व्यवसाय से जुड़े एक प्रसारक का मानना है, अभी कोई आंकड़ा बताना मुश्किल होगा लेकिन पिछली बार की तुलना में डॉलर और रुपए का अनुपात भी बदल गया है। लेकिन डिजिटल अधिकारों के लिये टीवी अधिकारों से अधिक पैसा मिल सकता है। भारत के घरेलू मैचों के लिये डिजनी. स्टार, रिलायंस . वायकॉम प्रमुख दावेदार होंगे और जी बोली लगा सकता हैं अगर सितंबर के पहले सप्ताह में होने वाली नीलामी से पहले सोनी के साथ उसका विलय हो जाये।

# चेन्नईयिन एफसी ने किया मिडफील्डर राफेल क्रिवेलारो के साथ करार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चेन्नईयिन एफसी ने 2023-24 सीजन से पहले अपने तीसरे विदेशी हस्ताक्षर के रूप में ब्राजीलियाई मिडफील्डर राफेल क्रिवेलारो के साथ करार किया है। क्लब ने शनिवार को ट्वीट कर उक्त जानकारी दी। 34 वर्षीय खिलाड़ी 2022-23 सीजन का कुछ समय जमशेदपुर एफसी में बिताने के बाद चेन्नई में शामिल हो गए, जहां उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में 13 मैचों में दो गोल किये और चार में सहायता की। चेन्नईयिन ने इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई जॉर्डन मरे और स्कॉटलैंड के कॉनर शील्ड्स से के साथ पहले दो अंतरराष्ट्रीय अनुबंधों के रूप में करार किया था। 2020-21 में दो बार के आईएसएल चैंपियन की कप्तानी करने वाले क्रिवेलारो भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों के बीच एक लोकप्रिय नाम है। उन्होंने 2019-20 में सात गोल और आठ सहायता के साथ चेन्नईयिन को उपविजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशंसक ब्राजीलियाई स्टार से ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे होंगे जब वह नवनियुक्त मुख्य कोच ओवेन कॉयले के साथ फिर से जुड़ेंगे। क्रिवेलारो ने करार पर कहा मुझे एक बार फिर से नीली जर्सी पहनने पर बहुत गर्व है और मैं ओवेन कोयल के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं। मैं अपने सामने आने वाली चुनौती से अच्छी तरह वाकिफ हूं और मैं योग्य प्रशंसकों के लिए सब कुछ दूंगा।"क्रिवेलारो ने अपने चार सीजन लंबे आईएसएल करियर में अब तक 37 मैचों में आठ गोल किये हैं और 11 में सहायता दर्ज की है।



# इंग्लैंड की बैजबॉल शैली को महत्व नहीं देते हैं नाथन

**एजेंसी। सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने कहा कि वह अभी भी इंग्लैंड की बैजबॉल खेलने की शैली और टेस्ट क्रिकेट स्तर पर इसकी स्थिरता को महत्व नहीं देते हैं, उन्होंने पिंडली की चोट के कारण एशेज में अपना समय समाप्त होने से पहले उनके खिलाफ खेले गए दो मैचों का हवाला दिया। एशेज, जो 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई। मैं जानता हूं कि हर कोई बैजबॉल के बारे में बात करता रहता है, ईमानदारी से कहूं तो, मैंने वास्तव में उनके खिलाफ अपने दो टेस्ट मैचों में बैजबॉल नहीं देखा है। मैं बैजबॉल के खिलाफ अपने टेस्ट में 2-0 से आगे हूं... मैं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम और हमारे बल्लेबाजों को देखता हूं, उदाहरण के लिए डेविड वार्नर... मैंने उसे एक सत्र में शतक बनाते देखा है... और यह क्रिकेट में एक आक्रामक ब्रांड की भूमिका निभाना है। लियोन ने एसईएन रेडियो से कहा, अगर मैं आपके साथ ईमानदार रहूं तो मुझे लगता है कि बैजबॉल में बहुत सारा उतार-चढ़ाव है, और मुझे ऐसा लगता है कि अगर आप वैसे भी क्रिकेट का एक आक्रामक ब्रांड खेलने जा रहे हैं, तो यह ऊपर और नीचे जाने में सक्षम होने के बारे में है।" फिलहाल पिंडली की चोट से उबर रहे लियोन ने जोर देकर कहा कि उनका लक्ष्य 2027 एशेज खेलने के लिए इंग्लैंड वापस आना है। 2027 तक ऑस्ट्रेलिया का इंग्लैंड में एशेज न जीत पाने का रिकॉर्ड 27 साल का हो जाएगा और तब तक लियोन 39 साल के हो जाएंगे। मैं आपको एक बात बताता हूं, मैं निश्चित रूप से एशेज में वापस जाने के बारे में मजाक नहीं कर रहा हूं। मुझे ऐसा लगता है कि इस चोट के बाद, घर आकर और लोगों को तीन टेस्ट मैच खेलते हुए देखकर मुझे वास्तव में वहां वापस आने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया कि मैं फिर से क्रिकेट खेल रहा हूं।" खेल के प्रति मेरी भूख शायद एक नए स्तर पर पहुंच गई



## टूर्नामेंट कमिंस ने कलाई की हड्डी में फ्रैक्चर की आशंका के साथ ओवल टेस्ट खेला


# भारत दौरे से हो सकते हैं बाहर

**एजेंसी। सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस कलाई में चोट के साथ एशेज टेस्ट श्रृंखला का पांचवां मैच खेलने के कारण अगले महीने भारत के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर सकते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि अभी तक कमिंस की चोट का विवरण नहीं दिया है। कमिंस को अब दक्षिण अफ्रीका और भारत दौरे (तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला) पर टीम का नेतृत्व करना है। यह श्रृंखला एकदिवसीय विश्व कप से पहले 22 सितंबर से मोहाली में शुरू होगी।

'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' के अनुसार, इस मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि मेडिकल स्टाफ ने फ्रैक्चर की आशंका को खारिज नहीं किया है। पिछले हफ्ते ओवल में एशेज श्रृंखला की आखिरी टेस्ट के शुरूआती दिन इस तेज गेंदबाज की कलाई चोटिल हो गयी थी। उन्होंने कलाई पर पट्टी लगाकर इस मैच में खेलना जारी रखा था। चोट के कारण कमिंस की गेंदबाजी में कोई बाधा नहीं आई, लेकिन बल्लेबाजी करते समय वह परेशानी में दिखे। भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल सहित दो महीने में छह टेस्ट खेलने के बाद, कमिंस को कुछ समय की छुट्टी मिलने की उम्मीद हैं।

सीए (क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया) अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के आगामी सफेद गेंद मैचों के लिए टीम की घोषणा कर सकता है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका और भारत का दौरा भी शामिल है। कमिंस की अनुपस्थिति में मिशेल मार्श टीम की अगुवाई कर सकते है। यह ऑलराउंडर ऑस्ट्रेलिया का टी20 कप्तान बनने की भी दौड़ में भी है। स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने इस साल की शुरूआत में भारत में कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी। ऑस्ट्रेलिया को 30 अगस्त से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और पांच एकदिवसीय मैच खेलने हैं, जिसके बाद वे एकदिवसीय मैचों के लिए भारत की यात्रा करेंगे।



### सिल्वेस्टर स्टेलोन से प्रेरित होकर, प्रो पंजा लीग में मास्टर रेफरी हैं सर्जेई सोकोलोव



**नई दिल्ली।** अमेरिकी अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन की 1987 की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'ओवर द टॉप' याद है? यह फिल्म प्रतिस्पर्धी आर्म रेसलिंग की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है। स्टेलोन ने लिंकन हॉक, एक ट्रक ड्राइवर और पेशेवर आर्म रेसलर की मुख्य भूमिका निभाई है, और खेल से जुड़ी तकनीकों की तरफ ध्यान आकर्षित किया है।

